महाकवि-श्रीहर्षप्रणीतम्

# नैषध महाकाव्यम्

(तृतीय सर्ग)

[भूमिका, पूर्वाभास, अन्वय, शब्दार्थ, अनुवाद, जीवातु संस्कृत टीका, भावार्थ एवं व्याकरण से युक्त]



— सम्पादक एवं अनुवादक —
डॉ० रमेशचन्द जैन
एम० ए० पी-एच० डी, जैनदर्शनाचार्य, डी० लिट्०
[संस्कृत विभाग]
वर्द्धमान कॉलेज, बिजनौर

पीयूष भारती
जैन मन्दिर के पास,
बिजनौर, २४६७०१

प्रकाशक

पीयूष भारती
बिजनौर-२४६७०१



मुख्य वितरक
पूजा पब्लिशर्स (रजि०)
२ : ६, डा० मुखर्जी नगर, दिल्ली-११०००९

मुद्रक
स्वामी प्रेस
बिजनौर-२४६७०१

# प्राक्कथन

महाकवि श्री हर्ष कृत नैषधीयचरितम् अथवा नैषध महाकाव्यम् वृहत्त्रयी का अमूल्य रत्न है। इसमे २२ सर्ग हैं। प्रत्येक सर्ग मे १०० से अधिक पद्य हैं। १३ वें और १९ वें सर्ग को छोडकर, जिनमे क्रमश ५५ और ६६ पद्य हैं, बाकी सभी सर्ग बडे हैं। इनमे नल एव दमयन्ती सम्बन्धी कथा निबद्ध है। श्री हर्ष का पाण्डित्य इसमे पद पद पर द्योतित हुआ है। काव्यग्रन्थों मे जो आलङ्कारिक शैली पायी जाती है, उसका इसमे चरम परिपाक हुआ है। इसके गुणो से आकर्षित होकर प्राय प्रत्येक विश्व-विद्यालय के सस्कृत विभाग ने इसे पाठ्यक्रम मे न्यूनाधिक रूप मे अवश्य रखा है। अनेक विश्वविद्यालयो के पाठ्यक्रम मे तृतीय सर्ग भी निर्धारित है। अत छात्रों के लाभार्थ इसका प्रकाशन कराया जा रहा है। आशा है, छात्र लाभ लेंगे।

रमेशचन्द जैन

९ R

# परीक्षाओं में पूछे गए प्रश्न

प्र १—सस्कृत महाकाव्यो मे नैषधीय चरितम् का स्थान निर्धारित कीजिए।

प्र २—नैषधे पदलालित्य की व्याख्या कीजिए।

प्र ३—'नैषध विद्वदौषधम्' अथवा नैषधे पाण्डित्य से आप क्या समझते हैं ? स्पष्ट कीजिए ।

प्र. ४—निम्नलिखित कथन पर आलोचनात्मक निबन्ध लिखिए—

तावद् भा भारवेर्भाति यावन्माघस्य नोदय ।
उदिते नैषधे काव्ये क्व माघ क्व च भारवि ॥

प्र ५—श्री हर्ष की काव्यशैली पर एक निबन्ध लिखिए।

# भूमिका

'वाक्यं रसात्मकं काव्यं' —अर्थात् रसात्मक वाक्य ही काव्य है। यह शान्ति से परिपूर्ण क्षणों में लिखित कोमल शब्दों, मधुर कल्पनाओं एवम् उद्रेकमयी भावनाओं की समस्पृक् भाषा है। यह सहज रूप से तरंगित भावों का प्रकाशन है। दूसरे शब्दों में कहा जा सकता है कि काव्य भाषा के माध्यम से अनुभूति और कल्पना द्वारा जीवन का परिष्करण है[1]। संस्कृत का काव्य साहित्य बहुत विशाल और अनूठा है। इसके मुख्य दो भेद किये जाते हैं—(१) दृश्य काव्य और (२) श्रव्य काव्य। दृश्य काव्य के अन्तर्गत रूपक आता है। श्रव्यकाव्य के तीन तीन भेद हैं—(१) पद्य काव्य (२) गद्य काव्य और (३) चम्पू काव्य। पद्य काव्य तीन प्रकार का होता है—(१) महाकाव्य (२) खण्डकाव्य और (३) मुक्तक काव्य गद्य काव्य दो प्रकार का होता है—(१) कथा और (२) आख्यायिका।

महाकाव्य के लक्षण—महाकवि दण्डी ने काव्यादर्श में महाकाव्य का लक्षण निम्नलिखित रूप में दिया है—

> सर्गबद्धो महाकाव्यमुच्यते तस्य लक्षणम्।
> आशीर्नमस्क्रिया वस्तुनिर्देशो वाऽपि तन्मुखम्॥
> इतिहास कथोद्भूतमितरद्वा सदाश्रयम्।
> चतुर्वर्गफलोपेतं चतुरोदात्तनायकम्॥
> नगरार्णवशैलर्तु चन्द्रार्कोदयवर्णनैः।
> उद्यान सलिलक्रीडा मधुपानरतोत्सवैः॥
> विप्रलम्भैर्विवाहैश्च कुमारोदय वर्णनैः।
> मन्त्र–दूत प्रयाणाजि नायकाभ्युदयैरपि॥
> अलङ्कृतमसंक्षिप्तं रसभावनिरन्तरम्।
> सर्गैरनतिविस्तीर्णैः श्रव्यवृत्तैः सुसन्धिभिः।

---

१ डॉ नेमिचन्द्र शास्त्री संस्कृत काव्य के विकास में जैन कवियों का योगदान पृ १

सर्वत्रभिन्नवृत्तान्तैरुपेतं लोकरञ्जकम् ।
काव्यं कल्पान्तरस्थायि जायते सदलङ्कृति ॥

काव्यदर्श १/१४–१६

अर्थात् महाकाव्य का लक्षण सर्गबद्धता है । उसका प्रारम्भ आशीर्वाद, नमस्कार अथवा वस्तु निर्देश पूर्वक होता है । इसका कथानक इतिहास अथवा अन्य किसी उत्कृष्ट चरित्र पर आधारित होता है । यह धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष रूप चतुर्वर्ग के फल से युक्त होता है । इसका नायक चतुर और उदात्त होता है । यह नगर, समुद्र, पर्वत ऋतु, चन्द्रोदय, सूर्योदय, उद्यान क्रीड़ा, मद्यपान रतोत्सव विप्रलम्भ विवाह, कुमारोदय मन्त्रणा, दूतप्रेषण प्रयाण तथा नायक के अभ्युदय से अलङ्कृत होता है । यह अधिक संक्षिप्त नहीं होता है तथा रस और भाव से व्याप्त होता है । इसमें सर्ग न अधिक बड़े और न अधिक छोटे होने चाहिए । छन्द सुनने में सुखकर होना चाहिए तथा सुसन्धियाँ होना चाहिए । प्रत्येक सर्ग के अन्त में भिन्न छन्द होना चाहिए । सभी प्रकार अलङ्कृत लोकरञ्जक इस प्रकार का काव्य प्रलय काल पर्यन्त स्थायी होता है ।

नैषधीयचरितम् एक महाकाव्य —काव्यादर्श में दिए गए उपर्युक्त लक्षण नैषधीयचरितम् में प्राप्त होते हैं । इसमें २२ लम्बे-लम्बे सर्ग हैं तथा सम्पूर्ण पद्यों की संख्या २८३० है इसके नायक निषधदेश के अधिपति नल है । नल में धीरोदात्त नायक के सभी गुण विद्यमान हैं । नैषधीयचरितम् का प्रारम्भ वस्तु निर्देश पूर्वक होता है । यहाँ नल की कथा को अमृत से भी अधिक श्रेष्ठ माना है । इस महाकाव्य शृङ्गार रस की प्रधानता है तथा अन्य रस उसी के अङ्ग रूप में प्रस्तुत हुए हैं । प्रत्येक सर्ग में प्रायः एक ही छन्द का प्रयोग हुआ है । सर्ग के अन्त में भिन्न छन्द है । बारहवें सर्ग में विभिन्न छन्दों का प्रयोग हुआ है, जिसमें वसन्त छन्द की प्रमुखता है । इसमें नगर, समुद्र, पर्वत, ऋतु चन्द्रमा सूर्य, उद्यान क्रीड़ा, विवाह, रतोत्सव, मन्त्रणा, दूतप्रेषण, प्रयाण एवम् नायक के अभ्युदय का वर्णन है । इसकी कथावस्तु इतिहासिक है । इसमें मुख सन्धि, निर्वहण सन्धि आदि सन्धियों का निर्वाह हुआ है । इस प्रकार इसमें महाकाव्य के गुण पूर्णतया परिलक्षित होते हैं ।

नैषधीयचरितम् से पूर्व महाकाव्य की परम्परा —आदिकवि वाल्मीकि कृत रामायण संस्कृत का सर्वप्रथम महाकाव्य है । इसमें महाकाव्य के सभी गुण विद्यमान हैं । इसकी रचना अलङ्कृत सुललित शैली में हुई । रामायण के समान

महाभारत एक बहुत बडा महाकाव्य है। इसे इतिहास पुराण भी कहा जाता है। संस्कृत काव्यकारो ने अपनी रचनाओं के लिए जहाँ रामायण से रूपशिल्प का ग्रहण किया, वहाँ कथावस्तु के लिए उन्होंने प्राय 'महाभारत' को आधार बनाया। पाणिनि ने जाम्बवती परिणय और पातालविजय नामक दो काव्य लिखे थे। वररुचि ने कण्ठाभरण नामक काव्य लिखा था। किन्तु ये रचनायें आज उपलब्ध नहीं हैं। प्रथम शताब्दी ई० पूर्व में होने वाले महाकवि अश्वघोष ने बुद्धचरित और सौन्दरनन्द काव्य लिखे। सौन्दरनन्द अश्वघोष का प्रथम महाकाव्य है। इसके १८ सर्गो मे अपने अग्रज तथागत बुद्ध के उपदेशो से प्रभावित होकर विमातृज नन्द की अपनी पत्नी सुन्दरी से तथा सामाजिक बन्धनो से विमुक्त होकर प्रव्रज्या की कथा वर्णित है। बुद्धचरित मे भगवान् बुद्ध का चरित्र वर्णित है। अश्वघोष के काव्य का प्रभाव कालिदास पर पडा। कालिदास का रघुवश उन्नीस सर्गो का काव्य है। इसमे कालिदास की काव्यप्रतिभा श्रेष्ठतम रूप मे प्रस्फुटित हुई है। कालिदास के समय के विषय मे लोगो मे मतभेद है, कुछ इन्हे विक्रमादित्यकालीन और कुछ गुप्तयुगीन मानते है। कालिदास ने कुमार सम्भव नामक काव्य लिखा, जिसमे शिव-पार्वती के विवाह एवम् उनसे कुमार कार्तिकेय की उत्पत्ति की कथा का निरूपण है। कुछ विद्वान् इसे खण्डकाव्य तथा कुछ महाकाव्य के अन्तर्गत परिगणित करते है। अश्वघोष और कालिदास के बाद ५२० ई० के लगभग लङ्का के राजा कुमारदास का 'जानकीहरण' काव्य मिलता है। 'जानकीहरण' की रचना २५ सर्गो मे हुई थी किन्तु अब उसके १५ सर्ग ही प्राप्त होते है। इसकी वर्णन शैली रोचक है। महाकाव्य परम्परा की महत्वपूर्ण उपलब्धि भारवि कृत 'किरातार्जुनीयम्' महाकाव्य है। भारवेरर्थगौरवम् प्रसिद्ध है। संस्कृत महाकाव्यो की बृहत्त्रयी (किरातार्जुनीयम शिशुपालवध एवम् नैषधीय चरितम) मे इसका महत्त्वपूर्ण स्थान है। भारवि के पश्चात् जैनाचार्य रविषेण (६६७ ई०) द्वारा लिखा हुआ अठारह हजार अनुष्टुप श्लोक प्रमाण 'पद्मचरित' महाकाव्य संस्कृत के जैनकथा साहित्य का आद्य ग्रन्थ है। यह रामकथा सम्बन्धी सबसे प्राचीन संस्कृत जैन रचना है। इसकी शैली सरल प्रभावशाली और शान्त है। नैतिकता और धार्मिकता के प्रति इसका झुकाव है। भारवि की शैली का अनुसरण कर उसकी कला को अत्यधिक प्रौढ रूप देने वाले कवियो मे माघ का नाम सर्वप्रथम लिया जा सकता है। इनका काल नौवी शताब्दी का पूर्वार्द्ध माना जाता है। कालिदास की उपमा, भारवि का अर्थगौरव दण्डी का पदलालित्य, माघ का व्याकरण विषयक पाण्डित्य आदि गुणो का सुमेल माघ की कविता मे हुआ है। 'उपमा अर्थगौरव एवम् पदलालित्य गुणो के कारण विद्वानो मे माघे सन्ति त्रयो गुणा' सूक्ति प्रचलित है। माघ के शिशुपालवध महाकाव्य का

आधार महाभारत है। 'शिशुपालवध' में माघ ने कृष्ण एवम् शिशुपाल के वैर तथा कृष्ण द्वारा शिशुपाल का वध किए जाने की घटना का काव्यात्मक वर्णन किया है। माघ के पाण्डित्य को देखकर किसी ने ठीक ही कहा था—माघे मेघे गतं वयः ।

आठवीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध में लिखित वराङ्गचरित सुप्रसिद्ध जैनकाव्य है। इसमें बाईसवें तीर्थंकर नेमिनाथ तथा श्रीकृष्ण के समकालीन वराङ्ग नामक पुण्य पुरुष की कथावस्तु अङ्कित है। इसकी शैली और मनोहारिता बुद्धचरित से मिलती जुलती है। दसवीं शताब्दी में महाकवि वीरनन्दी ने चन्द्रप्रभचरित नामक काव्य लिखा। इसमें जीव की उत्तरोत्तर विकास सरणियों द्वारा तीर्थंकर चन्द्रप्रभ का अनाविल चरित उपस्थित किया गया है। महाकाव्य के समस्त चरित्र मानवीय धरातल पर मानवीय सम्भावनाओं की पीठिका में चित्रित किए गए हैं। इसी कारण आदर्श के गहरे रंगों में रंग होने पर भी उनका प्रकृत जीवन से सम्बन्ध विच्छिन्न नहीं हो पाया है। दसवीं शताब्दी में महाकवि असग ने शान्तिनाथ चरित और वर्द्धमानचरित नामक महाकाव्यों की रचना की। इन दोनों महाकाव्यों में महाकाव्य के शास्त्रीय लक्षण पाए जाते हैं। शान्तिनाथचरित' में सोलहवें तीर्थंकर शान्तिनाथ और वर्द्धमान चरित में चौबीसवें तीर्थंकर वर्द्धमान का जीवनवृत्त अङ्कित है। ये काव्य दार्शनिक और धार्मिक भावनाओं से ओतप्रोत हैं।

दसवीं शताब्दी में महाकवि वादिराज ने पार्श्वचरित की रचना की है। यह बारह सर्गों का महाकाव्य है। इसमें तेईसवें तीर्थंकर पार्श्वनाथ का चरित्र अङ्कित है। कवि की कल्पना शक्ति बहुत ही उन्नत है। ग्यारहवीं शताब्दी में महाकवि महासेन ने प्रद्युम्नचरित की रचना की है। इस महाकाव्य में चौदह सर्ग है और श्रीकृष्ण के पुत्र प्रद्युम्न का चरित इसमें वर्णित है। पुण्यपुरुष प्रद्युम्न का चरित इतना लोकप्रिय रहा है कि इसका अवलम्बन लेकर अपभ्रंश और हिन्दी में चरित ग्रन्थ लिखे गए हैं। ई० १०७५ से ११७५ के मध्य होने वाले महाकवि हरिचन्द्र का धर्मशर्माभ्युदय एक सुप्रसिद्ध महाकाव्य है। इसमें पन्द्रहवें तीर्थंकर धर्मनाथ का चरित वर्णित है। इसकी कथावस्तु २१ सर्गों में विभाजित है। इसमें कवि ने भाव सौंदर्य की व्यापक परिधि में कल्पना, अनुभूति, संवेग, भावना, स्थायी और संचारी भावों का समावेश किया है। यहाँ शान्तरस और शृङ्गार रस का अपूर्व चित्रण हुआ है। इस प्रकार नैषधकार श्री हर्ष से पूर्व संस्कृत महाकाव्यों की एक विस्तृत एवम् मनोहारी परम्परा दृष्टिगोचर होती है।

**नैषधीयचरितम् के कर्त्ता**—काव्य अलङ्करण के पूर्ववर्ती समस्त कवियों के गुणों को लेकर 'नैषधीयचरितम्' के कर्त्ता श्री हर्ष की कविता उपस्थित

होती है। श्री हर्ष अत्यन्त प्रतिभाशाली कवि और विद्वान् थे। दूर–दूर तक उनकी कीर्ति–कौमुदी का प्रसार हो गया था। सरस पदों का गुम्फन, भावों का अनुपमेय प्रवाह प्रौढ़ कल्पना शक्ति सौंदर्य का मनोरम चित्रण एवम् अलङ्कारों की छटा नैषधचरित को अलङ्कृत काव्य के कर्त्ताओं में सर्वोच्च स्थान प्रदान करती है। पाण्डित्य के लिए वे प्रसिद्ध है। उनका नैषध काव्य विद्वानों के लिए औषधितुल्य है। पदलालित्य नैषध का विशेष गुण है।

श्री हर्ष अपनी अलौकिक प्रतिभा तथा अपने काव्य की मधुरता से स्वत परिचित थे और इसका उन्हें गर्व भी था। अपने काव्य के लिए 'कवि कुलादृष्टाध्वपान्थ' (८/१०९) तथा 'अन्याक्षुण्ण रसप्रमेयभणिति' (२० वें सर्ग का अन्तिम पद्य) का प्रयोग उनके नवीन रसमय मार्ग के आश्रयण का सकेत कर रहा है। उन्होंने 'नवार्थघटना' की अपनी प्रतिज्ञा का पूर्ण निर्वाह इस काव्य में किया है (एकामत्यजतो नवार्थ घटनाम्) तथ्य यह है कि नैषधचरित में वैदर्भी और पाञ्चाली का परम मजुल योग काव्य की उदात्तता का पूर्ण परिचायक है। श्री हर्ष विशुद्ध विदग्ध पदावली के आदरणीय आचार्य है। वक्रोक्ति के द्वारा सामान्य अर्थ की अभिव्यञ्जना कला के वे पूर्ण पण्डित हैं[१]।

श्रीहर्ष का जीवन परिचय —नैषधीय चरित के प्रत्येक सर्ग की समाप्ति के पद्य में श्री हर्ष ने अपने पिता का नाम श्रीहीर तथा माता का नाम मामल्लदेवी बतलाया है। उदाहरणार्थ प्रथम सर्ग के अन्त में कहा गया है।

> श्रीहर्ष कविराजराजिमुकुटालङ्कारहीर सुत
> श्रीहीर सुषुवे जितेन्द्रियचय मामल्लदेवी च यम्।
> तच्चिन्तामणि मन्त्रचिन्तन फले श्रृङ्गारभङ्ग्या
> महाकाव्ये चारुणि नैषधीयचरिते सर्गोऽयमादिर्गत ॥

अर्थात् श्रेष्ठ कवियों की श्रेणी के मुकुट के अलङ्कार हीरे के समान श्रीहीर और मामल्ल देवी ने जिस श्री हर्ष नाम के पुत्र को उत्पन्न किया, उन श्री हर्ष के चिन्तामणि नामक मन्त्र की उपासना के फलस्वरूप शृङ्गार की विचित्रता से मनोहर नैषधीयचरित नामक महाकाव्य में यह पहला सर्ग समाप्त हुआ।

किवदन्तियों के अनुसार न्याय कुसुमाजलि के प्रसिद्ध लेखक नैयायिक उदयनाचार्य के साथ इनके पिता श्री हीर का शास्त्रार्थ हुआ था, जिसमें वे पराजित हो गये। इस पराजय से लज्जित होकर हीर ने अपना देह छोड़ दिया और मरते समय पुत्र से यह कहा कि वह उनके शत्रु को शास्त्रार्थ में हराकर बदला ले।

---

१ प बलदेव उपाध्याय सस्कृत साहित्य का इतिहास पृ २७३

श्री हर्ष ने पण्डितों से शास्त्रों का अध्ययन किया और त्रिपुर सुन्दरी की आराधना के लिए 'चिन्तामणि' मन्त्र का एक वर्ष तक जप किया। देवी ने प्रसन्न होकर उन्हें अपराजेय पाण्डित्य प्रदान किया। श्री हर्ष वर प्राप्त कर विजयचन्द्र की सभा में गये, किन्तु उनकी वाक्शैली को कोई भी न समझ पाया। फलतः निराश होकर उन्होंने पुनः देवी की आराधना की।

देवी ने प्रसन्न होकर कहा अच्छा रात को सिर गीला कर दही पी लेना कफ गिरने के साथ तुम्हारा पाण्डित्य कम हो जायेगा श्री हर्ष ने ऐसा ही किया [1]। कहा जाता है कि श्री हर्ष ने अपनी प्रतिभा एवम् पाण्डित्य के बल पर खण्डनखण्डखाद्य नामक वेदान्त ग्रन्थ से उदयनाचार्य को परास्त किया था।

श्री हर्ष का समय —महाकवि श्रीहर्ष कान्यकुब्ज (कन्नौज) और वाराणसी के महाराज विजयचन्द्र और जयचन्द्र के सभापण्डित थे और वे कान्यकुब्जेश्वर से पान के दो बीड़े और आसन पाते थे तथा समाधि में ब्रह्म का साक्षात्कार करते थे। उनका काव्य मधु की वर्षा करने वाला है और तर्कों में उनकी उक्तियाँ शत्रुओं का परास्त करने वाली है। यह बात नैषधीयचरित के अन्त में स्थित निम्नलिखित पद्य से जानी जाती है—

> ताम्बूलद्वयमासनं च लभते यः कान्यकुब्जेश्वरा
> द्यः साक्षात्कुरुते समाधिषु परं ब्रह्म प्रमोदार्णविम्।
> यत्काव्यं मधुवर्षि, धर्षितपरास्तर्केषु यस्योक्तयः
> श्री श्रीहर्षकवेः कृतिः कृतिमुदे तस्याभ्युदीयादियम् ॥ २२/१५३

विजयचन्द्र तथा जयन्तचन्द्र का राज्यकाल ११५६ ई० से ११९३ ई० तक माना जाता है। अतः यह सुनिश्चित है कि श्री हर्ष बारहवीं सदी के उत्तरार्द्ध में विद्यमान थे।

श्रीहर्ष की रचनायें —श्रीहर्ष ने नैषधीय चरितम् में अपनी निम्नलिखित रचनाओं का उल्लेख किया है—

१- स्थैर्यविचार प्रकरण २- विजय प्रशस्ति ३- खण्डनखण्ड खाद्य
४- गौडोर्वीशकुलप्रशस्ति ५- अर्णववर्णन ६- छिन्द प्रशस्ति
७- शिव शक्ति सिद्धि ८- नवसाहसाङ्क चरितचम्पू
९- नैषधीय चरितम्।

---

१- डॉ भोला शङ्कर व्यास संस्कृत कवि दर्शन पृ १९३–१९४

नैषधीयचरितम् की कथावस्तु —'नैषधीय चरितम्' २२ सर्गों का बहुत बड़ा काव्य है, जिसमें प्रत्येक सर्ग में १०० से अधिक पद्य हैं। १३ वें और १६ वें सर्ग को छोड़कर, जिनमें क्रमशः ५५ और ६६ पद्य हैं, बाकी सभी सर्ग बड़े हैं। इसमें नल एवम् दमयन्ती सम्बन्धी लघुकथा निबद्ध है। प्रारम्भ में राजा नल के गुणों का विस्तृत वर्णन किया गया है। नल के गुणों को दूत, द्विज तथा बन्दियों के मुख से सुनकर दमयन्ती के मन में नल के प्रति अनुराग हो जाता है। दमयन्ती के अलौकिक सौन्दर्य के विषय में सुनकर नल भी उसे चाहने लगता है। दमयन्ती का विरह जब नल को असह्य लगता है तो वह उद्यान में अपने घुड़सवारों और मित्रों के साथ विहार करता है। वहां एक सुनहले हंस को तालाब के किनारे देखकर नल उसे पकड़ लेता है। हंस करुण विलाप करता है, फलतः नल उसे छोड़ देता है। कृतज्ञ हंस राजा नल के प्रति दमयन्ती के मन में आसक्ति उत्पन्न करने की प्रतिज्ञा करता है। कृतज्ञ हंस कुण्डिनपुर को प्रस्थान करता है। दमयन्ती कुण्डिनपुर के उद्यान में क्रीडा कर रही थी। वहां हंस को देखकर उसे पकड़ने की दमयन्ती के मन में स्पृहा होती है। सखियाँ इस कार्य का निषेध करती हैं। दमयन्ती सखियों की बात न मानकर हंस को पकड़ने चल देती है। हंस दमयन्ती को उद्यान में दूर तक ले जाता है। वह मनुष्यवाणी में अपना परिचय देकर नल के गुणों की प्रशंसा करता है। दमयन्ती नल को पाने के लिए और भी अधिक उत्कण्ठित हो जाती है। हंस नल की विरहावस्था का भी वर्णन करता है। इसी समय दमयन्ती को ढूंढती हुई उसकी सखियाँ आ जाती हैं। दमयन्ती सखियों के साथ चल पड़ती है। हंस लौटकर राजा नल के पास आकर कार्यसिद्धि की सूचना देता है। दमयन्ती नल के वियोग में दुःखी हो मूर्च्छित हो जाती है। उसकी करुण अवस्था सुनकर राजा भीम आते हैं और स्वयम्वर की सूचना देकर दमयन्ती को आश्वस्त करते हैं। दमयन्ती के स्वयम्वर का अनेक राजाओं को निमन्त्रण दिया जाता है। इन्द्र, वरुण, अग्नि और यम देवता दमयन्ती के स्वम्वर में आते हैं। मार्ग में रथारूढ नल के सौन्दर्य को देखकर उन्हें दमयन्ती की प्राप्ति की आशा नहीं रहती है। अतः वे किसी प्रकार समझाकर नल को दूत बनाकर दमयन्ती के समीप भेजते हैं। नल तिरस्करिणी विद्या के सहारे दमयन्ती के महल में पहुँचते हैं। वहां वे इन्द्र, अग्नि, यम और वरुण की अवस्था का वर्णन कर वे इनमें से किसी एक का वरण करने हेतु दमयन्ती से प्रार्थना करते हैं। दमयन्ती अपने निश्चय में च्युत नहीं होती है। नल इन्द्र आदि देवताओं से दमयन्ती के दृढ़ निश्चय के विषय में कहते हैं।

चारो देवता नल का ही रूप धारण कर स्वयम्वर सभा में उपस्थित होते है। सरस्वती स्वयं उस सभा में आकर आगत राजाओं का परिचय देती है। नल की आकृति वाले पाँच पुरुषों को देखकर दमयन्ती घबड़ा जाती है। अन्त में दमयन्ती के नल प्रति अनन्य अनुराग को देखकर देवता प्रसन्न होकर अपना स्वरूप प्रकट करते हैं। दमयन्ती नल को पहचान लेती है। दोनों का विवाह होता है। देवगण स्वर्ग को जाते समय मार्ग में कलियुग को देखते है। कलि नास्तिकवाद का प्रतिष्ठापन करता है। देवता उसका खण्डन करते हैं। नल-दमयन्ती का प्रथम समागम होता है। अनन्तर राजा-रानी की दैनिक चर्या का वर्णन है, जिसमें देव स्तुति सूर्योदय और विलासमय चाटूक्तियों के सरसचित्र है। यहीं काव्य की परिसमाप्ति हो जाती है।

नैषधीयचरितम् की कथावस्तु का मूल स्रोत —नैषधीयचरितम् की कथावस्तु का आधार महाभारत में वर्णित नलोपाख्यान है। डॉ भोला शंकर व्यास के अनुसार महाभारत की कथा को नैषधकार ने तत्कालीन लोकसाहित्य की प्रणयगाथाओं से मिश्रित कर दिया जान पड़ता है। श्री हर्ष के काल में अपभ्रंश तथा देशभाषा के काव्यों में कई लोककथाओं की प्रणय गाथायें स्थान पा रही थी। नल दमयन्ती की कथा पौराणिक होते हुए भी लोककथा के रूप में प्रचलित थी। श्री हर्ष को इन दोनों स्रोतों से प्रेरणा मिली होगी।

नैषधीय चरितम् पर पूर्ववर्ती कवियों की कृतियों का प्रभाव —डॉ चण्डिका प्रसाद शुक्ल ने नैषधीयचरितम् पर पूर्ववर्ती कवियों की कृतियों के प्रभाव का विस्तृत वर्णन अपने प्रसिद्ध शोध ग्रन्थ नैषधपरिशीलन में किया है। तदनुसार श्रीहर्ष कालिदास भारवि माघ, हरिचन्द्र, कृष्णमिश्र पुष्पदन्त भर्तृहरि आदि कवियों की रचनाओं से प्रभावित थे। श्रीहर्ष ने रघुवंश में विदर्भकुमारी इन्दुमती के स्वयंवर को देखा था अतः अपनी विदर्भकुमारी दमयन्ती के स्वयंवर की रूपरेखा में उन्हें बड़ी सरलता हुई। दमयन्ती के नख-शिख रूप वर्णन की प्रेरणा, जिसमें श्रीहर्ष ने एक पूरा सर्ग लगाया है कुमारसम्भव के पार्वती रूप वर्णन (प्रथम सर्ग) से मिली है। कालिदास ने पार्वती के कुछ विशेष अङ्गों का ही सौन्दर्य चित्रित किया, किन्तु श्री हर्ष की आँखें दमयन्ती के प्रत्यवयव पर गईं जहाँ उन्हें आनन्द सुधाब्धि लहराता मिला और जहाँ अवगाहन करके उनमें प्रमादाश्रु की झड़ी लग गई। नल-दमयन्ती संवाद का कथानक महाभारत में लिया गया है, किन्तु उसकी वर्णन शैली का आधार कुमारसम्भव का शिव

पात्रनी मनाद है। नैषध के प्रथम सग का घाडे का वर्णन माघ के सेना प्रयाण के वर्णन से प्रभावित है। इसी प्रकार सूर्योदय और सूर्यास्त के नैषध के वर्णन का प्रेरणा स्रोत माघकाव्य है। नैषध के २१ वे सर्ग का दशावतार वर्णन क्षेमेन्द्र द्वारा १०६६ ई० मे लिखे दशावतारचरितम् से प्रभावित प्रतीत होता है। बिल्हण के विक्रमाङ्क देवचरित् मे नायिका का नखशिख वर्णन बहुत कुछ नैषध के सातवें सर्ग के दमयन्ती के चित्रण के समान है और सम्भवत इसने नैषध के चित्रण को प्रभावित किया है और भी अनेक स्थानो पर अनेक भावो म वे काव्य परम्परा के ऋणी है। श्रीहर्ष धमशर्माभ्युदय काव्य से पूर्ण परिचित समझ पडते हैं। नैषध मे एक स्थान पर तो उन्होंने श्लेष के सहारे इसका नामोल्लेख भी कर दिया है वरण स्वयवर के अन्त मे नल को वरदान देते हुए कहते है— आपके अग का सयोग पाकर पुष्पो मे म्लानि (मुरझाहट) न होगी और उनमे दिव्य सुगन्ध आ जायेगी। मुझे पुष्प के अतिरिक्त कोई ऐसी वस्तु नही दिखाई पडती जो धर्म तथा श्रेय (शर्म) दोनो का साधक हो।[1] यद्यपि धर्मशर्म का एक साथ देखकर उसमे धर्मशर्माभ्युदय का सकेत समझना द्राविड-प्राणायाम है, किन्तु अनेक स्थलो मे भावसाम्य तथा वर्णनशैली साम्य देखकर यह अनुमान करना सुसम्भव है।"[2]

महाकवि हरिचन्द्र ने महासेन की महिषी सुव्रता के अनिन्द्य लावण्य का चित्रण करते हुए कहा है कि विधाता ने ससार की समस्त सुन्दर वस्तुओ का सार लेकर इस महिषी के मुख का सृजन किया है। यथा—

द्रुमोत्पलात्सौरभमिक्षुकाण्डत फल मनोज्ञा मृगनाभित प्रभाम्॥
विधातुमस्या इव सुन्दर वपु कुतो न सार गुणमाददे विधि ॥ धर्म २/६५

ऐसा लगता है कि विधाता ने इसका सुन्दर शरीर बनाने के लिए कमल से सुगन्ध ईख से फल और कस्तूरी से मनोज्ञ प्रभा ली है।

नैषध मे दमयन्ती के मुख सौन्दर्य के निर्माण के हेतु चन्द्र, उत्पल और मृगनयन आदि सार लिये जाने की कल्पना की गयी है। यथा—

हृतसारमिवेन्दुमण्डल दमयन्तीवदनाय वेधसा।
कृतमध्यबिल विलोक्यते धृतगम्भीरखनीखनीलिमाम् ॥ नैषध २/२५

---

१ नैषधचरित् १४/८५।
२ नैषध परिशीलन, हिन्दुस्तानी एकेडेमी, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद, सन् १९६० पृ १४२।

दमयन्ती के मुख की रचना के लिए विधाता ने मानो चन्द्रमण्डल का श्रेष्ठ अंश ले लिया था जिससे चन्द्रमा के मध्य में गर्त बन गया और वह गर्त इतना गहरा हुआ कि उस पार का आकाश की नीलिमा दिखलाई पड़ने लगी।

दमयन्ती के नेत्रों की रचना के लिए बड़े प्रयत्न के साथ इसके फलस्वरूपी यन्त्र द्वारा चकोर नेत्रों से मृगनयना का तथा कमलों से अमृत-प्रवाह पूर्ण वह श्रेष्ठ भाग निकाला है। यथा–

चकोरनेत्रैणदृगुत्पलानां निमेषयन्त्रेण निमेष वृष्ट ।
सार सुधोदगारमय प्रयत्नैर्विधातुमेतन्नयने विधातुः ।। नैषध ७/२०

धर्मशर्माभ्युदय में स्तुत्य के नेत्रों का वर्णन करते हुए लिखा है—

चकार यो नेत्रचकोरचन्द्रिकामिमामनिद्या विधिरन्य एव स ।
कृतोऽन्यथा वेदनयान्वितात्ततोऽप्यभूदगन्दद्युतिरूपमीदृशम् ।। धर्म -/२८

स्पष्ट है कि नैषधकार ने अपनी कल्पना को उक्त धर्मशर्माभ्युदय की कल्पना से पल्लवित करने में प्रेरणा प्राप्त की होगी।

धर्मशर्माभ्युदय में विदर्भाधिपति प्रतापराज की दुहिता श्रृंगारवती के सौन्दर्य वर्णन प्रसंग में कवि ने कहा है—

एतां धनुर्यष्टिमिवैष मुष्टिग्राह्यैकमध्यां समवाप्य तन्वीम् ।
नृपानशेषानपि लाघवेन तुल्यं मनोभूरिषुभिर्जघान ।। धर्म १७/१८

मुट्ठी में पकड़े जाने योग्य कटिवाली इस सुन्दरी को अपनी धनुलता बनाकर कामदेव ने सारे राजाओं को एक साथ अपने बाणों का लक्ष्य बनाया।

नैषध में आया है कि नल का अन्तःपुर में दमयन्ती क्षीणकटिप्रदेशवाली कुसुमधनुलता-सी प्रतीत होती है। कवि श्रीहर्ष ने सम्भवतः धर्मशर्माभ्युदय के उक्त पद्य से प्रेरणा प्राप्त की होगी।

सेयमृदु कौसुमचापयष्टि स्मरस्य मुष्टिग्रहणार्हमध्या ।
तनोति नः श्रीमदपाङ्गमुक्ता मोहाय या दृष्टिशरौघवृष्टिम् ।। नैषध ७/२६

मुट्ठी में ग्रहणयोग्य कटि प्रदेशवाली यह सुन्दरी मदन की कुसुम-धनुलता ही है जो हम मोहित करने के लिए अपने श्रीमान् अपांगों से कटाक्ष-बाणों की वृष्टि करती है।

श्रृंगारवती के स्वयंवर का प्रभाव भी दमयन्ती स्वयंवर पर प्रतीत होता है। स्वयंवर में पधारे राजकुमार विदर्भराजदुहिता श्रृंगारवती को देखते हैं। कवि हरिचन्द्र ने उनकी इस दृष्टि का निरूपण करते हुए कहा है—

यद्यत्र चक्षुः पतितं तदङ्गे तत्रैव तत्कान्तिजले निमग्नम् ।
शेषाङ्गमालोकयितुं सहस्रनेत्राय भूपाः स्पृहयाबभूवुः ॥ धर्म १७/१५

शृङ्गारवती के जिस अङ्ग में चक्षु पड़ते थे, वहीं-वहीं कान्तिरूपी जल में डूब जाते थे । अतः अवशिष्ट अङ्ग देखने के लिए राजा लोग सहस्र नेत्र की इच्छा करते थे।

दमयन्ती के रूपमाधुर्य का पान करते समय नल के नेत्रों की भी लगभग ऐसी ही स्थिति हुई है । दमयन्ती की दृष्टि भी नल के रूप को देखने में डूब गयी है ।

तत्रैव मग्ना यदपश्यदग्रे नास्या दृगस्याङ्गमयास्यदन्यत् ।
नादास्यदस्यै यदि बुद्धिधारा विच्छिद्य चिरान्निमेषः ॥ नैषध ८/६

दमयन्ती की दृष्टि नल के जिस अङ्ग पर पड़ी उसी में डूबकर रह गयी, दूसरे अङ्ग को प्राप्त नहीं हुई । पर बहुत देर तक रुक-रुक कर पलकें गिरने से उनकी बुद्धि का विच्छेद होने के कारण वह अन्य अङ्गों को देख पायी ।

धर्मशर्माभ्युदय में बताया गया है कि दिव्याङ्गनाएं प्रथम महासेन को सूत्ररूप में अपने आगमन का प्रयोजन कहती हैं पश्चात् भाष्य कर विस्तृत रूप में समझाती हैं ।

उक्तमागमनिमित्तमात्मनः सूत्रवत्किमपि यत्समासतः ।
तस्य भाष्यमिव विस्तरान्मया वर्ण्यमानमवनीपते शृणु ॥ धर्म ५/३०

इस उत्प्रेक्षा का प्रभाव नैषध के उस सन्दर्भ पर है, जिसमें दमयन्ती देवों को प्रत्युत्तर देते समय दूतरूप में प्रच्छन्न नल से प्रार्थना करती है ।

स्त्रिया मया वाग्मिषु तेषु शक्यते न तु सम्यग्विवरीतुमुत्तरम् ।
तदत्र मद्भाषितसूत्रपद्धतौ प्रबन्धृतास्तु प्रतिबन्धृता न ते ॥ नैषध ९/३७

मेरी सूत्ररूप में कही हुई बात के प्रति हे दूत, तुम भाष्यकार बनना दूषणकार नहीं, क्योंकि मैं अबला उन विद्वानों को उत्तर ही क्या दे सकती हूँ ।

इस प्रकार नैषध में कई उत्प्रेक्षाएं धर्मशर्माभ्युदय से प्रभावित प्रतीत होती हैं ।[1]

नैषधे पाण्डित्य अथवा नैषधं विद्वदौषधम् —

श्री हर्ष ने नैषध की रचना में अपने समस्त ज्ञान भण्डार का परिचय प्रस्तुत किया है । परिणामस्वरूप काव्य काव्य न रहकर विविध विषयों का कोश बन गया है । [इसीलिए कवि के सम्बन्ध में यह उक्ति प्रसिद्ध है कि "नैषध

१ संस्कृत काव्य के विकास में जैनकवियों का योगदान पृ० २७९–२८१

क्रियेत चेत्साधुविभक्तिचिन्ता व्यक्तिस्तदा सा प्रथमाभिधेया ।
या स्वौजसा साधयितुं विलासैस्तावत्क्षमा नामपदं बहु स्यात् ॥
नैषधीयचरितम् ३/२३

अर्थात् सज्जनों के विभाग का विचार किया जायगा तो नल नाम का व्यक्ति का पहले परिगणन करना चाहिए। जो अपने प्रताप से विलास से प्रचुर शत्रुओं के राष्ट्र को वश में करने के लिए समर्थ होगा। दूसरा पक्ष है—व्याकरण की विभक्तियों का विचार किया जायेगा तो उस प्रथमा विभक्ति का कथन करना चाहिए जो प्रथमा विभक्ति सु औ जस् इन प्रत्ययों के विलास से बहुत से सुबन्तपदों को सिद्ध करने में समर्थ होगी।

ज्योतिष शास्त्र में बुध को उत्तर दिशा का और गुरु को पूर्व दिशा का तथा शुक्र को दक्षिण पूर्व दिशा का स्वामी भी बतलाया गया है। उस प्रातः काल सूर्योदय के समय या जब तक सूर्य पूर्व दिशा से दूर नहीं चले जाते सूर्य को बुध एवम् शुक्र का सामीप्य मिलता है। श्रीहर्ष राजा नल का वर्णन करते समय श्लेष के सहारे ज्योतिष के पूर्वोक्त सिद्धान्त को सुन्दर ढंग से व्यक्त करते हैं—

अजस्रमभ्यासमुपेयुषा समं मुदैव देवः कविना बुधेन च ।
दधौ पटीयान् समयं नयन्नयं दिनेश्वरश्रीरुदयं दिने दिने ॥ १७ ॥

अर्थात् जैसे सूर्य शुक्र और बुध ग्रह के साथ प्रतिदिन उदित होता है उसी प्रकार राजा नल भी चतुर कवियों और विद्वानों के साथ रहकर प्रसन्नता से समय व्यतीत करता हुआ दिन दिन उन्नति को प्राप्त करता था।

ब्रह्मचर्य पालन की व्यवस्था में पाणिनि के सूत्र का निदर्शन प्रमाण दिया है—

उभयी प्रकृतिः कामे सज्जेदिति मुनेर्मनः ।
अपवर्गे तृतीयेति भणतः पाणिनेरपि ॥ १७/७०

अर्थात् 'अपवर्गे तृतीया' सूत्र को बनाने वाले पाणिनि का यही मत है कि स्त्री और पुरुष दो प्रकार की प्रकृति काम सेवन करे और तृतीया (अर्थात् नपुंसक) प्रकृति मोक्ष का सेवन करे अर्थात् मोक्ष तो केवल नपुंसकों के लिए है।

मोक्ष की सुख दुःख शून्यता का प्रतिपादन करने वाले गौतम पर ऐसी चोट की है—

मुक्तये यः शिलात्वाय शास्त्रमूचे सचेतसाम् ।
गोतमं तमवेक्ष्यैव यथा वित्थ तथैव सः ॥ १७/७५

अर्थात् सहृदय प्राणियों के लिये जो सुख-दुख शून्य पाषाण रूप मुक्ति का उपदेश करे वह गोतम (अर्थात् निरा बैल) के सिवाय और क्या हो सकता है ?

श्रीहर्ष अन्य सभी दार्शनिक विकल्पों को भ्रम या अज्ञान का क्षेत्र समझते हैं। पारमार्थिक ज्ञान को वे चतुष्कोटिविनिर्मुक्त मानते हैं। साधारण लौकिक व्यक्तियों का व भ्रान्त दिशा का आश्रय लेना समझते हैं, जो चतुष्कोटिविनिर्मुक्त अद्वैत ब्रह्मतत्त्व के होते हुए भी अन्य तत्त्वों की ओर उन्मुख होते हैं। दमयन्ती अपने सामने पाँच नलों को देख रही है। उनमें चार नल नकली हैं, पाँचवाँ असली। दमयन्ती उन्हें देखकर किसी निश्चय पर नहीं पहुँच पाती। वह असली नल को नहीं पहिचान पाती है। आरम्भ के चार नकली नल उस (चतुष्कोटिविनिर्मुक्त) नल (ब्रह्म) तक दमयन्ती को ठीक उसी तरह नहीं पहुँचने देते, जैसे संसार में सत्, असत्, सदसत् या सदसद्विलक्षण इन चार तरह के दार्शनिक मन्तव्यों को लेकर चलने वाला जन सामान्य या भ्रान्त दार्शनिक उस अद्वैत तत्त्व तक नहीं पहुँच पाता —

साक्षात् प्रयच्छति न पक्षचतुष्टये ता तल्लाभशंसिनि न पञ्चमकोटिमात्रे।
श्रद्धां दधे निषधराड्विमतौ मतानामद्वैततत्त्व इव सत्यपरेऽपि लोकः ॥
१३/३६

न्यायशास्त्र में मन को प्रति शरीर एक तथा अणुपरिमाण बतलाते हुए कहा गया है—

"ज्ञानयोगपद्यादेकं मनः" तथा "यथोक्तहेतुत्वाच्चाणु" न्यायसूत्र
३/२/५६, ५९

नल के अत्यन्त वेगवान् अश्व के चरण में लगी धूल के प्रति श्रीहर्ष की उत्प्रेक्षा है—

अजस्रभूमीतटकुट्टनोद्गतैरुपास्यमानं चरणेषु रेणुभिः।
रयप्रकर्षाध्ययनार्थमागतैर्जनस्य चेतोभिरिवाणिमाङ्कितैः १/५९ ॥

निरन्तर भूमितल के ताडन से उठी हुई धूलियों से, मानो वेग के अतिशय को सीखने के लिए आये हुए, अणुपरिमाणयुक्त, लोगों के चित्तों से, चरणों में सेवा किये जाते हुए अश्व पर चढ़ा।

---

१ संस्कृत कवि दर्शन पृ २०६

तात्पर्य यह है कि नल का घोडा निरन्तर खुरो से भूमि खोद रहा था इसलिए सूक्ष्म धूलि उठ उठकर उसके पैरो से लिपट रही थी। इसी को लेकर कवि ने अद्भुत कल्पना की है कि धूलि कण मानो लोगो के चित्त जिन्हे न्यायशास्त्र मे अणुपरिमाण माना गया है उस घोडे से वेगातिशय सीखने के लिए उसके चरणो मे बैठता है।

श्रीहर्ष स्वय अद्वैत वेदान्ती है। अन्य दर्शनो के मतो का चित्रण उन्होने पूर्व पक्ष के रूप मे किया है और उनका खण्डन करके उनका मजाक उड़ाया है। उनके व्यग्य महत्त्वपूर्ण और मनोरजक है। वैशेषिक दर्शन तम को दसवाँ द्रव्य मानता है। श्रीहर्ष व्यग से ही कहते है कि अन्धकार के स्वरूप के निरूपण मे वैशेषिक मत ठीक है क्योकि उस मत का औलूक दर्शन (१ कणाद का वैशेषिक दर्शन २ उल्लू का नेत्र) कहते है अत वही अन्धकार के तत्त्व के निरूपण मे क्षम है—

ध्वान्तस्य वामोरु विचारणाया वैशेषिक चारु मत मत मे।
औलूकमाहु खलु दर्शन तत्क्षम तमस्तत्त्वनिरूपणाय ॥ नैषधीयचरितम्
२२/३८

मीमासा दर्शन के अनुसार ज्ञान स्वत प्रमाण माना गया है क्योकि यदि एक ज्ञान अपनी यथार्थता सिद्ध करने के लिए दूसरे ज्ञान को प्रमाण माने तो दूसरे को भी अपनी यथार्थता सिद्ध करने के लिए एक तीसरा ज्ञान प्रमाण रूप मे ढूढना पडेगा, जिससे अनवस्था हो जायगी तथा वस्तु का ज्ञान असम्भव हो जायगा। श्रीहर्ष मीमासा के इस सिद्धान्त का उल्लेख करते है। हस से दमयन्ती के प्रेम की भीख मागने वाले नल कहते है—

अथवा भवत प्रवर्तना न कथ पिष्टमिय पिनष्टि न ।
स्वत एव सता परार्थता ग्रहणाना हि यथा यथार्थता ॥ नैषधीयचरितम्
२/६१

अर्थात् अथवा आपको इस प्रकार अपनी भलाई के लिए मेरा प्रेरित करना पिष्ट पेषण ही करना होगा, क्योकि सज्जन तो स्वय परोपकारी होते है जैसे ज्ञानो की प्रामाणिकता स्वत होती है।

साख्य दर्शन के अनुसार उत्पत्ति के पूर्व कारण मे कार्य की सत्ता रहती है। साख्य कारिका मे इस सत्कार्यवाद के समर्थन मे असदकरणात् आदि पाँच हेतु दिये गये हैं। श्रीहर्ष ने साख्य के सत्कार्यवाद की ओर सकेत किया है। इन्द्र आदि देवताओ को याचक रूप मे सामने खडे देखकर आनन्दातिरेक मे राजा नल कहते है—

नान्तिजन्यजनकव्यतिभेदः सत्यमन्नजनितो जनदेहः ।
वीक्ष्य वः खलु तनूममृतादाहङ् निमज्जनमुपैति सुधायाम्॥ नैषधीयचरितम्
५/९४

अर्थात् जन्य-जनक में भेद नहीं होता। मनुष्य देह सचमुच ही अन्न से उत्पन्न है। आपके अमृतभोजी शरीर को देखकर मेरी दृष्टि अमृत में मज्जन सी कर रही है।

योग दर्शन में सम्प्रज्ञात और असम्प्रज्ञात दो प्रकार की समाधि मानी गई है। वेदान्तदर्शन में इन्हीं को क्रम से सविकल्प तथा निर्विकल्प समाधि कहा है। नैषध में भगवान् विष्णु की स्तुति करते हुए राजा नल सम्प्रज्ञात समाधि में लीन हो जाते हैं—

इत्युदीर्य स हरिं प्रति सम्प्रज्ञातवासिततमः समपादि ।
भावनाबलविलोकितविष्णौ प्रीतिभक्तिसदृशानि चरिष्णुः ॥
नैषधीयचरितम् २१/११८

अर्थात् इतनी प्रार्थना करके राजा नल भगवान विष्णु का साक्षात्कार करके भक्ति के उद्रेक में उन्मत्त हो गाने तथा घूमने लगे।

विष्णु के बुद्धावतार की स्तुति के प्रसङ्ग में नल ने उन्हें अद्वयवादी तथा क्षणिकवादी [illegible] बताया है—

[illegible]तिरद्वयवादिसत्रयी तरिचितो सुगतस्त्वम् ।
पाहि मा विधुतकोटिचतुष्कः पञ्चबाणविजयी षडभिज्ञ ॥
नैषधीयचरितम् २१/८७

अर्थात् 'प्रभो आपका यह बुद्धरूप मेरी रक्षा करे, जिसने चित्त को क्षणिक माना है, जिसने केवल ज्ञानरूप वस्तु की सत्ता सत्य मानी है, वेद का प्रामाण्य न मानने हुए जो ज्ञानी है, जिसने चारों कोटियों का निराकरण कर दिया जो कामविजयी था तथा जिसकी अभिज्ञा छः प्रकार की थी।

जैन दर्शन में सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक् चारित्र को मोक्ष का मार्ग माना गया है—

सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्राणिमोक्षमार्गः ॥ तत्त्वार्थसूत्र १/१

उपर्युक्त तीनों को रत्नत्रय की संज्ञा से विभूषित किया जाता है। दमयन्ती दूत रूप में देवों का वरण करने के प्रसङ्ग में अपने चरित्र की उज्ज्वलता को व्यक्त करती हुई इसी त्रिरत्न का उल्लेख करती है—

"जिस सम्यक् चारित्र रूपी चमचिन्तामणि को जिन ने सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र रूप त्रिरत्न मे रखा है उसे जिस रूपी न शङ्कर की कोपाग्नि मे भस्म हुए मदन के लिए त्यागा उसने मानो अपन कुल मे ही वह राख उडाई।

विहार की भूमि भगवान् महावीर का जन्मस्थान होने के कारण बडी पवित्र है। नल के घुडसवार जब विहारभूमि म पहुचे तो उन्होने घो ो मे मण्डलाकार गति कराकर अपनी श्रद्धा का परिचय दिया—

चमूचरारतस्य नृपस्य सादिनो
जिनोक्तिषु श्राद्धतयेव सैन्धवा ।
विहारदेश तमवाप्य मण्डली
मकारयन् भूरि तुरङ्गमानपि ॥ नै० १/७१ ॥

उस राजा की सेना के सिन्धु देश मे उत्पन्न घोडे वा र घुडसवारो ने जिनेन्द्र भगवान की उक्तियो मे श्रद्धा रखने के कारण मानो उस विहारभूमि वा प्राप्त कर के घोडो म भी बहुत मण्डलाकार गति करायी।

नैषध मे चार्वाक् वद की प्रामाणिकता पर आक्षेप करता हुआ कहता है—

ग्रावोन्मज्जनवद्यज्ञफले ऽपि श्रुति सत्यता।
का श्रद्धा तत्र धीवृद्धा कामाध्वा यत् खिलीकृत ॥ नै० १७/३७

जैसे पत्थर का पानी पर तैरना कभी सत्य नही, उसी प्रकार यज्ञ के फल के प्रति वेदवचन को भी सत्य नही माना जा सकता। इसी प्रकार अन्य वेदवाक्यो मे भी क्या आस्था की जाय, जिसके कारण से यह स्वेच्छाचारिता आप लोगो ने त्याग दी।'

बृहस्पति ने अग्निहोत्र, वेद, दण्डधारण करने तथा भस्म आदि लगाने को बुद्धिपौरुष रहित व्यक्तियो की जीविका का साधनमात्र कहा है। जैसा कि सर्वदर्शन सग्रह मे कहा गया है—

अग्निहोत्र त्रयोवेदास्त्रिदण्ड भस्मगुण्ठनम्।
बुद्धिपौरुषहीनाना जीविकेति बृहस्पति ॥ सर्वदर्शनसग्रह पृ १३

नैषध मे भी चार्वाक इसी मत को व्यक्त करता है—

अग्निहोत्र त्रयीतन्त्र त्रिदण्ड भस्मपुण्ड्रकम् ।
प्रज्ञापौरुषनि स्वानां जीविकेति बृहस्पति ॥ नै १७/३६

इस प्रकार अनेक प्रकरणों में श्रीहर्ष के पाण्डित्य के दर्शन होते है। उनके पाण्डित्य प्रदर्शन को देखते हुए आलोचकों का कहना है कि श्रीहर्ष पण्डित पहले है, कवि बाद में। पाण्डित्य प्रदर्शन में भी उनका दर्शन विषयक पाण्डित्य नैषध में उनके दर्शन ज्ञान को भलीभांति व्यञ्जित करता है।

## श्रीहर्ष की काव्य शैली –

श्रीहर्ष की काव्यशैली वैदर्भी है, किन्तु वह कालिदास के समान प्रसाद गुणमयी नहीं है। इसमें पाण्डित्य भरा हुआ है। हंस विलाप (१/८५-१२७) तथा हंस के कृतज्ञता प्रकाशन (२/६-१५) में कालिदास के समान प्रासादिकता है। कहीं कहीं लम्बे-लम्बे समासों के कारण उनकी शैली गौडी के समीप पहुँच गई है। जैसे–

सुवर्णदण्डैकसितातपत्रितज्वलत्प्रतापावलिकीर्तिमण्डल ॥ १/२

जिसने दैदीप्यमान तेज की पंक्ति और कीर्तिमण्डल को सुवर्णदण्ड और अद्वितीय धवल छत्र बनाया, वह नल गुणों से अद्भुत था।

स्फुरद्धनुर्निस्वन तद्घनाशुगप्रगल्भवृष्टि व्ययितस्य सङ्गरे।

अर्थात् चमकते हुए धनुष तथा निर्घोष वाले उस (राजा नल) रूपी मेघ के बाणों की घनी वर्षा से बुझे हुए।

श्रीहर्ष की शैली दुरूह है। उन्होंने स्वयं ही कहा है कि उन्होंने अपने ग्रन्थ में प्रयत्नपूर्वक स्थान-स्थान पर जटिल गाँठों को डाल दिया है और अपने आपको विद्वान् समझने वाला दुष्ट मुख इस काव्य के साथ जबरदस्ती खिलवाड न करे। अपितु सज्जन पुरुष श्रद्धा के साथ पूजा किये गये गुरु से इसकी गाँठों को ढीली करवाकर इस काव्यरस की लहरियों में डूबने के सुख को प्राप्त करें—

ग्रन्थग्रन्थिरिह क्वचित्क्वचिदपि न्यासि प्रयत्नान्मया
प्राज्ञमन्यमना हठेन पठती मास्मिन् खल खेलतु।
श्रद्धाराद्धगुरु श्लथीकृत दृढ ग्रन्थि समासादय
त्वेतत्काव्य रसोर्मिमज्जन सुख व्यासज्जनं सज्जन ॥
नैषधीयचरितम् २२/१५२

यह काव्य ऐसे व्यक्ति के लिए नही है, जो स्वय बैठकर इसका आस्वादन करना चाहता हो। सामान्य अव्युत्पन्न पुरुष इसका आनन्द ले भी नही सकता, इसका आनन्द तो पण्डित ही ले सकते हैं। परमरमणीय भी रमणी कुमारो के अन्त करण को उतना नही हरती, जितना युवको के। यहा भी इसके रस मे अवगाहन के लिए परिपक्व बुद्धि होना आवश्यक है। अपरिपक्व और अरसिक व्यक्ति उनके काव्य का अनादर भी करे तो उन्हे चिन्ता नही, प्रौढ पण्डितो के हृदय को तो यह रञ्जित करना ही है।

यथा यूनस्तद्वत् परमरमणीयाऽपि रमणी
कुमाराणामन्त करणहरण नैव कुरुते।
मदुक्ति श्चेदतर्मदयति सुधीभूय सुधिय
किमस्या नाम स्यादरसपुरुष नादरभरै ॥
नैषध० २२/१५०

श्रीहर्ष के काव्य मे शब्दालङ्कार एवम् अर्थालङ्कार दोनो ही प्रकार के अलङ्कारो का प्रचुर प्रयोग है। पदलालित्य एवम् माधुर्य की दृष्टि से उन्होने अनुप्रास और यमक अलङ्कारो का बहुत प्रयोग किया है। नैषध का पदलालित्य प्रसिद्ध है। अनुप्रास की छटा देखिए—

तदवनीन्द्र चयचन्दन चन्द्र लेपने पथ्यगन्धवह गन्धवह प्रवाहम्।
आलीभिरापतदनङ्ग शरानुसारी मरुव्य सौरभमगाहत भृङ्ग वर्ग ॥
नैषध० ११/५

'वहाँ (स्वयवर म) राजाओ के समूह के चन्दन व कपूर के लेप की सुगन्ध को लेकर बहने वाले वायु का मार्ग रोककर कामदेव के बाणो की तरह पक्तियो मे गिरता हुआ भौरो का समूह सुगध का उपयोग कर रहा था।'

उत्तुङ्ग मङ्गलमृदङ्ग निनादमङ्गीसर्वानुवादविधि बोधित माधुमेधा।
सौधस्रज प्लुपताकतयाभिनिन्युर्मन्ये जनेषु निजताण्डवपण्डितत्वम्॥
नैषधीयचरितम् ११/६

'कुण्डिनपुरी की प्रासाद पक्तिया वायु के कारण हिलती हुई ध्वजाओ के द्वारा लोगो को अपनी नृत्यकुशलता का परिचय दे रही थी। ध्वजायें इस तरह हिल रही

थी जैसे नीदपत्तियाँ स्वयंवर के समय बजाए गए मङ्गल मृदङ्ग की गम्भीर ध्वनि के अनेक प्रकारों के अनुसार अङ्गादि का सञ्चालन करने की बुद्धि का प्रदर्शन कर रही हो।

संस्कृत साहित्य में दण्डि भी पदलालित्य के लिए प्रसिद्ध हैं किन्तु उनका काव्य नैषध के समान सरस नहीं हो सकता। शब्दों के सुन्दर विन्यास एवम् भावों के समुचित निर्वाह में नैषधीयचरित अद्वितीय है—

निपीय यस्य क्षितिरक्षिण कथा
तथाद्रियन्ते न बुधास्सुधामपि ।
नल सितच्छत्रितकीर्तिमण्डल
स राशिरासीन्महस महोज्ज्वल ।। १/१ ।।

जिस पृथ्वी के पालक की कथा का स्वाद लेकर देवता अमृत का भी वैसा आदर नहीं करते हैं जिसने कीर्ति के मण्डप का धवल छत्र बनाया उज्ज्वलों में दीप्यमान वह नल तेजों की राशि था।

यहाँ रूपकालङ्कार की अवतारणा कीर्तिमण्डल का सितच्छत्रित निरूपित करके की गई है।

श्रीहर्ष के काव्य में पदशय्या की स्वाभाविक छटा शब्दों के स्वत गुम्फन में दर्शनीय है—

लताबलालास्य कलागुरुस्तरुप्रसूनगन्धोत्कर पश्यतोहर ।
असेवतामु मधुगन्धवारिणि, प्रणीतलीला प्लवनो वनानिल ।। १/१०६ ।।

लतारूपी अबलाओं का मधुर नृत्य कला में गुरु वृक्षों के पुष्पों की गन्ध सम्पत्ति का चोर और मकरन्दरूपी गन्धयुक्त जल में जलक्रीडा करने वाला वन पवन राजा नल की सेवा कर रहा था।'

निम्नलिखित पद्य संस्कृत के विद्वानों में पदलालित्य के लिए अत्यधिक प्रसिद्ध है—

देवी पवित्रित चतुर्भुजवाम भागा वागालपत् पुनरिमां गरिमाभिरामाम् ।
अस्यारिनिष्कृप कृपाण सनाथपाणे पाणिग्रहादनुगृहाण गण गुणानाम् ।।
नैषधीयचरितम् ११/६६

'विष्णु के वाम भाग को पवित्र करने वाली सरस्वती देवी गरिमा से अभिराम दम (दमयन्ती) से बोली—शत्रुओं में निर्दय तलवार को हाथ में लिये हुए इस (राजा) के विवाह से (अपने या इसके) गुणों के समूह को अनुगृहीत करो।'

यमक अलंकार के द्वारा कामदेव की स्तुति में कैसा पदलालित्य है—

लोकेशकेशवशिवानपि यश्चकार, शृङ्गारसान्तरे भृशान्तर शान्तभावान्।
पञ्चेन्द्रियाणि जगतामिषुपञ्चकेन, संक्षोभयन् वितनुतां वितनुर्मुदं वः॥
नैषध० ११/२५

श्रीहर्ष ने काव्य चमत्कार के लिए श्लेष का अत्यधिक प्रयोग किया है। जहां कहीं भी उन्होंने अपनी कवित्व शक्ति का विलास दिखाना चाहा, वहां श्लेष का प्रधान आश्रय लिया है। श्लेष के सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण उदाहरण नैषध के तेरहवें सर्ग के पाँच श्लोकों के वर्णन सम्बन्धी प्रसङ्ग में उपलब्ध होते हैं, जहां सरस्वती द्वारा नल के रूप में उपस्थित चारों देवताओं तथा नल के स्वरूप का वर्णन प्रस्तुत किया गया है। महाकवि ने इस स्थल पर श्लेष का विन्यास इस चातुर्य के साथ किया है कि प्रत्येक श्लोक का एक अर्थ तो राजा नल के पक्ष में घटता है और दूसरी ओर उस विशिष्ट देवता के पक्ष में जिसका कि वर्णन प्रस्तुत है[1]। चौंतीसवें श्लोक में तो महाकवि की श्लेषसम्बन्धी कला का चरमोत्कर्ष पूर्ण रूप से प्रस्फुटित हुआ है जहाँ एक ही श्लोक के पाँच अर्थ हैं, जो एक साथ नल व चारों देवताओं के सम्बन्ध में पृथक्-पृथक् रूप से घटते हैं—

देव पतिर्विदुषि! नैषधराजगत्या, निर्णीयते न किमु न व्रियते भवत्या।
नायं नलः खलु तवातिमहानलाभो यद्येनमुज्झसि वरः कतरः पुनस्ते॥
नैषध० १३/३४

उपर्युक्त अलङ्कारों के अतिरिक्त श्रीहर्ष ने उपमा, अतिशयोक्ति, विरोधाभास, स्वभावोक्ति, दृष्टान्त, अर्थान्तरन्यास आदि अलङ्कारों का समुचित प्रयोग किया है। अलङ्कारप्रदर्शन तथा पाण्डित्य प्रकाशन की तरह कवि ने छन्द प्रयोग की कुशलता भी व्यक्त की है। पूरा एक सर्ग हरिणी छन्द में है। माघ में कुल छन्द १६ हैं किन्तु नैषध में कुल छन्द १९ हैं।

---

१ नैषधचरित महाकाव्य (आचार्य सुरेन्द्र देव शास्त्री लिखित भूमिका) पृ० ३७

नैषध का प्रधानरस शृङ्गार है, अन्य रस उसके सहायक हैं। सम्भोग और विप्रलम्भ दोनों प्रकार के शृङ्गारों की व्यञ्जना कवि ने की है तथापि श्रीहर्ष के शृङ्गार में कालिदास जैसी स्वाभाविकता नहीं है। कहीं-कहीं यह अश्लील भी हो गया है जिसकी विद्वानों ने आलोचना की है।

श्रीहर्ष ने दमयन्ती की लज्जा का एक अत्यन्त मनोरम चित्र खींचा है—

कर स्रजा सज्जतरस्तदीय प्रियोन्मुख सन्विरराम भूय ।
प्रियाननस्यार्द्ध पथ ययौ च प्रत्याययौ नातिचल कटाक्ष ।।

नैषधीयचरितम् १४/२८

प्रिय को पहिनाने के लिए माला से सुसज्जित दमयन्ती का हाथ प्रिय के सामने होकर फिर विरत हो गया। उसी प्रकार उसका अति चचल कटाक्ष प्रिय के मुख के आधे रास्ते तक जाकर ही (लज्जावश) वापस लौट आया।

दमयन्ती की आँखें नल के मुख कमल तक गयीं तो भी तुरन्त लौटीं और लौटते समय प्रिय सखी सरस्वती के मुख का भी देखती आयीं—

कय कयचिन्निषधेश्वरस्य कृत्वास्यपद्म दरवीक्षितश्री
वाग्देवताया वदनेन्दुबिम्ब स्रपावती साकूत सामिदृष्टम् ।।

नैषध० १४/३०

नायक-नायिका के मध्य परिहास का एक उदाहरण प्रस्तुत है—

वीक्ष्य पत्युरधर कृशोदरी वन्धुजीवमिव भृङ्ग सगतम् ।
मञ्जुल नयन कज्जलैर्निजै सवरीतुमशकत्स्मित न सा ।।

नैषध० १८/१२५

नल के ओठों पर नेत्र चुम्बन के कारण पड़ी हुई कज्जलरेखा को देखकर दमयन्ती की मुसकान रोके न रुकी और नल के पूछने पर वह उनके हाथ में दर्पण दे देती।

नैषध में गम्भीरता पद पद पर दृष्टिगोचर होती है। यह गम्भीरता ऐतिहासिक एवम् पौराणिक सकेतों की बहुलता के कारण और भी अधिक बढ़ जाती है। श्रीहर्ष को इतिहास-पुराण का विस्तृत ज्ञान था। अत्यन्त प्रसिद्ध पौराणिक आख्यानों के अतिरिक्त उन्होंने अत्यन्त अपरिचित कथाओं का भी स्थान-स्थान पर उल्लेख किया है। एक ही कथानक कई रूपों में कई स्थानों पर उल्लिखित हुआ है[1]।

श्रीहर्ष में संस्कृत महाकाव्य की आलकारिक शैली का चूडान्त निदर्शन प्राप्त होता है। उनके बाद इस कोटि का कोई संस्कृत काव्य नहीं लिखा गया, अत वे सदैव स्मरणीय रहेंगे।

---

१ डॉ चण्डिका प्रसाद शुक्ल नैषध परिशीलन पृ २६६

# नैषधीय चरितम्

## तृतीयः सर्ग

आकुञ्चिताभ्यामथ पक्षतिभ्यां नभोविभागात्तरसा ऽवतीर्य ।
निवेशदेशाततधूतपक्षः पपात भूमावुपभैमि हंसः ॥१॥

अन्वय —अथ हंस आकुञ्चिताभ्याम पक्षतिभ्याम नभोविभागात् तरसा अवतीर्य निवेशदेशाततधूतपक्ष (सन्) उपभैमि भूमौ पपात ॥

शब्दार्थ —अथ = मण्डलाकार भ्रमण करने के बाद, हंस = हंस आकुञ्चिताभ्याम् पक्षतिभ्याम् = समेटे हुए पंखो से, नभोविभागात् = आकाश से, तरसा = वेगपूर्वक, अवतीय = उतरकर, निवेशदेशाततधूतपक्ष = बैठने की जगह पर पंखो को फैलाये और हिलाए हुए उपभैमि = दमयन्ती के पास, भूमौ = भूमि पर पपात = गिर गया अर्थात् उतर गया ।

अनुवाद —मण्डलाकार भ्रमण करने के बाद हंस पंख समेट कर आकाश से वेगपूर्वक उतर बैठने की जगह पंखो को फैलाकर और हिलाकर दमयन्ती के पास भूमि पर उतर गया ।

जीवातु संस्कृत टीका —आकुञ्चिताभ्यामिति । अथमण्डलीकरणानन्तर हंस । आकुञ्चिताभ्या पक्षमूलाभ्या नभोविभागादाकाशदेशात्तरसा वेगनावतीर्य निवेशदेशे उपनिवेशस्थान आततौ विस्तारितौ धूतौ कम्पितौ च पक्षौ येन स तथा सन्नुपभैमि भैम्या समीप साभीप्येऽव्ययीभाव , नपुंसकत्वं, ह्रस्वत्वं च । भूमौ पपात । स्वभावोक्तिरलङ्कार ॥१॥

समास विग्रहादि —हसनीति हंस । नभसो विभाग नभोविभाग तस्मात् नभोविभागात् निवेशस्य देश निवेशदेश , समन्तात् ततौ आततौ आततौ धूतौ पक्षौ येन स आततधूतपक्ष , निवेशदेशे आततधूतपक्ष इति निवेशदेशाततधूतपक्ष

तस्या समीप उपनेमि।

व्याकरण —अवतीर्य अव + तॄ + क्त्वा (ल्यप्) पपात = पत् लिट् + तिप्।
विशेष —१–इस श्लोक में स्वभावोक्ति अलङ्कार है।

२–प्रथम चरण में इन्द्रवज्रा और द्वितीय तृतीय तथा चतुर्थ चरण में उपेन्द्रवज्रा होने से यहाँ उपजाति छन्द है। इन्द्रवज्रा और उपेन्द्रवज्रा के मिश्रित रूप को उपजाति कहा जाता है।

पूर्वाभास —हंस के पृथ्वी पर अकस्मात् आने से जो शब्द उत्पन्न हुआ, उससे दमयन्ती के मन में घबराहट हुई।

**आकस्मिक पक्षपुटाहताया क्षितेस्तदा य स्वन उच्चचार।**
**द्रागन्यविन्यस्तदृश स तस्या सम्भ्रान्तमन्त करण चकार॥२॥**

अन्वय — तदा पक्षपुटाहताया क्षिते आकस्मिक य स्वन उच्चचार स अन्यविन्यस्तदृश तस्या अन्त करणम् द्राक् सम्भ्रान्तम् चकार।

शब्दार्थ —तदा = हंस के आने के समय पक्षपुटाहताया = पंखों से ताडित हुई, क्षिते = पृथ्वी से आकस्मिक = आकस्मिक, य = जो स्वन = ध्वनि उच्चचार = उत्पन्न हुई स = उसने अन्यविन्यस्तदृश = दूसरी ओर दृष्टि डाली हुई, तस्या = दमयन्ती के अन्त करणम् = मन को, सम्भ्रान्त = घबराहट से युक्त, चकार = कर दिया।

अनुवाद —हंस के आने के समय पंखों से ताडित हुई पृथ्वी से आकस्मिक जो ध्वनि हुई, उसने दूसरी ओर दृष्टि लगाए हुई दमयन्ती के मन को घबराहट से युक्त कर दिया।

भावार्थ —जिस समय हंस पृथ्वी पर आया उस समय दमयन्ती दूसरी ओर दृष्टि लगाए हुई थी। हंस के एकाएक आने से दमयन्ती के मन में घबराहट उत्पन्न हुई।

जीवातु संस्कृत टीका —आकस्मिक इति। तदा पतन समये पक्षपुटाहताया क्षिते अकस्माद्भव आकस्मिक अदृष्टहेतुको निर्हेतुक इत्यर्थ। य स्वना ध्वनिरुच्चचार उत्थित, स स्वन अन्यविन्यस्तदृश विषयान्तरनिविष्टदृष्टेस्तस्या भैम्या अन्त करण द्राक् झटिति सम्भ्रान्त ससम्भ्रम चकार। अकाण्डे सम्भावित शब्दश्रवणाद्भयम् इत्यविशारदत्वादिति। स्वभावोक्ति।

समासविग्रहादि—पक्षयो पुट पक्षपुट तेन आहृता इति पक्षपुटाहृता तस्या इति पक्षपुटाहृतया । अकस्मात् भव आकस्मिक, विन्यस्ते दृशौ यया सा विन्यस्तदृश, अनवस्मिक विन्यस्त दृक् तस्या इति अन्यविन्यस्तदृश ।

व्याकरण—आकस्मिक = अकस्मात् + ठक्, टि लोप । स्वन = स्वन् + अप् (भावे) । उच्चचार = उद + चर् + लिट् + तिप् । मम्भ्रान्तम् = मम् + भ्रम + क्त- + अम् ममार = वृ + लिट + तिप् ।

विशेष —यहाँ स्वाभाविक वर्णन होने से स्वभावोक्ति अलङ्कार है ।

पूर्वाभास —दमयन्ती की सखियाँ हम को देखने लगी ।

**नेत्राणि वैदर्भसुता सखीना विमुक्ततत्तद्विषयग्रहाणि ।**
**प्रापुस्तमेक निरुपाख्यरूपं ब्रह्मे व चेतासि यतव्रतानाम् ॥३॥**

अन्वय —वैदर्भसुतासखीना नेत्राणि विमुक्ततत्तद्विषयग्रहाणि एक निरुपाख्यरूप त हम यतव्रतानां चेतासि ब्रह्म इव प्रापु ।

शब्दार्थ —वैदर्भसुता सखीना = दमयन्ती की सखियों के नेत्रों ने, विमुक्ततत्तद्विषयग्रहाणि = उन उन विषयों का ग्रहण छोडकर, एक = अकेले, निरुपाख्यरूप = अनिर्वचनीय रूप वाले, त हस = उस हस को, यतव्रताना = योगियो के, चेतासि = चित्त, ब्रह्म इव —जिस प्रकार ब्रह्म को प्राप्त करते हैं, इसी प्रकार प्रापु = पाया ।

अनुवाद —दमयन्ती की सखियों के नेत्रो ने उन उन विषयों का ग्रहण छोडकर अकेले अनिर्वचनीय रूप वाले उस हस को उसी प्रकार पाया, जिस प्रकार योगियों के चित्त ब्रह्म को प्राप्त करते है ।

भावार्थ —वह हस अकेला था । वह इतना अधिक सुन्दर था कि उसके रूप का वर्णन नहीं किया जा सकता था । जब वह पृथ्वी पर आया तो दमयन्ती की सखियो ने दूसरी वस्तुओं से अपनी दृष्टि हटा ली और उस हस की ओर उसी प्रकार देखने लगी, जिस प्रकार योगी लोग ब्रह्म का अवलोकन करते हैं ।

जीवातु सस्कृत टीका —नेत्राणीति । विदर्भाणा राजा वैदर्भ । तस्य सुताया भैम्या सखीना नेत्राणि विमुक्तास्तत्तद्विषयग्रहा तत्तदर्थग्रहणानि अन्यत्र तत्तद्विषयासङ्गो यैस्तानि सन्ति एकमेकवरम् अद्वितीयञ्च नोपाख्यान इति निरु—

पारमार्थिक रूपमाकार स्व स्वरूप च यस्य त पुरोवर्तिन हस तत्पदार्थं यतव्रताना योगिना चेनासि ब्रह्म परमात्मानमिव प्राप्तु, अन्यादरेणाद्राक्षुरित्यर्थ ।

समासविग्रहादि —विदर्भाणा राजा वैदर्भ वैदर्भस्य सुता वैदर्भसुता तस्या सखीनाम् इति वैदर्भसुतासखीना। ते च त च तत्ते तत्तो च ते विषया तत्तद्विषया, तत्तद्विषयाणा ग्रहा तत्तद्विषयग्रहा विमुक्ता तत्तद्विषयग्रहा यैस्तानि विमुक्ततत्तद्विषयग्रहाणि। निर्गता उपाख्या यस्मात्तत निरुपाख्य तत् रूप यस्य तत निरुपाख्यरूपम्। यत व्रत येषा ते यतव्रता तेषाम् इति यतव्रतानाम्।

व्याकरण —वैदर्भ =विदर्भ + अण् सुता सु - क्त + टाप् ग्रह = ग्रह + अच, निरुपाख्य = निर् + उप + आ + ख्या ।

विशेष —यहा सखिया के नेत्रो की तुलना योगियो के चित्त से तथा हस की तुलना ब्रह्म से की जाने के कारण उपमा अलङ्कार है।

पूर्वाभास —दमयन्ती ने हस को पकडने का निश्चय किया।

**हस तनौ सन्निहित चरन्त मुनेर्मनोवृत्तिरिवस्विकायाम् ।**
**ग्रहीतुकामादरिणा शयेन यत्नादसौ निःचलता जगाहे ॥४॥**

अन्वय —असौ मुने मनोवृत्ति इव स्विकाया तनौ सन्निहित चरन्त हसम् अदरिणा शयेन (आदरिणा आशयेन वा) ग्रहीतुकामा (सती) यत्नात् निश्चलता जगाहे।

शब्दार्थ —असौ=दमयन्ती, मुने =मुनि की, मनोवृत्ति इव=मनोवृत्ति के समान, स्विकाया=अपने, तनौ सन्निहित=शरीर के निकट, चरन्त=विचरण करते हुए, हसम्=हस को, अदरिणा=निर्भय, शयेन=हाथ से, (मुनि की मनोवृत्ति के पक्ष मे आदरयुक्त मन से), ग्रहीतुकामा=पकडने की इच्छुक, सती=होकर, यत्नात्=यत्न पूर्वक, निश्चलता जगाहे=निश्चल हो गई।

अनुवाद —अपने शरीर के भीतर स्थित परमात्मा (हस) को आदर-पूर्ण मन से ग्रहण करने की इच्छुक प्रयत्न पूर्वक निश्चल बनी योगी की मनो-वृत्ति की तरह वह दमयन्ती अपने शरीर के निकट विचरण करते हुए हस को निर्भय हाथ से पकडने की इच्छुक होकर यत्न पूर्वक निश्चल हो गई।

भावार्थ —जिस प्रकार योगी अपने शरीर के भीतर स्थित परमात्मा को ग्रहण करने का इच्छुक होता है उसी प्रकार दमयन्ती भी उस हंस को पकड़ने में दत्तचित्त हो गई जो उसके शरीर के समीप विचरण कर रहा था।

जीवातु संस्कृत टीका —असौ दमयन्ती मुनेर्मनोवृत्तिरिव स्वकीयायाः स्वकीयायाः 'प्रत्ययस्थात्कात् पूर्वस्येतीकार'। तनौ शरीरान्तिके अन्यत्र तदभ्यन्तरे सन्निहितमासन्नमाविर्भूतं च चरन्तं वसमानं च हंसं मरालं परमात्मानं च, 'हंसो विहङ्गभेदे च परमात्मनि मत्सरे' इति विश्वः। अदरिणा निर्भीकेण शयेन पाणिना दरो स्त्रियां भये श्वभ्रे' पञ्चवराशाव शये पाणिनिस्त्वसरः। अन्यत्र आदरिणा आदरवता आलयेन चित्तेन ग्रहीतुकामा साक्षात्कर्तुकामा च यत्नात् निश्चलतां निश्चलाङ्गत्वं जगाहे जगाम।

समासविग्रहादि —मनसो वृत्तिः मनोवृत्तिः। दरः अस्यास्तीति दरी, न दरी अदरी तेन, ग्रहीतुं कामः यस्याः सा ग्रहीतुकामा निश्चलस्य भावो निश्चलता ताम् निश्चलता,।

व्याकरण —सन्निहितं=सम+नि+धा+क्त+अम् चरन्तं=चर्+लट्+शतृ+अम निश्चलतां=निश्चल+तल्+टाप्+अम्।

विशेष —दमयन्ती की मुनि की मनोवृत्ति तथा हंस की हंस (परमात्मा) से तुलना करने के कारण यहां उपमा अलङ्कार है। मुने मनो में छेकानुप्रास है। अदरिणा, आदरिणा में श्लेषालङ्कार है।

## तामिङ्गितैरप्यनुमायमायामयं न धैर्याद् वियदुत्पपात।
## तत्पाणिमात्मोपरिपातुकं तु मोघं वितेने प्लुतिलाघवेन॥५॥

अन्वय —अयं तां मायाम् इङ्गितैः अनुमाय अपि धैर्यात् वियत् न उत्पपात। आत्मोपरिपातुकं तत्पाणिं तु प्लुतिलाघवेन मोघं वितेने।

शब्दार्थ —अयं=यह हंस तां मायाम्=उस दमयन्ती की माया को, इङ्गितैः=चेष्टाओं से, अनुमाय=अनुमापित कर (जानकर) अपि=भी धैर्यात्=धैर्य के कारण, वियत्=आकाश में, न उत्पपात्=नहीं उड़ा। तु=अपितु, आत्मोपरिपातुकं=अपने ऊपर पड़ने वाले, तत्पाणिं=उसके हाथ को, प्लुतिलाघवेन=उड़ने की निपुणता से मोघं=निष्फल, वितेने=कर दिया।

अनुवाद—यह हंस दमयन्ती की माया की चेष्टाओं से जानकर भी धैर्य के कारण आकाश में नहीं उड़ा, अपितु अपने ऊपर पड़ने वाले उसके हाथ को उड़ने की निपुणता से निष्फल कर दिया।

भावार्थ—हंस यद्यपि दमयन्ती की मायामयी चेष्टाओं को जान रहा था, तथापि वह आकाश में नहीं उड़ा अपितु ज्यों ही दमयन्ती उसे हाथ से पकड़ने लगी, त्यों ही वह कुछ ऊँचाई पर उड़ गया। इस प्रकार उसने दमयन्ती के प्रयास को निष्फल कर दिया।

जीवातु संस्कृत टीका—तामिति। अयं हंसस्तां पूर्वोक्तां मायां कपटमिङ्गितैश्चेष्टितैरनुमाय निश्चित्यापि धैर्यात् स्थैर्यमास्थाय ल्यब्लोपे पञ्चमी। वियदाकाशं प्रति नोत्पपात् नात्पतितवान् आत्मन उपरि पातुकमापतयालु 'लषपते' त्यादिना उकञ् प्रत्ययः। तस्याः पाणि तु प्लुतिलाघवेन उत्प्लवनकौशलेन मोघं वितेने विफलयत्नमकरोत इत्याशयः अनयति न तु पाणौ लगतीत्यर्थः॥

व्याकरण—अनुमाय- अनु+माङ्+क्त्वा (ल्यप्) धैर्यात्= धीर+ष्यञ्, ल्यब्लोपे कर्मण्यधिकरणे च से ल्यप के लोप में पञ्चमी। उत्पपात=उद्+पत्+लिट् तिप्। पातुकम्=पत्+उकञ्, प्लुति=प्लु+क्तिन्। लाघवम्=लघु+अण् वितेन=वि+तनु+लिट्+त।

समासविग्रहादि—आत्मनः उपरि पातुक तम् इति आत्मोपरिपातुकं, तस्याः पाणि तत्पाणि तम् इति तत्पाणिं, प्लुतेलाघवं प्लुतिलाघवं तं प्लुतिलाघव तेन प्लुतिलाघवेन।

विशेष—हंस का स्वाभाविक वर्णन करने से यहाँ स्वभावोक्ति अलङ्कार है।

माय, माया, मन में शब्द साम्य होने के कारण अनुप्रास अलङ्कार है।

पूर्वाभास—दमयन्ती द्वारा हंस न पकड़ा जाने के कारण उसकी सखियों ने हँसी की।

**व्यर्थीकृतं पत्ररथेन तेन तथाऽवसाय व्यवसायमस्याः।**
**परस्परामर्पितहस्ततालं तत्कालमालीभिरहस्यतालम्॥६॥**

अन्वय—अस्याः व्यवसायम् तेन पत्ररथेन तथा व्यर्थीकृतं अवसाय तत्कालम् परस्परम् अर्पितहस्ततालम् आलीभिः अलम् अहस्यत।

शब्दार्थ —अस्या =दमयन्ती के, व्यवसायम्=प्रयत्न को, तेन पत्र-रथेन=उस (हंस) पक्षी द्वारा तथा=उस प्रकार, व्यर्थीकृतम्=व्यर्थ किया हुआ, अवसाय=जानकर, तत्कालम्=उस समय, परस्परम्=आपस में, अर्पितहस्ततालम्=ताली बजाकर, आलीभिः=सखियों के द्वारा, अलम्=अत्यधिक, अहस्यत्=हंसी की गई।

अनुवाद —दमयन्ती के प्रयत्न को हंस पक्षी द्वारा उस प्रकार व्यर्थ किया हुआ जानकर सखियों ने परस्पर ताली बजाकर अत्यधिक हंसी की।

भावार्थ —जब सखियों ने देखा कि दमयन्ती के प्रयत्न को हंस ने उड़कर विफल कर दिया है तो उन्होंने आपस में ताली बजाकर दमयन्ती की खूब हंसी की।

जीवातु संस्कृत व्याख्या —व्यर्थीकृतमिति। अस्याः भैम्या व्यवसायं हंसग्रहणोद्योगं तेन पतत्रिणा पक्षिणा व्यर्थीकृतं तथा अवसाय ज्ञात्वा तत्कालं तस्मिन् काले अत्यन्तसंयोगे द्वितीया। स एव कालो यस्येति बहुव्रीहौ क्रियाविशेषणं वा। परस्परं परस्परस्यामित्यर्थः। कर्मव्यतिहारे सर्वनाम्नो द्विर्भावः समासवच्च बहुलमिति बहुलग्रहणादसमासवद्भावे पूर्वपदस्य प्रथमैकवचने वक्तव्यादित्वाद्विसर्जनीयस्य सत्वमुत्तरपदस्य यथा योगं द्वितीयाद्येकवचनं 'स्त्रीनपुंसकयोरुत्तरपदस्थायाविभक्तेराम्भावो वक्तव्यः' इति विकल्पादामादेशः। अर्पितहस्ततालं दत्तहस्ततालनं यथा तथा आलीभिः सखिभिरलम् अत्यर्थम् अहस्यत हसितम्। भावे लङ्।

समासविग्रहादि —पतत्रम् एव रथः यस्य सः पतत्ररथः तेन पतत्ररथेन। विगतः अर्थः यस्मात् स व्यर्थः, अव्यर्थो व्यर्थो यथा सम्पद्यते तथा कृतं व्यर्थीकृतं तम् व्यर्थीकृतम्। हस्ताभ्यां तालः हस्ततालः, अर्पितो हस्ततालो यस्मिन् तद् यथा तथा अर्पितहस्ततालम्।

व्याकरण —व्यर्थीकृतम्=व्यर्थ+च्वि, दीर्घ+कृ+क्त (कर्मणि)+अम्, अवसाय=अव+सो+ल्यप्, अहस्यत=हस+लङ्+त।

विशेष —यहाँ 'वसाय' 'वसाय' तथा 'तालं' 'ताल' में यमक अलङ्कार है।

पूर्वाभास —अपनी हंसी उड़ाने देखकर दमयन्ती ने सखियों को उलाहना दिया।

**उच्चाटनीयः करतालिकानां दानादिदानीं भवतीभिरेष।**
**याऽन्वेति मां द्रुह्यति मह्यमेव साऽत्रेत्युपालम्भितयाऽऽलिवर्गः ॥७॥**

अन्वय —(हे सख्य) इदानीम् भवतीभिः एष करतालिकानाम् दानात् उच्चाटनीय ? अत्र या माम् अन्वेति, सा मह्यम् एव द्रुह्यति, इति तया आलिवर्गं उपालम्भि।

शब्दार्थ —(हे सख्य =हे सखियो), इदानीम्=इस समय, भवतीभिः=आप लोगो के द्वारा, एष=यह हंस, करतालिकानाम् दानात्=तालियाँ बजाकर, उच्चाटनीय =भगाया जाना चाहिए था क्या ? अत्र आप लोगो म से, या=जो, माम्=मुझे अन्वेति=अनुसरण करेगी, सा=वह, मह्यम्=मुझसे, एव=ही, द्रुह्यति=द्रोह करेगी, इति=इस प्रकार, तया=उसने, आलिवर्ग =सखियो के समूह को, उपालम्भि=उलाहना दिया।

अनुवाद —हे सखियो ! इस समय आप लोगो के द्वारा यह हंस क्या तालियाँ बजाकर भगाया जाना चाहिए था ? आप लोगो मे से जो मेरा अनुसरण करेगी, वह मुझसे ही द्रोह करेगी, इस प्रकार उसने सखियो के समूह को उलाहना दिया।

भावार्थ —दमयन्ती न सखियों से कहा कि आप लोगो को तालियाँ बजाकर हंस को भगाना नहीं चाहिए था। अब जो भी सखी मेरे पीछे आयेगी वह मेरे साथ द्रोह करेगी, इस प्रकार दमयन्ती ने सखियों को उलाहना दिया।

जीवातु संस्कृत टीका —उच्चाटनीय इति। हे सख्य भवतीभिरेष हंस करतालिकाना दानादन्योन्यहस्तताडनकरणादुच्चाटनीय निवारणीय किमिति काकु, नोच्चाटनीय एवेत्यर्थ । अत्र आसु मध्ये या माम् अन्वेति सा मह्यमेव द्रुह्यति मा जिघासतीत्यर्थ । 'क्रुधद्रुह'इत्यादिना सम्प्रदानत्वात् चतुर्थी। इतीत्थं तया भैम्या आलिवर्ग सखीसघ उपालम्भि अशापि, शापनैव निवारित इत्यर्थ ।

समासविग्रहादि —करयोस्तालिका तासाम् करतालिकानाम्।

व्याकरण —उच्चाटनीय = उद् + चट् + णिच् + अनीयर् + सु, अन्वेति=अनु + इण् + लट् + तिप्, द्रुह्यति=द्रुह् + लट् + तिप्, उपालम्भि= उप + आङ् + लभ + लुङ्।

विशेष —'दाना' 'दानी' मे छेकानुप्रास अलङ्कार है।

पूर्वाभास —दमयन्ती हंस के पीछे उसी प्रकार लग गई, जिस प्रकार श्यामा छाया सूर्य के सामने जाने वाले पुरुष के पीछे लगती है।

**धृताल्पकोपा हसिते सखीनां छायेव भास्वन्तमभिप्रयातुः।**
**श्यामाऽथ हंसस्य कराऽनवाप्तेर्मन्दाक्षलक्ष्या लगति स्म पश्चात्॥८॥**

अन्वय—अथ सखीना हसिते घृनाल्पकोपा भास्वन्तम् अभिप्रयातु छाया इव श्यामा करानवाप्ते मन्दाक्षलक्ष्या (सती) हसस्य पश्चात् लगति स्म।

शब्दार्थ— अथ=अनन्तर, सखीना=सखियों के, हसिते=हसने पर घृनाल्पकोपा=कुछ कोप करने वाली, भास्वन्तम्=सूर्य के, अभिप्रयातु=सम्मुख जाने वाले की, छाया इव=छाया के समान, श्यामा=यौवनवती दमयन्ती, करानवाप्ते=हाथ से (हस को) न पाने से (पक्ष मे–किरणो को न प्राप्त करने से) मन्दाक्षलक्ष्या सती=लज्जायुक्त होती हुई (मन्द दृष्टि वालो को दिखाई पडती हुई) हसस्य=हस पक्षी के (अथवा सूर्य के) पश्चात्=पीछे, लगति स्म=लग जाती है।

अनुवाद— अनन्तर सखियो के हसने पर कुछ कोप करने वाली तथा हस को हाथ से न पाने के कारण लज्जायुक्त होती हुई यौवनवती दमयन्ती सूर्य के सम्मुख चलने वाले पुरुष की छाया जैसे उसके पीछे लग जाती है, उसी प्रकार हस के पीछे लग गई।

भावार्थ— मन्ददृष्टि वाले व्यक्ति को भास्वर सूर्य तो दिखाई नही पडता, किन्तु छाया उसके दृष्टिगोचर होती है। जिस प्रकार सूर्य के सम्मुख चलने वाले पुरुष की छाया उसके पीछे लग जाती है, उसी प्रकार दमयन्ती भी हस के पीछे लग गई।

जीवातु सस्कृत टीका— घृनेति। अथ सखीनिवारणानन्तर सखीना हसिते हासनिमित्ते घृनाल्पकोपा तासु ईषत्कोपा इत्यर्थ । भास्वन्तमभिप्रयातु सूर्याभिमुख गच्छत छाया अनातपरेखेव श्यामा यौवनमध्या 'श्यामा यौवनमध्यस्था' इत्युत्पलमालायाम् । अन्यत्र श्यामा नीला, हसस्य कर्मणि षष्ठी । करेण हस्तेन अनवाप्तेरग्रहणाद्धेतोर्मन्दाक्ष ह्रीस्तेन लक्ष्या उपलक्ष्या ह्रीणा सतीत्यर्थ । अन्यत्र हसस्य सूर्यस्य करानवाप्ते अंशुसम्पर्काभावात् मन्दाक्षैरपटुदृष्टिभिर्लक्ष्या ग्राह्या तैं छाया लक्ष्यते न प्रकाश इति भाव । पश्चाल्लगति स्म पृष्ठे लग्नाऽभूत् प्राप्त्याशया तमन्वगात्। 'रविश्वेतच्छदौ हसौ,' 'बलिहस्तांशव करा' इति चामर ॥

समासविग्रहादि— घृन अल्प कोपो यस्या सा घृनाल्पकोपा, न अवाप्ति अनवाप्ति, करेण अनवाप्ति तस्या अथवा कराणाम् अनवाप्ति तस्या करानवाप्ते । मन्दे अक्षिणी (नेत्रे) येषा ते मन्दाक्षा, मन्दाक्षै लक्ष्या इति मन्दालक्ष्या ।

व्याकरण —हसिते=हस+क्त+ङि, भास्वन्त=भास्+मतुप्+अम् अभिप्रयातु =अभि+प्र+या+तृच+डस ।

विशेष— यहाँ दमयन्ती की छाया से तुलना भी गई है, अत उपमा अलङ्कार है। कर, हस आदि शब्दों के कारण श्लेष अलङ्कार है।

पूर्वाभास —दमयन्ती हस के सम्मुख यात्रा को शुभ शकुन बतलाती है।

**शस्ता न हसाभिमुखी तवेयं यात्रेतिताभिश्छलहास्यमाना ।**
**साह स्म नैवाशकुनीभवेन्मे भाविप्रियावेदक एष हस ॥६॥**

अन्वय— "तव इय हसाभिमुखी यात्रा शस्ता न" इति ताभि छल-हस्यमाना (सती) सा भाविप्रियावेदक एष हसो मे न अशकुनीभवेत् एव इति आह स्म ।

भावार्थ— तव=तुम्हारी, इय=यह हसाभिमुखी=हस के सम्मुख (अथवा सूर्य के सम्मुख) यात्रा—गमन, शस्ता न—प्रशसनीय नही है, इति=इस प्रकार, ताभि=सखियो के द्वारा, छलहस्यमाना=छल से उपहास की जाती हुई, सा=दमयन्ती ने, भाविप्रियावेदक=आगामी प्रिय का सूचक, एष हस=यह हस, मे=मेरे लिए न अशकुनीभवेत्=अपशकुन (अथवा अपक्षी) नही होगा, इति आह स्म=ऐसा कहा ।

अनुवाद— तुम्हारी यह हस के सम्मुख यात्रा प्रशसनीय है, इस प्रकार सखियो के द्वारा छल से उपहास की जाती हुई दमयन्ती ने आगामी प्रिय का सूचक यह हस मेरे लिए अपशकुन नही होगा, ऐसा कहा।

भावार्थ— यहाँ हस शब्द का अर्थ हस पक्षी और सूर्य दोनो है। सखियो के कहने का तात्पर्य यह है कि हस अर्थात् सूर्य के सम्मुख यात्रा करना प्रशसनीय नही है। इस पर दमयन्ती उत्तर देती है कि आगामी प्रिय का सूचक यह हस (हस पक्षी) मेरे लिए अशकुन=अर्थात् अपक्षी नही है, अपितु शकुन (शुभ चिह्न) है।

जीवातु सस्कृत टीका— शस्तेति । तवेय हसस्य श्वेतच्छदस्य चाभिमुखी यात्रा गमन न शस्ता न प्रशस्ता श्रेयस्करी न शास्त्रविरोधात् श्रम-सन्तापदृष्टदोषाच्चेति भाव । इतीत्य ताभि छलेन व्याजोक्त्या हस्यमाना सती भाविप्रियावेदको मङ्गलमूर्तित्वादा गामि शुभसूचक एष हसो मे मम नाशकुनी-भवेदव, किन्तु शकुनमेव भवेदित्यर्थ । अपक्षी न भवेदिति च गम्यते 'शकुनन्तु शुभाशसनिमित्ते शकुन शुभानिति विश्व । 'अभूततद्भावे च्वि' विप्याग्निर्त्वेन प्रार्थने लिङ् इत्याह स्म अवोचत्, ब्रुव पञ्चानामित्यादादेश । एतेन तदीय-यात्रानिषेधान्तदोष परिहृता वेदितव्य ।

समासविग्रहादि—हम्सस्य अभिमुखी इति हंसाऽभिमुखी। छलेन हस्य-माना छलहस्यमाना। भावि न तत्प्रियम् तस्य आवेदक इति।

व्याकरण—हस्यमाना = हस + लट् + यक् + शानच् + टाप्। अशकुनीभवेत् = अशकुन + च्वि + भू + लिङ्।

विशेष—इस पद्य मे श्लेष, वक्रोक्ति तथा अपह्नुति अलङ्कार है। जहाँ प्रकृत का निषेध कर अन्य की स्थापना की जाती है, वहाँ अपह्नुति अलङ्कार होता है। यहाँ सखियो ने हस का निषेध कर सूर्य की स्थापना की अत अपह्नुति अलङ्कार है।

पूर्वाभास—हस भी मानो दमयन्ती का उपहास कर रहा था।

**हंसोऽप्यसौ हंसगतेस्सुदत्या पुर पुरश्चारु चलन् बभासे।**
**वैलक्ष्य हेतोर्गतिमेतदीयामग्रेऽनुकृत्योपहसन्निवोच्चै ॥१०॥**

अन्वय—असौ हस अपि हसगते सुदत्या पुर पुर चलन् वैलक्ष्यहेतो एतदीयाम् गतिम् अग्रे अनुकृत्य उच्चै उपहसन् इव बभासे।

शब्दार्थ—असौ = वह, हस अपि = हस भी, हसगते = हस के समान गति वाली, सुदत्या = सुन्दर दाँतो वाली दमयन्ती के, पुर पुर = आगे आगे, चलन् = चलता हुआ, वैलक्ष्य हेतो = (उसे) लज्जित करने हेतु एतदीयाम् = इसकी (दमयन्ती की), गतिम् = गति का, अनुकृत्य = अनुगमन कर, उच्चै उपहसन् इव = मानो अत्यधिक उपहास करता हुआ सा, बभासे = सुशोभित हुआ।

अनुवाद—वह हस भी हस के समान गति वाली सुन्दर दाँतो वाली दमयन्ती के आगे आगे चलता हुआ उसे लज्जित करने हेतु उसकी गति का अनुगमन कर मानो अत्यधिक उपहास करता हुआ सा सुशोभित हुआ।

भावार्थ—दमयन्ती की चाल हस के समान सुन्दर थी। उसी की चाल का अनुसरण करता हुआ हस मानो उसकी हँसी उडा रहा था।

जीवातु सस्कृत टीका—एव दमयन्ती व्यापार मुक्त्वा सम्प्रति हसस्य व्यापारमाह–हसोऽपीति। असौ हंसोऽपि हसस्य गतिरिव गतिर्यस्या-स्तस्या सुदत्या शोभनदन्ताया भैम्या, सुदती व्याख्याता। पुर पुर वीप्साया द्विर्भाव। अग्रे समन्तात्, चारु चलन् रम्य गच्छन् सन् वैलक्ष्यमेव हेतुस्तस्य वैलक्ष्य हेतो, अहो मामयमपि विडम्बयतीति तस्या अपि विस्मयजननार्थमित्यर्थ।

विलक्षो विस्मयान्वित इत्यमरः। 'षष्ठी हेतुप्रयोगे' इति षष्ठी। एतद्दीयाङ्ग तिमनुकृत्य अभिनीय उच्चैरपहसनिवेत्युत्प्रेक्षा बभासे बभौ लोके परिहासाय तच्चेष्टाद्यनुकरणेन परान् विलक्षयन्ति।

समासविग्रहादि—हंसस्य इव गतिर्यस्याः सा हंसगतिः तस्याः हंसगतेः। शोभना दन्ता यस्याः सा सुदती तस्याः वैलक्ष्यस्य हेतुः तस्य वैलक्ष्यहेतोः तस्याः इयम् एतदीया ताम् एतदीयाम्।

व्याकरण—चलन् = चल + शतृ (शानृ) एतदीयाम् = एतत् + छ + टाप। बभासे = भास + लिट् - त।

विशेष—इस पद्य में उत्प्रेक्षा अलङ्कार है। उपमेय के साथ उपमान की सम्भावना को उत्प्रेक्षा कहते हैं।

दमयन्ती की गति की हंस की गति से उपमा दी गई है अतः उपमा अलङ्कार है।

उपमा तथा उत्प्रेक्षा की यहाँ संसृष्टि है।

पूर्वाभास—हंस से आकृष्ट हुई दमयन्ती लताओं के पास पहुंच गई।

**पदे पदे भाविनि भाविनी तं यथा करप्राप्यमवैति नूनम्।**
**तथा सखेलं चलता लतासु प्रतार्य तेनाऽऽचकृषे कृशाङ्गी ॥११॥**

अन्वय—भाविनी कृशाङ्गी भाविनि पदे पदे तं यथा करप्राप्यं नूनं अवैति तथा सखेलं चलता तेन प्रतार्य लतासु आचकृषे।

शब्दार्थ—भाविनी = हंस को पकड़ने की ही मन में भावना भाती हुई, कृशाङ्गी = दुर्बल अङ्गों वाली दमयन्ती, भाविनि = भावी, पदे पदे = पद पद पर, तं = उस हंस को, यथा = जैसे, करप्राप्यं = हाथ से पकड़े जाने वाला, नूनं अवैति = निश्चित रूप से जानती है, तथा = वैसे ही सखेलं—क्रीडापूर्वक, चलता = चलते हुए, तेन = वह हंस, प्रतार्य = बहकाना कर, लतासु—लताओं में (उस दमयन्ती को), आचकृषे = खींच ले गया,

अनुवाद—हंस को पकड़ने की ही मन में भावना भाती हुई दुर्बल अङ्गों वाली दमयन्ती भावी पद पद पर उस हंस को जैसे हाथ से पकड़े जाने वाला निश्चित रूप से जानती है, वैसे ही क्रीडापूर्वक चलता हुआ वह हंस बहकाना कर उस दमयन्ती को लताओं में खींच ले गया।

भावार्थ—दमयन्ती हंस को पकड़ना चाहती थी अतः पद पद पर उसे

यह आशा रही कि अब हम निश्चित रूप से मेरे हाथ मे आ जायेगा। इस प्रकार क्रीडा पूर्वक चलता हुआ हंस कुछ दूर लताओ मे दमयन्ती को खीच ले गया।

जीवातु संस्कृत टीका—पदे पदे इति। भावयन्तीति भाविनि हंस-ग्रहणमेव मनसा भावयन्ती कृशाङ्गी भैमी भाविनि भविष्यत्यनन्तर इत्यर्थः। 'भविष्यति गम्यादय' इति साधु। पदे पदे न हंस यथा करप्राप्य करग्राह्य नून निश्चितमवैति प्रत्येति तथा सखेल चलता गच्छता तेन हंसेन प्रतार्य वञ्चयित्वा लतासु आचकृषे आकृष्टा, एकान्त नीतेत्यर्थ ॥

समासविग्रहादि—कृशानि अङ्गानि यस्या सा कृशाङ्गी। भविष्यतीति भावि तस्मिन् भाविनि, करेण प्राप्य करप्राप्य न करप्राप्य, खेलया सहित यथा तथा सखेल।

व्याकरण—भाविनी=भू+णिच्+णिनि+ङीप्। अवैति=अव+इण्+लट्+तिप्। चल+लट्+(शतृ)+टा। आचकृषे=आङ्+कृष+लिट्+त।

विशेष—इस पद्य मे भावि भावि तथा लता लता मे यमक एवम् भाविनि भाविनी एवम् कृषे कृशा मे अनुप्रास अलङ्कार है। इन दोनो अलङ्कारो के कारण यहाँ संसृष्टि अलङ्कार भी है।

पूर्वाभास—दमयन्ती को थका हुआ तथा अकेला जान हंस उसस बोला।

**रुषा निषिद्धालिजनां यदैनां छायाद्वितीयां कलयाञ्चकार।**
**तदा श्रमाम्भः कणभूषिताङ्गी स कीरवन्मानुषवागवादीत्॥१२॥**

भावार्थ—यदा स रुषा निषिद्धालिजना एनाम् छायाद्वितीया (तथा) श्रमाम्भः कणभूषिताङ्गी कलयाञ्चकार, तदा कीरवत् मानुष-वाक्-सन् अवादीत्।

शब्दार्थ—यदा=जब, सः=हंस ने, रुषा=क्रोध से, निषिद्धालिजना=सखियो के रोके हुए, एनाम् इसे, छायाद्वितीया=छाया मात्र साथ लिए (तथा) श्रमाम्भः कणभूषिताङ्गी=श्रम के जलकणो से भूषित अङ्ग वाली कलयाञ्चकार=जाना, तदा=तब, कीरवत्=तोते के समान, मानुषवाक् सन्=मनुष्यवाणी मे, अवादीत्=बोला।

अनुवाद—जब हंस ने क्रोध से सखियो को रोके हुए इसे छायामात्र साथ लिए तथा श्रम के जलकणो से भूषित अङ्ग वाली जाना तब तोते के समान मनुष्य वाणी मे बोला।

भावार्थ—दमयन्ती ने क्रोध के कारण सखियों को आने से रोक दिया था, अत वह अकेली ही विद्यमान थी। गमन से उत्पन्न थकान के कारण उसके शरीर पर पसीने की बूँदें छलक रही थी। तब उसे ऐसा जान तोते के समान मनुष्य वाणी में हंस बोला।

जीवातु संस्कृत टीका—रुषेति। रुषा निषिद्धालिजना निवारित-सखीजना यदा छाया एव द्वितीया यस्यास्तामेकाकिनी कलयाञ्चकार विवेद, तदा श्रमाम्भःकणभूषिताङ्गी स्वेदाम्बुलवपरिष्कृत शरीरा खिन्नगात्रान्ता स हंस कीरवत् शुकवन्मनुष्यस्येव वाग्यस्य स मन्नवादीत्।

समासविग्रहादि—निषिद्धा आलिजना यया सा ताम् निषिद्धालिजना, छाया एव द्वितीया यस्या सा अथवा छायया हेतुना अद्वितीया ताम् छायाद्वितीया, श्रमेण अम्भःकणा भूषितानि अङ्गानियस्या सा श्रमाम्भःकणभूषिताङ्गी मानुषस्य वाक् इव वाक् यस्य स मानुषवाक्।

व्याकरण—कीरवत्=कीर+वति, रुषा=रुष्+क्विप् कलया-ञ्चकार=कल्+णिच्+आम्+कृ+लिट्, वाक्=वच+क्विप्। दीर्घ और सम्प्रसारणाभाव। अवादीत्=वद+लुङ्+तिप्।

विशेष—यहां कीरवत् और मानुषवाक् में दो उपमाओं की संसृष्टि है।

पूर्वाभास—हंस दमयन्ती को दूर आने से रोकता है—

**अये! कियद्यावदुपैषि दूरं व्यर्थं ? परिश्राम्यसि वा किमर्थम्।**
**उदेति ते भीरपि किन्नु बाले! विलोकयन्त्या न घना वनाली १३॥**

अन्वय—अये बाले! व्यर्थ कियत् दूर यावत् उपैषि ? वा किमर्थं परिश्राम्यसि ? घना वनाली विलोकयन्त्या ते भी अपि न उदेति किन्तु।

शब्दार्थ—अये बाले! हे बाले, व्यर्थं=व्यर्थ, कियत् दूर यावत्= कितनी दूर तक, उपैषि=आ रही हो ? वा=अथवा, किमर्थं=क्यों परि-श्राम्यसि ?=थकी जा रही हो ? घना=घनी, वनाली=वन की पंक्तियों को विलोकयन्त्या=देखने वाली, ते=तुम्हे, भी अपि=भय भी, न उदेति=नहीं उदित होता है, किन्तु=क्या ?

अनुवाद—हे बाले! व्यर्थ कितनी दूर तक आ रही हो अथवा क्यों थकी जा रही हो ? घनी वन की पंक्तियों को देखने वाली तुम्हे भय भी नहीं उदित होता है, क्या ?

भावार्थ—हंस दमयन्ती को समझाता है कि मेरे साथ व्यर्थ में कितनी दूर तक आओगी, तुम्हें थकान भी उत्पन्न हो रही है अतः अब अधिक गमन करना ठीक नहीं है। यह सघन वन है। इसमें क्या तुम्हें भय उत्पन्न नहीं होता है, क्या ? अर्थात् निश्चित रूप से इस सघन वन में भय उत्पन्न होना होगा।

जीवातु संस्कृत टीका—अय इति। अये बाले ! व्यर्थं कियद्दूरं यास्यसीति उपैष्यसि ? 'यावत्पुरानिपातयोर्लट्'। किमर्थं परिश्राम्यसि वा ? घना सान्द्रा वनालीर्वनपङ्क्तीर्विलोकयन्त्यास्ते भीरपि नोदेति किन्तु ?

समासविग्रहादि—वनानाम् आली ता वनाली।

व्याकरण—उपैषि=उप+एषि, एत्येधत्यूठ्सु से वृद्धि। विलोकयन्त्या=वि+लोक्+णिच्+लट्+शतृ+ङीप्+टा॥

विशेष—बाले किलो तथा घना वना में अनुप्रास अलङ्कार है।

पूर्वाभास—हंस के कथनानुसार वनपंक्ति भी दमयन्ती को रोक रही है।

**वृथार्पयन्तीमपथे पदं त्वां मरुल्ललत्पल्लवपाणिकम्पैः।**
**आलीव पश्य प्रतिषेधतीयं कपोतहुङ्कारगिरा वनाली॥१४॥**

अन्वय—वृथा अपथे पदम् अर्पयन्तीम् त्वाम् मरुल्ललत्पल्लवपाणिकम्पैः (तथा) कपोतहुङ्कारगिरा इयम् वनाली आली इव प्रतिषेधति (इति त्वम्) पश्य।

शब्दार्थ—वृथा=व्यर्थ ही, अपथे=बुरे मार्ग में पदम्=पैर, अर्पयन्तीम्=रखती हुई, त्वाम्=तुम्हें, मरुल्ललत्पल्लवपाणिकम्पैः=वायु द्वारा हिलाए जाते हुए पल्लव रूपी हाथों के सचालन से, कपोतहुङ्कारगिरा=कबूतरों की हुङ्कार रूप वाणी से, इयं वनाली=यह वनपंक्ति, आली इव=सखी के समान, प्रतिषेधति=रोक रही है, पश्य=देखो।

अनुवाद—व्यर्थ ही बुरे मार्ग में पैर रखती हुई तुम्हें वायु द्वारा हिलाए जाते हुए पल्लव रूपी हाथों के सचालन से कबूतरों की हुङ्कार रूप वाणी से यह वनपंक्ति सखी के समान रोक रही है।

भावार्थ—हंस दमयन्ती को समझाता है तुम व्यर्थ ही बुरे मार्ग में पैर रख रही हो। वायु द्वारा वृक्षों के पल्लव रूपी हाथ चल रहे तथा कबूतर भी हुङ्कार कर रहे हैं, इससे ऐसा प्रतीत होता है, मानो यह वनपंक्ति सखी के समान हितैषिणी होकर तुम्हें आगे बढ़ने से रोक रही है।

जीवातु संस्कृत टीका—वृथेति। वृथा व्ययमव न पन्था अपथम्, 'ऋक्पूरित्यादिना समासान्त अ, 'अपथं नपुंसकम्' तस्मिन्नपथे दुर्मार्गे अकृत्ये च पद पाद व्यवसाय च अर्पयन्ती' पद व्यवसित त्राणस्थानलक्ष्माङ्घ्रिवस्तुष्वित्यमरः। मम्ना ललन् चलन् पल्लव एव पाणिस्तस्य वर्म्मे कपोतहुङ्कारगिरा च वनाली आलीव सखीव प्रतिषेधति निवारयति, पश्य इति वाक्यशेष वर्म। यथा लोके। अमार्गवृत्त सुहृज्जन पाणिना वाचा च वारयति तद्वदित्यर्थ । अतएव पल्लवपाणीत्यादौ रूपकाश्रयणम् तत्सङ्कीर्णा वनाल्यालीवेत्युपमा।

समासविग्रहादि—अपथे=न पन्था अपथम् तस्मिन्, पल्लव एव पाणि इति पल्लवपाणि, ललश्चासौ पल्लवपाणि ललत्पल्लवपाणि मरुता ललत्पल्लवपाणि तस्य कम्पा तैं मरुल्ललत्पल्लवपाणिकम्पैं कपोतानां हुङ्कारगी तया कपोतहुङ्कारगिरा, वनानाम् आलि वनालि ।

व्याकरण—प्रतिषेधति=प्रति+षिध्+लट्+तिप् ।

विशेष—इस पद्य मे पल्लवपाणि मे रूपक तथा आलीव मे उपमा है। इस प्रकार उपमा तथा रूपक का सङ्कर है ।

पूर्वाभास—हंस दमयन्ती से कहता है कि मैं आकाशविहारी हूँ। अत तुम मुझे पकड नही सकती हो ।

**धार्य कथंकारमहं भवत्या वियद्विहारी वसुधैकगत्या ।**
**अहो शिशुत्वं तव खण्डितं न स्मरस्य सख्या वयसाऽप्यनेन ॥१५॥**

अन्वय—वसुधैकगत्या भवत्या वियद्विहारी अहम् कथङ्कारम् धार्य । अहो ! स्मरस्य सख्या अनेन वयसा अपि तव शिशुत्व न खण्डितम् ।

शब्दार्थ—वसुधैकगत्या=केवल पृथ्वी पर ही चलने वाली, भवत्या=आपके द्वारा, वियद्विहारी=आकाशगामी, अहम्=मैं, कथङ्कारम्=कैसे, धार्य=पकडा जा सकता हूँ ? अहो ! आश्चर्य है, स्मरस्य=कामदेव के, सख्या=मित्र, अनेन=इस, वयसा=युवावस्था ने, अपि=भी, तव=तुम्हारा, शिशुत्वम्=बालपना, न खण्डितम्=खण्डित नही किया ।

अनुवाद—केवल पृथ्वी पर ही चलने वाली आपके द्वारा आकाशगामी मैं कैसे पकडा जा सकता हूँ। आश्चर्य है कि कामदेव की मित्र इस युवावस्था ने भी तुम्हारा बालपना खण्डित नही किया ।

भावार्थ—यदि दमयन्ती और हंस दोनों पृथ्वी पर ही चलने वाले होते तो दमयन्ती हंस को पकड सकती थी, किन्तु इन दोनों मे हंस आकाश मे

तुम्हारे द्वारा आकाशगामी मेरा पीछा किया जाना तुम्हारा बालचेष्टा है। हे। हम को आश्चर्य है कि युवावस्था आने पर भी दमयन्ती की बालसुलभ चपलता नष्ट नहीं हुई।

जीवातु संस्कृत टीका—धार्य इति। एकैव गतिर्यस्यास्तया एक-गत्या वसुधायामेकगत्या भूमात्रचारिण्येत्यर्थः। शिवभागवतवत्समासः। भवत्या वियद्विहारी खेचरोऽहं कथङ्कारं कथमित्यर्थः। 'अन्यथैवं कथमित्थम् सिद्धा-प्रयोगश्चेदिति' कथंशब्दोपपदात्करोतेर्णमुल्। धार्यो धर्तुं ग्रहीतुं शक्य इत्यर्थः 'शकि लिङ् चे'ति चकाराच्छक्यार्थे कृत्यप्रत्ययः अनेन स्मरस्य सख्या सखिना तदु-द्दीपकेन वयसा यौवनेन सखिशब्दस्य भाषितपुंस्कत्वात् पुंवद्भावः। न खण्डितं न निर्वर्त्तितम् अहो विरुद्धं वयमारेऽत्र समावेशादाश्चर्यमित्यर्थः अत्राधार्यत्वस्य वसुधागति वियद्विहारपदार्थहेतुकत्वादेकं काव्यलिङ्गभेदस्तथा शैशवाखण्डनस्य पूर्व वाक्यार्थहेतुकत्वादपरं इति सजातीयसङ्करः ॥१५॥

समासविग्रहादि—एकागतिर्यस्या सा एकगति, वसुधायाम् एकगति तया इति वासुधैकगत्या, विहरतीति तच्छीला विहारी, वियति विहारी विय-द्विहारी, धर्तुं शक्य धार्य।

व्याकरण—विहारी=वि+हृ+णिनि। कथङ्कारम्=कथम्+कृ+णमुल्।

विशेष—हम को दमयन्ती क्यों नहीं पकड सकती है, इसका कारण उसकी वसुधैकगति को बतलाया गया है, अतः काव्यलिङ्ग अलङ्कार है। युवा-वस्था आने पर भी शिशुत्व का खण्डन न होने के कारण विशेषोक्ति अलङ्कार है। विशेषोक्ति की परिभाषा है—'सति हेतौ फलाभावे विशेषोक्ति' अर्थात् हेतु के होने पर भी फल का जहाँ अभाव होता है, वहाँ विशेषोक्ति अलङ्कार होता है।

काव्यलिङ्ग अलङ्कार वहा होता है जहाँ वाक्यार्थ अथवा पदार्थ का कथन हेतुरूप से किया जाय। साहित्यदर्पण में कहा गया है—

हेतोर्वाक्यपदार्थत्वे काव्यलिङ्गमुदाहृतम्।

पूर्वाभास—हंस दमयन्ती से कहता है कि हमारे अच्छे वचन मनुष्यों के लिए दुर्लभ हैं—

**सहस्रपत्रासनपत्रहंसवंशस्य पत्राणि पतत्रिण. स्मः।**
**अस्मादृशां चाटुरसाऽमृतानि स्वर्लोकलोकेतरदुर्लभानि ॥१६॥**

अन्वय—पद्य के अनुसार।

शब्दार्थ—सहस्रपत्रासनपत्रहंसवंशस्य=(हम) ब्रह्मा के वाहन हंस

के कुल के, पत्रागि=वाहन, पतत्रिण=पक्षी, स्म=हैं, अस्मादृशा=हम जैसों के, चाटुरसाऽमृतानि=मधुर वचनों में स्थित (श्रृङ्गारादि) रस रूप अमृत, स्वर्लोकलोकेतरदुर्लभानि=स्वर्गलोक के लोगों से भिन्न लोगों को दुर्लभ है।

अनुवाद—हम ब्रह्मा के वाहन हंसों के कुल के पक्षी हैं। हम जैसों के मधुर वचनों में स्थित रस रूप अमृत स्वर्गलोक के लोगों से भिन्न लोगों को दुर्लभ है।

भावार्थ—हंस कहता है कि मैं सामान्य हंस पक्षी नहीं है, अपितु मेरा जन्म ब्रह्मा के वाहन हंस के कुल में हुआ है। हम जैसे लोगों की वाणी मनुष्यों को सुलभ नहीं है, देवताओं को भले ही सुलभ हो जाय।

जीवातु संस्कृत टीका—अथ प्रस्तुतोपयोगितया निजान्वयं निवेदयति सहस्रेति। सहस्रपत्रासनस्य कमलासनस्य पत्त्रहंसा वाहनहंसा तेषां वंशस्य कुलस्य वेणोश्च पत्त्राणि वाहनानि पर्णानि च 'वंशो वेणौ कुले वर्गे', 'पत्रं स्याद्वाहने पर्णे' इति च विश्वः। पतत्रिणः स्म ब्रह्मवाहनहंसवंश्या वयमित्यर्थः। अस्मानिव पश्यन्तीति अस्मादृशा अस्मद्विधानां त्यादिष्विरयादिना दृशेः क्विन्। चाटुषु सुभाषितेषु ये रसाः शृङ्गारादय त एव अमृतानि स्वर्लोके लोका जनाः 'लोकस्तु भुवने जन' इत्यमरः। तेभ्य इतरैर्मनुष्यैर्दुर्लभानि लब्धुमशक्यानीत्यर्थः

समासविग्रहादि—सहस्रं पत्त्राणि यस्य तत् सहस्रपत्रं, सहस्रपत्रम् आसनम् यस्य स सहस्रपत्रासनः, सहस्रपत्रासनस्य पत्त्रहंसा तेषां वंश तस्य सहस्रपत्त्रासनपत्त्रहंसवंशस्य। अस्मानिव पश्यन्तीति अस्मादृश तेषाम् अस्मादृशा-नाम्। चाटुषु रसा ते एव अमृतानि इति चाटुरसाऽमृतानि। स्वरवासौ लोक स्वर्लोकः, स्वर्लोके लोका तेभ्यः इतरे तैः दुर्लभानि इति स्वर्लोकलोकेतर दुर्लभानि।

व्याकरण—अस्मादृशाना=अस्मत्+दृश्+क्विन आत्वम्। दुर्लभ= दुर+लभ्।

विशेष—इस पद्य में रस को अमृत बतलाया गया है, अतः रूपक अलङ्कार है। लोक लोके में अनुप्रास अलङ्कार है।

पूर्वाभास—अपने भोज्य पदार्थों के समान हम हंसों का रूप भी समृद्ध है—

**स्वर्गाऽऽपगाहेममृणालिनीनां नालामृणालाऽग्रभुजो भजामः।**
**अन्नानुरूपां तनुरूपऋद्धिं कार्यं निदानाद्धि गुणानधीते ॥१७॥**

अन्वय—स्वर्गाऽऽपगाहेममृणालिनीनां नालामृणालाग्रभुज अन्नानुरूपां

तनुरूपर्क्धि मजाम , हि कार्यं निदानात् गुणान् अधीते ।

शब्दार्थ—स्वर्गाऽऽपगाहेममृणालिनीना = आकाश गङ्गा के स्वर्ण-कमलिनियो के नाल, नालमृणालाऽग्रभुज = तथा मृणाल के अग्रभाग को खाने वाले (हम लोग) अन्नानुरूपा = अन्न के अनुरूप, तनुरूपर्क्धि = शरीर की रूप समृद्धि को, भजाम प्राप्त हैं, हि = क्योंकि, कार्य = कार्य, निदानात् = उपादान कारण से, गुणान् = गुणो को, अधीते = प्राप्त करता है।

अनुवाद—आकाश गङ्गा की स्वर्णकमलिनियो के नाल तथा मृणाल के अग्रभाग को खाने वाले हम लोग अन्न आहार के अनुरूप शरीर की रूप समृद्धि को प्राप्त हैं, क्योंकि कार्य उपादान कारण से गुणो को प्राप्त करता है।

भावार्थ—जैसा कारण होता है, तदनुरूप कार्य होता है। हम कहना है कि हम लोग आकाश गङ्गा की स्वर्णकमलिनियो के मृणाल के अग्रभाग का भक्षण करते है, अत, हमे तदनुरूप रूप समृद्धि प्राप्त है।

जीवातु संस्कृत टीका—अथ स्वाकारस्य कनकमयत्वे कारणमाह—स्वर्गेति। स्वर्गापगा स्वर्णदी तस्या हेममृणालिन्यस्तासा या नाला काण्डा यानि मृणालानि कन्दाश्च। अत्रनाला मृणालशब्दस्य शब्दानुशासन केषा शब्दानामिति—वममामे गुणभूतेन सम्बन्ध सोऽव्य 'नालो नालमथास्त्रियाम्' त्यमरवचना—न्नालेनि स्त्रीलिङ्ग निर्देश न च तथापि सन्देह। तद्व्याख्यानेषु देशान्तरकोशेषु च स्त्रीलिङ्गपाठस्यैव दर्शनात्। तथा च दशमे सर्गे प्रयोक्ष्यते 'मृदुत्व प्रौढमृणालनालया' इति, नाला 'स्याद्बिसकन्द' इति विश्व, तेषामग्राणि भुञ्जत इति तद्भुज वयमिति शेष। अन्नानुरूपामाहार सदृशीन्तनो शरीरस्य रूपर्द्धि वर्णसमृद्धिम् 'ऋत्यक' इति प्रकृतिभाव। भजाम प्राप्त स्म इत्यर्थ। तथा हि कार्यजन्य द्रव्य निदाना—दुपादानात्, 'आख्यातोपयोग' इत्यपादानता गुणान् रूपादिविशेषगुणान् अधीते प्राप्नोतीत्यर्थ। प्राप्तिविशेषवाचिनस्तत्सामान्यलक्षणात् प्रायेण आहारपरिण—विशेषपूर्विका प्राणिना कायकान्तय इति भाव। सामान्येनविशेषसमर्थनरूपोऽर्थान्त—न्यास ॥

समासविग्रहादि—स्वर्गे अपगा स्वर्गापगा, हेम्नो मृणालिन्य हेम—मृणालिन्य, स्वर्गापगाया हेममृणालिन्य तासाम् स्वर्गाऽऽपगा हेममृणालिनीना। नालाश्च मृणालाणि च तानि भुञ्जन इति नालमृणालाऽग्रभुज, अन्नस्य अनुरूपा अन्नानुरूपा ताम् अन्नानुरूपा, रूपस्य ऋद्धि, रूपर्द्धि तनो रूपर्द्धि तामनुरूपर्द्धि।

व्याकरण—आपगा = अप् + गम् + ड + टाप्, भुज = भुज् + क्विप् (कर्तरि), अद्यते = अद् + क्त।

विशेष—इस पद्य में पूर्व में कहे गए तीन विशेष चरणों का चौथे सामान्य चरण से समर्थन है, अतः अर्थान्तरन्यास अलङ्कार है।

'मृणालिं' 'मृणाल्या', 'भुजा' 'मजा' तथा 'रूपी' 'रूप' में अनुप्रास अलङ्कार है।

पूर्वाभास—हंस कहता है कि ब्रह्मा के आदेश से आकर भूलोक में घूम रहा हूँ।

धातुर्नियोगादिह नैषधीयं लीलासरस्सेवितुमागतेषु ।
हैमेषु हंसेष्वहमेक एव भ्रमामि भूलोकविलोकनोत्कः ॥१८॥

अन्वय—(हे भैमि) विधेः नियोगात् इह नैषधीयम् लीलासरः सेवितुम् आगतेषु हैमेषु हंसेषु अहम् एक एव भूलोकविलोकनोत्कः सन् भ्रमामि।

शब्दार्थ—(हे भैमि=हे दमयन्ती!) विधेः=ब्रह्मा की नियोगात्—आज्ञा से इह—इस भूलोक में, नैषधीयम्=नल के, लीलासरः=क्रीडा सरोवर का सेवितुम्=सेवन करने के लिए आगतेषु=आये हुए हैमेषु=स्वर्ण के हंसेषु=हंसों में, अहम् एव एक=मैं अकेला ही, भूलोकविलोकनोत्कः सन्=पृथ्वी लोक को देखने के लिए उत्कण्ठित हुआ भ्रमामि=घूम रहा हूँ।

अनुवाद—हे दमयन्ती! ब्रह्मा की आज्ञा से इस भूलोक में नल के क्रीडासरोवर का सेवन करने के लिए आए हुए स्वर्णमयी हंसों में मैं अकेला ही पृथ्वी लोक को देखने के लिए उत्कण्ठित हुआ घूम रहा हूँ।

भावार्थ—यहाँ हंस ने अपनी विशेषता बतलाई है कि ब्रह्मा की आज्ञा से अनेक हंस नल के क्रीडा सरोवर का सेवन करने के लिए आये हैं उनमें से मैं अकेला ही पृथ्वी लोक को देखने का इच्छुक होकर घूम रहा हूँ।

जीवातु संस्कृत टीका—अथात्मनः स्मरोक्तिः गमनकारणमाह—धातुरिति। धातुर्ब्रह्मणो नियोगादादेशादिह भूलोके नैषधीयं नलीयं लीलासरः सेवितुं क्रीडासरसि विहर्तुमित्यर्थः। आगतेषु हैमेषु हेमविकारेषु। विकारार्थेऽण् प्रत्ययः। 'नस्तद्धिते' इति टिलोपः। हंसेषु मध्ये अहमेक एव भूलोकविलोकने उत्कः सन् 'उत्क उन्मना' इत्यमरः उत्कण्ठावान् प्रत्ययान्तो निपातः भ्रमामि पर्यटामि॥

समासविग्रहादि—निषधानामयं नैषधः, नैषधस्य इदम् नैषधीयं। भुवः लोको भूलोकः तस्य विलोकने उत्कः भूलोकविलोकनोत्कः।

व्याकरण—नैषधीय=निषध+अण्+छ, हैमेषु=हेमन्+अण्+सुप्, भ्रमामि=भ्रम+लट्+मिप्।

विशेष—इस पद्य मे पृथ्वी पर आने तथा भ्रमण का कारण बतलाने से काव्यलिङ्ग अलङ्कार है।

पूर्वाभास—हस कहता है कि मैं पूर्वजो के आशीर्वाद के कारण थकता नही हूँ।

**विधे. कदाचिद् भ्रमणीविलासे श्रमातुरेभ्यस्स्वमहत्तरेभ्य. ।**
**स्कन्धस्य विश्रान्तिमदा तदादि श्राम्यामि नाविश्रमविश्वगोऽपि १९**

अन्वय—कदाचित् विधे भ्रमणीविलासे श्रमातुरेभ्य स्वमहत्तरेभ्य स्कन्धस्य विश्रान्तिम् अदाम्, तदादि अविश्रमविश्वग अपि न श्राम्यामि ॥

शब्दार्थ—कदाचित्=किसी समय, विधे=ब्रह्मा के, भ्रमणी—विलासे=भ्रमण के विलास मे, श्रमातुरेभ्य=परिश्रम से थके हुय, स्वमहत्तरेभ्य=अपने पूर्वजो को, स्कन्धस्य=कन्धे का, विश्रान्ति=विश्राम, अदाम्=दिया था तदादि=तब से लेकर, अविश्रमविश्वग=निरन्तर विश्व भ्रमण करने पर, अपि=भी, न श्राम्यामि=नही थकता हूँ।

अनुवाद—किसी समय ब्रह्मा के भ्रमण के विलास मे परिश्रम से थके हुए अपने पूर्वजो को कन्धे का विश्राम दिया था, तब से लेकर निरन्तर विश्व-भ्रमण करने पर भी मैं थकता नही हूँ।

भावार्थ—हस कहता है कि किसी समय ब्रह्मा क्रीडा हेतु घूमने निकले थे। उनके घूमते समय मेरे जो पूर्वज थक गये थे, उनको मैंने कन्धे पर ठहराकर विश्राम दिया था। उनके आशीर्वाद का ही यह फल है कि निरन्तर विश्वभ्रमण करते हुए भी मैं थकता नही हूँ।

समासविग्रहादि—भ्रमण्या विलास तस्मिन् भ्रमणीविलासे, अतिशयेन महान्तो महत्तरा, स्वस्मात् महत्तरा तेभ्य स्वमहत्तरेभ्य । अविद्यमान विश्रम यस्मिन् कर्मणि इति अविश्रम विश्व गच्छतीति विश्वग अविश्रमविश्वग ।

व्याकरण—महत्तरा=महत्+तरप्, भ्रमणी=भ्रम+ल्युट्+ङीप, विश्रान्तिम्=वि+श्रम्+क्तिन्, अदाम्=दा+लुङ् सिच् का लोप विश्रम=वि+श्रम्+घञ्, विश्वग=विश्व+गम्+ड ।

विशेष—हस ने यहाँ पर न थकने का हेतु बतलाया है, अत काव्य-लिङ्ग अलङ्कार है।

पूर्वाभास—हस कहता है नल के बिना इस लोक मे कोई मुझे पकड नही सकता ।

**बन्धाय दिव्येन तिरश्चि कश्चित्पाशादिरासादितपौरुषः स्यात्।**
**एकं विना मादृशि तन्नरस्य स्वर्भोगभाग्यं विरलोदयस्य ॥२०॥**

अन्वय—मादृशि दिव्य तिरश्चि विरलोदयस्य नरस्य एक स्वर्भोगभाग्य विना कश्चित् पाशादि बन्धाय आसादितपौरुषो न स्यात्।

शब्दार्थ—मादृशि=मुझ जैसे, दिव्ये=दिव्य, तिरश्चि=पक्षी के विषय मे, विरलोदयस्य=दुर्लभजन्म वाले, नरस्य=नर (मनुष्य) के (अथवा नर के र के स्थान पर ल प्रयुक्त करने पर नल के), एक=मुख्य, स्वर्भोगभाग्य=स्वर्ग के भोग के भाग्य के, विना=विना, कश्चित्=कोई भी, पाशादिबन्धाय=पाशादि बन्धन के लिए, आसादितपौरुषो=प्राप्त पुरुषार्थ वाला, न स्यात्=नही हो सकता।

अनुवाद—मुझ जैसे दिव्य पक्षी के विषय मे दुर्लभ जन्म वाले नर (र के स्थान पर ल प्रयुक्त करने पर नल) के एक स्वर्ग के भोग के भाग्य के विना कोई भी पाशादि बन्धन के लिए प्राप्त पुरुषार्थ वाला नही हो सकता।

भावार्थ—हस कहता है कि मैं दिव्य पक्षी हूँ। वही व्यक्ति मुझे पकडने मे समर्थ हो सकता है, जो इस लोक मे रहते हुए भी दिव्य भोगो का भोग करता है। नल के सिवाय इस लोक मे कोई भी ऐसा नही है, जो कि मुझे पाशादि के बन्धन मे डाल सके।

जीवातु संस्कृत टीका—अथ व्याधादिबन्धशङ्कामपि न मे इत्याह—बन्धायेति। मादृशि दिव्ये तिरश्चि विषये विरलोदयस्य दुर्लभजन्मनो नरस्य मर्त्यस्य प्रायेणैवविधा नास्तीत्यर्थः। अन्यत्र विरविगतरेफः स चासौ लोदयो लादयवाश्च मत्वर्थीयोऽकारः। तस्य रेफस्थानाधिष्ठित लकारस्य नलस्येत्यर्थः। शब्दधर्मोऽपि उपचर्यते, भाग्या इति भाग सुख स्वर्गभोगस्य स्वर्गसुखस्य भाग्य तत्प्रापकादृष्ट-मित्यर्थः। स्वप्राप्तिस्तत् प्रापकत्वादिति भाव। तदेक विना कश्चित् पाशादि पाशाद्युपाय। बन्धाय बन्धनार्थमासादितपौरुष प्राप्तव्यापारो न स्यात्। स्वर्भोग मार्गैकमुखमाक्र, नोपायान्तरसाध्याइत्यर्थः अस्मादृक् ससर्गादन्य को नाम स्वर्गपदार्थ इति भाव।

समासविग्रहादि—विरल उदयो यस्य स विरलोदय तस्य विरलोदयस्य अथवा विगत र यस्मात् स विर, तस्य उदयो यस्मिन् स लोदय, विरश्चासौ लोदय विरलोदय। स्व भाग स्वर्भोग तस्य भाग्यतत् स्वर्भोगभाग्य पाश आदिरस्य स पाशादि। आसादित पौरुष येन स आसादितपौरुष।

व्याकरण—बन्धाय—बन्ध्+घञ् तुमर्थे चतुर्थी, दिव्य=दिव्+यत्, ... मादृशि=अस्मद्+दृश् ... क्विन् मदादेश अकारादेशश्च।

स्यात्=अस्, विधिलिङ्+तिप् ।

विशेष—इस पद्य में विरोधय शब्द में श्लेष अलङ्कार है।

पूर्वाभास—नल के अच्छे कार्यों के कारण वशीभूत हुए देवता इस लोक में दिव्य भोग प्रदान करते हैं—

**इष्टेन पूर्तेन नलस्य वश्याः स्वर्भोगमत्रापि सृजन्त्यमर्त्याः ।**
**महीरुहादोहदसेकशक्तेराकालिकं कोरकमुद्गिरन्ति ॥२१॥**

अन्वय—इष्टेन पूर्तेन च वश्याः अमर्त्याः अत्र अपि नलस्य स्वर्भोगम् सृजन्ति। महीरुहाः दोहदसेकशक्तेः आकालिकम् कोरकम् उद्गिरन्ति।

शब्दार्थ—इष्टेन=यज्ञादि से पूर्तेन च=तथा कुयें आदि का निर्माण करने से, वश्याः=वश में आने योग्य, अमर्त्याः=देवगण, अत्र अपि=इस लोक में भी, नलस्य=नल के लिए, स्वर्भोगम्=स्वर्ग के भोग का, सृजन्ति=सृजन करते हैं। महीरुहाः=वृक्ष, दोहदसेकशक्तेः=धूप आदि दोहद और सिंचन की शक्ति से, आकालिकम्=असमय में ही, कोरकम्=कलियों को, उद्गिरन्ति=प्रकट करते हैं।

अनुवाद—यज्ञादि से तथा कुयें आदि का निर्माण करने से वश में आने योग्य देवगण इस लोक में भी नल के लिए स्वर्ग के भोग का सृजन करते हैं। वृक्ष धूप आदि दोहद और सिंचन की शक्ति से असमय में ही कलियों को प्रकट करते हैं।

भावार्थ—नल यज्ञादि करना तथा कुयें आदि का निर्माण करना आदि लोकोपयोगी कार्य कराता है। इससे प्रसन्न होकर देवगण भी इस नल के लिए स्वर्ग के भोग का सृजन करते हैं। वृक्ष धूप आदि दोहद और सिंचन की शक्ति से असमय में ही कलियों को प्रकट करते हैं।

जीवातु संस्कृत टीका—तच्च भाग्यं नलस्यैवास्तीत्याह—इष्टेनेति। इष्टेन यागेन पूर्तेन खातादिकर्मणा च। 'त्रिष्वथ क्रतुकर्मेष्टं पूर्तं खातादिकर्मणि' इत्यमरः। वश्याः वशङ्गताः इति प्राग्दीव्यतीयो यत्प्रत्ययः। अमर्त्याः देवाः नलस्यात्रापि भूलोके स्वर्भोगं सृजन्ति स्वर्गसुखं सम्पादयन्तीत्यर्थः। ननु देवादयः कथं लोकान्तरं कामान्तरभोग्यं स्वर्गमिदानीं सृजन्तीत्याशङ्क्य दृष्टान्तेन परिहरति। महीरुहो वृक्षाः दोहदस्य अकालप्रसवोत्पादनद्रव्यस्य सेकस्य जलसेकस्य शक्तेः सामर्थ्यात् स्वमानकालाबाधेनो उत्पत्ति विनाशौ यस्येत्याकालिकम् उत्पत्त्यनन्तरं विनाशीत्यर्थः।

'अकालिकडाद्यन्तवचन, इति समानकाल शब्द स्याकाल शब्दादेशो ठञ् प्रत्ययान्तो निपात । प्रकृते त्वकालमव कोरकमुद्गिरन्तीत्यर्थ ।' तरुगुल्मलतादीनामकाले कुशलै कृतम् । पुष्पाद्युत्पादक द्रव्य दोहद स्यात्तु तत्क्रिया इति शब्दार्णवे । दोहदवशाद वृक्षा इव देवता अपि उत्कटपुण्यवशाददेशकालेऽपि फल प्रयच्छन्तीत्यर्थ दृष्टान्तालङ्कार ।

समासविग्रहादि —दोहद च सेवनम् दोहदसेवनौ, तयो शक्ति तस्या इति दोहदसेवनशक्ते । न काल अकाल, अकाले भव आकालिक तम् आकालिकम्।

व्याकरण —इष्टेन=यज्+क्त+टा । पूर्तेन=पु+क्त+टा । दत्या=दत्+वत्, महीरुहा=मही+रुह+क दोहद=दोह+दा+क । आकालिकम्=अकाल+ठञ् ।

विशेष —इस पद्य मे पूर्वार्द्ध और उत्तरार्द्ध का बिम्बप्रतिबिम्बभाव होने से दृष्टान्तालङ्कार है ।
पुष्पादि के उत्पादक द्रव्य को दोहद कहते है ।

अग्निहोत्र, तप सत्य, वेद की रक्षा, आतिथ्य और वैश्वदेव इष्ट कहे जाते है तथा वापी, कूप, सरोवर, देवालयन, अन्न प्रदान और उद्यान ये पूर्त कहे जाते है । कहा भी है —

अग्निहोत्रतप सत्य वेदाना चैव पालनम्
आतिथ्य वैश्वदेवञ्च इष्टमित्यभिधीयते ॥"
"वापी कूप तडागादि देवतायतनानि च ।
अन्नप्रदानमाराम पूर्तमित्यभिधीयते ॥"

कोरक शब्द यहाँ पुष्प, फलादिक का उपलक्षण है ।

पूर्वाभास —इस नल को पद्मो से पड़ना सतत है ।

**सुवर्णशैलादवतीर्य तूर्णं स्वर्वाहिनीवारिकणाऽवतीर्णं ।**
**त वीजयाम स्मरकेलिकाले पक्षैर्नृप चामरबद्धसर्यं ॥२२॥**

अन्वय —सुवर्णशैलात् तूर्णम् अवतीर्य स्वर्वाहिनीवारिकणाऽवतीर्णं चामरबद्धसर्यं पक्षै स्मरकेलिकाले त नृप वीजयाम ॥

शब्दार्थ —सुवर्णशैलात्=सुमेरु से, तूर्णम्=शीघ्र, अवतीर्य=उतर-कर स्वर्वाहिनीवारिकणाऽवतीर्णं=मन्दाकिनी के जल के बिन्दुओं से समन्वयुक्त, चामरबद्धसर्यं=चामर के समान, पक्षै=पखो से स्मरकेलिकाले—रतिक्रीडा

के समय, त नृप=उस राजा को (हम) वीजयाम=पखा झलते है।

अनुवाद—सुमेरु स शीघ्र उतरकर मन्दाकिनी के जल के विन्दुओ के सम्पकयुक्त चामर के समान पखो से रतिक्रीडा के समय उस राजा नल को हम पखा झलते हैं।

भावार्थ—सुमेरु पर्वत से उतरकर हम अपने पखो से रतिक्रीडा के समय उस राजा नल को पखा झलते है। हमारे ये पखे जलकणो के सम्पर्क से शीतल चामर के समान लगते हैं।

जीवातु सस्कृत टीका—सुवर्णेति। सुवर्णशैलान्मेरोस्तूर्णमवनीय्य अवरुह्य स्वर्वाहिनीवारिकणावकीर्णे मन्दाकिनी जलबिन्दुसम्पृक्तै चामरेषु बद्धसख्यैस्तत्सदृशै पक्षै पतत्रै स्मरकेलिकाले त नृप वीजयाम तादृक्पक्षवीजनै सुरत श्रान्तिमपनुदाम इत्यर्थ।

समासविग्रहादि—सुवर्णशैलात्=सुवर्णस्य शैल सुवर्णशैल तस्मात् सुवर्णशैलात्। वारिण कणा वारिकणा स्वर्वाहिन्या वारिकणा तै अवकीर्णा तैं स्वर्वाहिनीवारिकणाऽवकीर्णे। चामरेषु बद्धसख्या तै चामरबद्धसख्यै। स्मरस्य केलि, तस्य काल, तस्मिन्, स्मरकेलिकाले।

व्याकरण—अवनीर्य=अव+तृ+क्त्वा (ल्यप्), तूर्णम=त्वर्+ऊठ्, वाहिनी=वाह्+इन्+ङीप्। सख्यम्=सखि+यत्।

विशेष—पखो के चामर के समान बतलाने से यहा उपमा अलकार है।

पूर्वाभास—हम की दृष्टि मे सज्जनो की गणना मे नल का नाम प्रथम है।

**क्रियेत चेत्साधुविभक्तिचिन्ता, व्यक्तिस्तदा सा प्रथमाऽभिधेया।**
**या स्वौजसा साधयितुं विलासैस्तावत्क्षमानामपदं बहु स्यात्।२३।**

अन्वय—साधुविभक्तिचिन्ता, व्यक्तिस्तदा सा प्रथमा अभिधेया। या स्वौजसा विलासै तावत् बहु अनामपदम् (पक्षान्तर—नामपद) साधयितु क्षमा स्यात्।

शब्दार्थ—१-साधुविभक्तिचिन्ता=साधुओ के विभाग का विचार, क्रियेत् चेत्=यदि किया जाय तो, सा=वह (नल नाम वाली) व्यक्ति=व्यक्ति, प्रथमा=प्रथम, अभिधेया=कही जाएगी, या=जो, स्वौजसा=अपने ओज के,

विलासै =विलासों से, तावत् बहु अनामपदम्=बहुत से शत्रुओं के राष्ट्र को, साधयितु =अपने वश में करने में क्षमा स्यात्=समर्थ होगी।

२ साधु=भली प्रकार विभक्तिचिन्ता=विभक्तियों का विचार, चेत् क्रियेत्=यदि किया जाएगा तो, सा व्यक्ति =वह प्रथमा विभक्ति, प्रथमा अभिधेया=पहले कही जाएगी। या =जो, स्वौजसा=सु, औ, जस प्रत्ययों के विलासै =विस्तारों से तावत बहु नामपद=बहुत से सुबन्तपदों को साधयितु =सिद्ध करने के लिए, क्षमा - समर्थ स्यात =होगी।

अनुवाद—१-साधुओं के विभाग का विचार यदि किया जाय तो वह नाम वाला व्यक्ति प्रथम कहा जायगा जो अपने ओज के विलासों से बहुत से शत्रुओं के राष्ट्र को अपने वश में करने में समर्थ होगा।

२ भली प्रकार विभक्तियों का विचार यदि किया जायगा तो यह प्रथमा विभक्ति पहले कही जायगी जो सु, औ, जस् प्रत्ययों के विस्तारों से बहुत से सुबन्तपदों को सिद्ध करने के लिए समर्थ होती है।

भावार्थ—नल सज्जनों में प्रथम है। वह शत्रुओं के राष्ट्र को अपने वश में करने में उसी प्रकार समर्थ होगा, जिस प्रकार विभक्तियों में प्रथम प्रथमा विभक्ति अपने प्रत्ययों के द्वारा बहुत से सुबन्तपदों को सिद्ध करने में समर्थ होती है।

जीवातु संस्कृत टीका—क्रियतेति। साधुविभक्तिचिन्ता सज्जनविभागविचार क्रियते चेत् तदा नलाभिधाना व्यक्ति मूर्ति प्रथमाभिधेया प्रथम परीगणनीया, पुन या व्यक्ति स्वौजसां बलानां विलासैर्व्याप्तिभि तावद बहु तथा प्रभूत नास्ति नामो नतियस्मिन्ति अनामकमतत्र पद परराष्ट्र साधयितु स्वायत्तीकर्तुं क्षमा समर्था स्यात्। अपर साधुविभक्तिचिन्ता सम्यविभक्तिविचार क्रियेत चेत् तदा सा प्रथमा व्यक्ति अभिधेया विचार्या, या स्वौजसा 'सु औ जस' इत्येतेषा प्रत्ययानां विलासै विस्तारैस्तावद बहु अपार नामपद 'सुबन्तपद 'वृक्ष' इत्यादि पद साधयितु निष्पादयितु क्षमा। अत्रानिपादा प्रकृतार्थमात्रनियन्त्रितत्वा लगाणायाद्यानुपपत्त्यभावेनाभावाद प्रकृताप्रकृतश्लेष इति ज्ञेयम्

समासविग्रहादि—साधूना विभक्ति तस्यादिचिन्ता साधुविभक्तिचिन्ता, प्रथमम् अभिधेया प्रथमाभिधेया। स्वस्य ओजांसि तथा स्वौजसा, अनामाना पद अनामपदम्।

व्याकरण—विभक्ति =वि+भज्+क्तिन्। व्यक्ति =वि+अञ्ज् क्तिन् क्षम =क्षम्+अच्।

विशेष—यहा उपमा अलङ्कार है । कुछ लोगो के अनुसार यहाँ समासोक्ति अलकार है, क्योकि प्रस्तुत नलपरक वस्तु पर अप्रस्तुत व्याकरण वस्तु का आरोप किया गया है ।

पूर्वाभास—राजा नल यज्ञ के घृत के शेष भाग का राज्य के अशेष भाग का उपयोग करते हैं ।

**राजा स यज्वा विबुधव्रजत्रा कृत्वा ऽ ध्वरा ऽऽ ज्योपमयेव राज्यम्।**
**भुङ्क्ते श्रितश्रोत्रियसात्कृतश्री. पूर्वं त्वहो । शेषमशेषमन्त्यम्।२४।।**

अन्वय—यज्वा श्रितश्रोत्रियसात्कृतश्री स राजा अध्वराज्योपमयाइव राज्य विबुधव्रजत्रा कृत्वा पूर्वं शेषम्, अन्त्यतुअशेषमुङ्क्ते अहो ।

शब्दार्थ—यज्वा=विधिपूवक यज्ञ करने वाले, और श्रितश्रोत्रियसात्कृत श्री=आश्रित वेदपाठियो को धन देने वाले, स राजा=वे राजा नल, अध्वराज्योपमयाइव=यज्ञीय घृत के समान, राज्य=राज्य को विबुधव्रजत्रा=विद्वानो के अधीन, कृत्वा करके पूर्वं यज्ञ=यज्ञ के घृत का, शेषम्=शेषभाग, तु अन्त्य= और पीछे कहे गए राज्य के, अशेष=सम्पूण भाग का, भुङ्क्ते=उपयोग करते है, अहो=आश्चय है ।

अनुवाद—विधिपूर्वक यज्ञ करने वाले और आश्रित वेदपाठियो को धन देने वाले वे राजा नल यज्ञीय घृत के समान राज्य को विद्वानो के आधीन करके यज्ञ के घी का शेष भाग तथा राज्य के अशेष (सम्पूण) भाग का उपभोग करते हैं, आश्चय है ।

भावार्थ—राजानल विधिपूवक यज्ञ करते हैं । वे अपने आश्रित वेदपाठियो को धन देते हैं। जिस प्रकार वे यज्ञीय घृत को विद्वानो को प्रदान करते हैं। उपयोग से पूव वस्तु सम्पूर्ण रहती है, उपयोग करने पर शेष रह जाती है । किन्तु आश्चय है कि राजा नल यज्ञ के घी का शेष भाग उपयोग कर राज्य के अशेष भाग (सम्पूर्ण भाग) का उपयोग करते है ।

जीवातु सस्कृत व्याख्या—राजेति । 'यज्वा तु विधिनेष्टवान्' 'सुयजोर्ङ्वनिप्', श्रोत्रियच्छान्दसौ समावि त्यमर । 'श्रोत्रियश्छन्दोऽधीत' इति निपात । तत्सात्कृता दानेन तदधीना कृता श्री सम्पद्येन स राजा नल अध्वरेषु यदाज्यन्तदुपमया तत्सादृश्येनैव तद्वदेवेत्यर्थ । राज्य विबुधा देवा विद्वासश्च तद्वत्रा दानेन तत्सङ्घाधीन कृत्वा देये त्रा चे' ति चकारादित्रत्र सातिप्रत्ययश्च, 'तद्धितश्चासर्वविभक्ति'रित्यव्ययत्वम्, पूर्वं पूर्वनिर्दिष्टमध्वराज्य शेष हुतशेष

भुङ्क्ते, अहो उपभुक्ताद य शेप पूर्वस्यापिपस्य तयात्वम्, अत्यम्य अर्थिपत्व क्य विरोधादित्याश्चर्यम्, अत एव विरोधाभासोऽलङ्कार, अताण्डमिति परिहार ।

समासविग्रहादि—श्रित श्रोत्रियमात्कृताध्वरैर्येन स श्रितश्रोत्रियमात्कृत श्री, अध्वरराजस्य उपमा तया अध्वरराज्योपमया, न शेष अशेष ।

व्याकरण—यज्वा=यज्+ङ्वनिप्, अन्त्यम्=अन्त्य+यत् भुङ्क्ते=भुज+लट्+त ।

विशेष—इस पद्य मे विरोधाभास अलंकार है । अध्वरोपमया मे उपमा अलंकार है ।

पूर्वाभास—नल से सभी अभिलषित वस्तुयें माँगते हैं ।

दारिद्र्यदारिद्रविणौघवर्षैरमोघमेघव्रतमर्थिसार्थे ।
सन्तुष्टमिष्टानि तमिष्टदेव नाथन्ति के नाम न लोकनाथम् ॥२५॥

अन्वय—दारिद्र्यदारिद्रविणौघवर्षैः अर्थिसार्थे अमोघमेघव्रत सन्तुष्ट इष्टदेव लोकनाथ त के नाम इष्टानि न नाथन्ति ?

शब्दार्थ—दारिद्र्यदारिद्रविणौघवर्षैः=दरिद्रता को दूर करने वाली धनराशि की वर्षा से, अर्थिसार्थे=याचकों के समूह मे, अमोघमेघव्रत=सफल मेघ के समान व्रत करने वाले, सन्तुष्ट=सन्तुष्ट, इष्टदेव=यज्ञ के द्वारा देवताओ की आराधना करने वाले, लोकनाथ=लोकनाथ, त=नल से, के नाम=कौन, इष्टानि न नाथन्ति=इष्ट पदार्थों की याचना नहीं करते ?

अनुवाद—दरिद्रता को दूर करने वाली धनराशि की वर्षा से याचको के समूह मे सफल मेघ के समान व्रत करने वाले सन्तुष्ट, यज्ञ के द्वारा देवताओं की आराधना करने वाले लोकनाथ नल से कौन इष्ट पदार्थों की याचना नहीं करते ? अर्थात् सभी करते हैं ।

भावार्थ—जिस प्रकार मेघ वर्षा कर पृथ्वी को सफल करता है, उसी प्रकार नल धनराशि की वर्षा करके याचकों को सफल करते हैं । यज्ञीय क्रियाओं द्वारा वे देवताओं की आराधना करते हैं । वे प्रजा के नाथ हैं । उनसे सभी व्यक्ति इष्ट पदार्थ की याचना करते हैं ।

जीवातु संस्कृत टीका—दारिद्र्येति । दारिद्र्य दारयति निवर्तयतीति तस्य दारिद्र्यदारिणो द्रविणौघस्य धनराशेर्वर्षैरर्थि सार्थे विषये अमोघमेघव्रत वर्षुकत्वलक्षण यस्य त सन्तुष्ट दानहृष्टमिष्टदेव यज्ञाराधितसुरलोकनाथ त नल के

नाम इष्टानि न नाथन्ति ? न याचन्ते सर्वेऽपि नाथन्त्येवेत्यर्थः । नाथतेर्याच्ञार्थस्य दुहादित्वाद् द्विकर्मकत्वम् ।

समासविग्रहादि—दारिद्र्य दारयतीतिदारिद्र्यदारी, द्रविणानाम् ओघ द्रविणौघ, दारिद्र्यदारी चाऽसौ द्रविणौघ तस्य वर्षाणि तैः दारिद्र्यदारिद्रविणौघवर्षै । आर्थिना सार्थं अर्थिसार्थं तस्मिन् अर्थिसार्थे । न मोघ अमोघम्, मेघस्य व्रतम् मेघव्रतम्, अमोघ मेघव्रत यस्य स तम् अमोघमेघव्रत । इष्टा देवा येन स तम् इष्टदेवम् । लोकस्य नाथ त लोकनाथ ।

व्याकरण—दारिद्र्य=द+णिच्+णिनि । वर्ष=वृष्+घञ् । इष्टानि=इष्+क्त (भावे), यज्+क्त (कर्मणि) ।

विशेष—मेघव्रतम् मे उपमा अलकार है।

पूर्वाभाष—रम्भा भी नल के प्रति अनुरक्त थी।

**अस्मतिकल श्रोत्रसुधां विधायरम्भा चिरंभामतुलां नलस्य ।**
**तत्रानुरक्ता तमनाप्य भेजे तन्नामगन्धान्नलकूबरं सा ॥ २६ ॥**

अन्वय—सा रम्भा नलस्य अतुलाम् भाम् अस्मत् चिरम् श्रोत्र सुधाम् विधाय तत्र अनुरक्ता (सती) तम् अनाप्य तन्नामगन्धात् नलकूबरम् भेजे किल।

शब्दार्थ—सा=वह, रम्भा=रम्भा नाम की अप्सरा, नलस्य=नल की अतुलाम्=अनुपम, भाम्=कान्ति को, अस्मत्=हम से, चिरम्=देर तक, श्रोत्र-सुधाम्=कानो का अमृत, विधाय=बनाकर, तत्र=उस पर, अनुरक्ता (सती)=अनुरक्त होती हुई, तम्=उसको, अनाप्य=न पाकर, तन्नामगन्धात्=उसके नाम के सम्बन्ध से, नलकूबर=नलकूबर को, भेजे=प्राप्त हुई।

अनुवाद—वह रम्भा नाम की अप्सरा नल की अनुपम कान्ति को देर तक कानो का अमृत बनाकर उस पर अनुरक्त होती हुई उसको न पाकर उसके नाम के सम्बन्ध से नलकूबर को प्राप्त हुई।

भावार्थ—रम्भा नाम की अप्सरा ने हमसे नल की अनुपम कान्ति के विषय में सुना। कानो के लिए अमृत के समान नल की कान्ति को सुनकर वह उसके प्रति अनुरक्त हो गयी, किन्तु उसे न पाने पर उसके नाम के साथ जिसका सम्बन्ध था, ऐसे नलकूबर को प्राप्त हुई।

जीवातु संस्कृत टीका—अस्मदिति। सा प्रसिद्धा रम्भा नलस्यातुला अनुपमा भा सौन्दर्यमस्मत् मत्त श्रोत्रसुधा विधाय कर्णे अमृत कृत्वा समाकर्ण्येत्यर्थ तत्र तस्मिन्नले अनुरक्ता सती त नलमनाप्य अप्राप्य, आङ्पूर्वादाप्नोते क्त्वा

त्यवादेश नञ्समास । अन्यथा त्वसमासे त्यवादेशो न स्यात् तन्नामगन्धात्तत्र नलस्य नामश्रवणसम्पर्कादिलोनंलकूबर कुबेरात्मज भेजे किल । तादृक्तस्य सौन्दर्यमिति भाव ।

समासविग्रहादि—अविद्यमाना तुला यस्या सा अतुला ताम् अतुला । श्रोत्रयो सुधा श्रोत्रसुधा ता श्रोत्रसुधा । तस्य नाम तन्नाम, तस्य गन्ध तस्मात् तन्नामगन्धात् ।

व्याकरण—अस्मन्=अस्मद् + म्यस् । विधाय=वि + धा + क्त्वा (ल्यप) । अनुरक्ता=अनु + रञ्ज + क्त + टाप् । भेजे=भज + लिट् + त । तुला=तुल + अङ (भावे) ।

विशेष —यहाँ अतुलाम् मे अनन्वय अलकार है। गान को सुधा कहने मे रूपक अलकार है तथा किल शब्द से अनुप्रेक्षा अलकार द्योतित होता है।

पूर्वाभास —नल का गान इन्द्र के गवैये से भी अधिक उत्कृष्ट है।

स्वर्लोकमस्माभिरित प्रयातै केलीषु तद्गानगुणान्निपीय ।
हा हेति गायन्यदशोचि तेन नाम्नैव हा हा ! हरिगायनोऽभूत् ॥२७॥

अन्वय —केलीषु तद्गानगुणान् निपीय इत स्वर्लोकं प्रयातै अस्माभि हरिगायन गायन् यत् 'हा/हा" इति अशोचि, तत नाम्ना हा हा अभूत ।

शब्दार्थ —केलीषु=विनोद गोष्ठियो मे तद्गानगुणान्=नल के गान के गुणों को, निपीय पीकर (अर्थात् सुनकर), इत =यहाँ से, स्वर्लोकं=स्वर्गलोक को, प्रयातै =गए हुए अस्माभि =हम लोगो ने, हरिगायन =इन्द्र के गवैय ने, गायन=गाते हुए, यत्=जो, हा ! हा, इति=हा ! हा, इस प्रकार, अशोचि=शोक किया, तत =उससे, नाम्ना=नाम से, हा हा अभूत=हा हा हो गए।

अनुवाद —विनोद गोष्ठियो मे नल के गान के गुणों को सुनकर यहाँ से स्वर्गलोक को गए हुए हम लोगो ने इन्द्र के गवैये के गाते हुए जो हा ! हा, इस प्रकार (कहकर) शोक किया, उससे (वे) नाम से हा हा हो गए।

भावार्थ —विनोद गोष्ठियो मे हमो ने नल के गान के गुणो को सुना । इस लोक मे जब वे स्वर्गलोक को गए तो इन्द्र के गवैयो के गीत को सुना । नल के गान के सामने उनका गान अधिक उत्तम नही था, अत हसो के मुह से हा! हा के हाहाकार निकल गए। तब से इन्द्र के गवैयो का नाम हा हा हो गया।

जीवातु संस्कृत टीका —स्वर्लोकमिति । केलीषु विनोदगोष्ठीषु तस्य

नलस्यकुर्तु गाने गुणान्निपीय इत अस्माल्लोकात् स्वर्लोक प्रयातेरस्मान्हिरिगायन इन्द्रगायको गन्धर्व ण्युट् चे' ति गायते शिल्पिनि ष्युट्प्रत्यय । गायन् यद्यस्मात् हाहेत्यशोचि, ततस्तेनैव कारणेन नाम्ना हा हा अभूत्, आलापाक्षरानुकारादिति भाव हाहाहूहूश्चैवमाद्या गन्धर्वास्त्रिदिवौकसामित्यमर । 'आलापाक्षरानुकारनिमित्तो ऽयमाकारान्त पु सि चे' ति कश्चित् । हा हा खेदे हू हू हर्षगन्धर्वेऽमू अनव्यय' इति विश्व । अव्ययमेवेति भोज । अत्र अत्रशोकनिमित्तासम्बन्धेऽपि सम्बन्धादतिशयोक्ति' तथा च गन्धर्वातिशायि गानमस्येति वस्तु व्यज्यत ।

**समासविग्रहादि** —तस्य गान तद्गान, तद्गानस्यगुणा तान् तद्गानगुणान् ।

व्याकरण —निपीय=नि+पी+क्त्वा (ल्यप), गायन्=गै+लट (शतृ)+सु, अशोचि=शुच+लुङ् (कर्मणि) +त ।

**विशेष** —यहाँ इन्द्र के गवैये के प्रति शोक निमित्त का सम्बन्ध नही है, फिर भी सम्बन्ध का कथन किया गया है, अत अतिशयोक्ति अलकार है । इससे यह व्यक्त होता है कि नल का गान गन्धर्वों के गान से भी अधिक उत्कृष्ट है ।

**पूर्वाभास** —नल की उदारता को सुनकर इन्द्र एव इन्द्राणी भी प्रभावित थे ।

**श्रृण्वन्सदारस्तदुदारभावं हृष्यन्मुहुर्लोमपुलोमजाया ।**
**पुण्येन नालोकतनाकपालः प्रमोदवाष्पाऽऽवृतनेत्रमाल ॥ २८ ॥**

**अन्वय** —नाकपाल सदार तदुदारभाव श्रृण्वन् प्रमोदवाष्पावृतनेत्रमाल (सन्) पुलोमजाया मुहु हृष्यत् लोम पुण्येन न आलोकत ।

**शब्दार्थ** —नाकपाल = इन्द्र ने, सदार = पत्नी के साथ, तदुदारभाव= नल के उदार भाव को, श्रृण्वन्=सुनते हुए, प्रमोदवाष्पावृतनेत्रमाल = हर्ष के कारण उत्पन्न आँसुओ से जिसके नेत्रसमूह आवृत हो गए है, (सन्) ऐसा होते हुए) पुलोमजाया = इन्द्राणी के, मुहु बार बार,हृष्यत्=उल्लसित होते हुए, लोम= रोम को (रोमञ्च को) पुण्येन=पुण्य से, न आलोकत = नही देखा ।

**अनुवाद** —इन्द्र ने पत्नी के साथ नल के उदारभाव को सुनते हुए हर्ष के कारण उत्पन्न आँसुओं से जिसके नेत्र समूह आवृत हो गए है, ऐसा होते हुए, इन्द्राणी के बार-बार उल्लसित हुए रोमाञ्च को पुण्य से नही देखा ।

**भावार्थ** —नल की उदारता को सुनकर हर्ष से इन्द्र की आँखो मे आँसूआ जाते थे, इस कारण उसके नेत्र आवृत हो जाते थे । इन्द्राणी भी नल के विषय मे

सुनकर रोमाञ्चित हो गयी थी, किन्तु पुण्ययोग से इन्द्र ने उसे रोमाञ्चित नहीं देखा, क्योंकि उसके नेत्र आँसुओं से आवृत थे।

जीवातु संस्कृत टीका —शृण्वन्निति। नाकपाल इन्द्र सदार सवधूक तस्य नलस्य उदारभावमौदार्यं शृण्वन्नत एव प्रमोदवाष्पैरानन्दाश्रुभिरावृत नेत्रमालातिरोहितदृष्टि-श्च सन् पुलोमजाया शच्या मुहुर्मुहुः त्पन्नलान् गात्रेषु सञ्जातरोमाञ्च पुण्येन शच्या भाग्येन नालोकत नापश्यत् अन्यथा मानसव्यभिचारापराधाद् दण्डयैवेत्यर्थः।

समासविग्रहादि —नाकपालयतीति नाकपाल। उदारस्य भाव उदारभाव, तस्य उदारभाव तम् तदुदारभावम्। प्रमोदस्य वाष्पाणि तैः वृता नेत्राणां माला इति प्रमोदवाष्पऽऽवृतनेत्रमाल।

व्याकरण—शृण्वन्=श्रु+लट् (शतृ)+सु। पुलोमजाया =पुलोमन्+जन्+ड+टाप्+ङस्। आलोकत=आङ्+लोक+लङ्+त।

विशेष—इन्द्राणि को इन्द्र अपने आँखों मे आँसू आ जाने के कारण तथा इन्द्राणी के पुण्यवश के कारण रोमाञ्चित नहीं देख पाया। इस प्रकार यहाँ हेतु का कथन होने से काव्यलिङ्ग अलङ्कार है। नल के प्रति अभिलाषा के उदय के कारण भावोदय अलङ्कार है। दार', 'दार', 'लोम, 'लोम' तथा 'लोक' 'लोक' में यमक अलङ्कार है।

पूर्वाभास —पार्वती भी नल के गुणों के वर्णन के समय कानों को बन्द कर लेती थी।

## साऽपीश्वरे शृण्वति तद्गुणौघान् प्रसह्य चेतो हरतोऽर्धशम्भु। अभूदपर्णाऽङ्गुलिरुद्धकर्णा कदा न कण्डूयनकैतवेन ॥ २९ ॥

अन्वय —ईश्वर प्रसह्य चेत हरत तद्गुणौघान् शृण्वति (सती) सा अर्धशम्भु अपर्णा कदा कण्डूयनकैतवेन अङ्गुलिरुद्धकर्णा न अभूत ?

शब्दार्थ —ईश्वरे=महादेव के, प्रसह्य=बलात, चेत =चित्त को, हरत =हरण करने वाले, तद्गुणौघान्=उस नल के गुणों के विषय के शृण्वति=सुनते रहने पर, सा=वह, अर्धशम्भु=शम्भु की अर्द्धाङ्गिनी, अपर्णा=पार्वती, कदा=कब, कण्डूयनकैतवेन=खुजली के बहाने अङ्गुलिरुद्धकर्णा=उंगली से कान को बन्द करने वाली, न अभूत्=नहीं हुई।

अनुवाद—महादेव जब बलात् चित्त को हरने वाले नल के गुणसमूह के

विषय मे सुनने थे तो शिव की अर्द्धाङ्गिनी पार्वती कब खुजली के बहाने उगली से कान को बन्द करने वाली नही हुई।

जीवातु सस्कृत टीका—सेति ईश्वरे हरे प्रसह्य चेतो हरतो बलान् मनोहरिणस्तस्य नलस्य गुणौघान् शृण्वति सति सा प्रसिद्धा अध शम्भोरर्ध शम्भु शम्भोरर्द्धाङ्गिभूतेत्यर्थ । तथा चापसरणमशक्यमिति भाव । अपर्णा पार्वत्यपि कदा कण्डूयनकैतवेन कण्डूनोदन व्याजेन अङ्गुल्या रुद्ध पिहित कर्णौ यया सा नाभूत अभूदेवेत्यर्थ । अन्यथा चित्तचलनादिति भाव ।

समासविग्रहादि—गुणानाम् ओघा गुणौघा, तस्य गुणौघा तद्गुणौघ तान् तद्गुणौघान् अर्द्ध शम्भो अर्द्धशम्भु। अविद्यमान पर्ण यस्या सा अपर्णा । कण्डूयनस्य कैतव कण्डूयनकैतव तेन कण्डूयनकैतवेन। रुद्धो कर्णौ यया सा रुद्धकर्णा रङ्गुलिम्या रुद्धकर्णा इति अङ्गुलिरुद्ध कर्णा।

व्याकरण—हरत =हृञ् + शतृ + गस् । ईश्वर =ईश् + वरच । कण्डूयनम् = कण्डू + यक् + ल्यट (भावे)।

विशेष—यहाँ अपर्णा शब्द साभिप्राय प्रयुक्त होने से परिकर अलकार है। कण्डूयनकैतवेन मे अपह्नुति अलकार है।

पूर्वाभास —सरस्वती भी नल के प्रति अनुरक्त थी।

**अलं सजन् धर्मविधौ विधाता रुणद्धि मौनस्य मिषेण वाणीम् ।**
**तत्कण्ठमालिङ्ग्य रसस्य तृप्ता न वेद ता वेदजड स वक्राम् ॥३०॥**

अन्वय—विधाता धर्मविधौ अल सृजन् वाणी मौनस्य मिषेण रुणद्धि (किन्तु) वेदजड सताम् तत्कण्ठम् आलिङ्ग्य रसस्य तृप्ता वक्रा न वेद।

शब्दार्थ—विधाता=ब्रह्मा जी, धर्मविधौ= धर्म के आचरण में, अलम्=अत्यधिक, सजन्=आसक्त होती हुई, वाणीम्=वाणी को, मौनस्य= मौन के, मिषेण=बहाने से, रुणद्धि=रोकते है। (किन्तु) वेदजड =वेद का पाठ करने से जड, स=वह (ब्रह्मा), ताम्=वाणी को, तत्कण्ठम=नल के कण्ठ को, आलिङ्ग्य=आलिगनकर, रसस्य तृप्ता=अनुराग से सन्तुष्ट (शृगरादि रस से सन्तुष्ट), वक्रा=प्रतिकूल(वक्रोक्ति अलकार से युक्त), न वेद=नही जानते है।

अनुवाद—ब्रह्मा जी धर्म के आचरण मे अत्यधिक आसक्त हुए वाणी को मौन के बहाने से रोकते हैं, किन्तु वेद का पाठ करने से जड वह ब्रह्मा उस वाणी को नल के कण्ठ को आलिगन कर अनुराग से सन्तुष्ट, प्रतिकूल नही

जानते हैं ।

भावार्थ—ब्रह्मा जी धर्म के आचरण मे अत्यधिक आसक्त है। वे वाणी को मौन के बहाने अपने भीतर रोककर वेद का पाठ करने मे लग जाते हैं । इस प्रकार जडबुद्धि वे नल का आलिंगन करती हुई, उसके प्रति अनुरक्त वाणी को नही जानते है ।

जीवातु सस्कृत टीका —अलमिति । विधाता ब्रह्मा अलमत्यन्त धर्मविधौ गुरुताचरणे सजन् धर्मासक्त सन्नित्यर्थ । वाणी स्वभार्यां वाग्देवी वर्णात्मिकाञ्च मौनस्य वाग्यमनव्रतस्य मिषेण रणाद्धिनलश्यापसगान्निरुध्य, तस्या उभय्या अपि तदासगमयादिति भाव । किन्तु वेदजड छान्दस विधाता तामुभयीमपि वाणी तस्य नलस्य कण्ठ ग्रीवामालिङ्ग्य मुखमाश्रित्य च रसस्य तृप्ता तद्रागसंवृप्ता मन्यत शृ गारादिरसपुष्टाञ्च । सम्बन्धसामान्ये षष्ठी, पूरणगुणेत्यादिना षष्ठीनिषेधादव शापवादिति केचित् । वक्रां प्रतिकूलकारिणी वक्रोक्त्यलङ्कारयुक्ताञ्च न वेद न वेत्ति विदो लटो वे' ति णलादेश । अशक्यरक्षा स्त्रिय इति भाव । अत्र प्रस्तुतया देवीकथनादप्रस्तुतवर्णात्मकवाणीवृत्तान्तप्रतीते प्रागुक्तरीत्या ध्वनिरेवे त्यनुसन्धेयम् ।

समासविग्रहादि—धर्मस्य विधि धर्मविधि तस्मिन् धर्मविधौ । वेदेन-जड वेदजड, तस्य कण्ठ तत्कण्ठ तम् तत्कठ ।

व्याकरण—सजन्=षञ्ज+शतृ । विधि=वि+धा+कि । रुणद्धि=रुध्+लट्+तिप् । आलिङ्ग्य=आङ्+लिगि+क्त्वा (ल्यप्) वेद=विद+लट्+तिप् ।

विशेष—यहाँ प्रस्तुत वाणी देवी (सरस्वती) के कथन से अप्रस्तुत वर्णात्मक वाणी की प्रतीति हो रही है अत समासोक्ति अलकार है।

पूर्वाभास—लक्ष्मी भी नल का आलिंगन करती थी।

श्रियस्तदालिङ्गनभूर्नभूता व्रतक्षतिः काऽपि पतिव्रतायाः ।
समस्तभूतात्मतया न भूत तद्भर्तुरीर्ष्याकलुषाऽणुनापि ॥ ३१ ॥

अन्वय —पतिव्रताया श्रिय तद्भर्तु समस्तभूतात्मतया तदालिंगनभू काऽपि व्रतक्षति न अभूत् । (अतएव) तद्भर्तु ईर्ष्याकलुषाऽणुना अपि न भूतम् ।

शब्दार्थ —पतिव्रताया श्रिय =पतिव्रता लक्ष्मी का, तद्भर्तु =उनके पति विष्णु के, समस्तभूतात्मतया=समस्त प्राणियों के स्वरूप होने से, तदालिंगनभू

=नल के आलिंगन से होने वाली, काऽपि=कोई भी, व्रतक्षति =व्रत की क्षति, न अभूत्=नहीं हुई, (अतएव) तद्भर्तुं =उनके पति विष्णु को, ईर्ष्याकलुषाणुना= ईर्ष्या के कालुष्य का अणुमात्र भी, न भूतम्=नहीं हुआ।

**अनुवाद**—पतिव्रता लक्ष्मी का उनके पति विष्णु के समस्त प्राणियों के स्वरूप होने से नल के आलिंगन से होने वाली कोई भी व्रत की क्षति नहीं हुई । अतएव उनके पति विष्णु को ईर्ष्या के कालुष्य का अणुमात्र भी नहीं हुआ।

**भावार्थ**—लक्ष्मी ने नल का आलिंगन किया, फिर भी उसके पतिव्रत धर्म की कोई भी क्षति नहीं हुई, क्योंकि विष्णु समस्त प्राणिमय हैं। इस कारण विष्णु को भी किञ्चिमात्र ईर्ष्या की कलुषता नहीं हुई।

**जीवातु संस्कृत टीका**—श्रिय इति । पतिव्रताया श्रिय श्रीदेव्या तद्भर्तुर्विष्णो समस्तभूतात्मतया सर्वभूतात्मकत्वेन नलस्यापि विष्णुरूपत्वेनेत्यर्थ । तदालिंगनभूर्नलश्लेषभवा काऽपि व्रतक्षति पातिव्रतभगो न भूता नाभूत् । अतएव तद्भर्तुर्विष्णोश्च ईर्ष्यया नलनालिंगनभुवा अक्षमया यत्कलुष कालुष्य मन क्षोभ दु खादित्वेन अस्य धर्मधर्मिवचनत्वादत इव क्षीरस्वामी 'शस्तचाथ त्रिषु द्रव्ये पाप पुण्य सुखादिचे' त्यत्र आदिशब्दाच्छ्रेय कलुषशिवमद्रादय इति उभयवचनेषु सजग्राह । तस्याणुनालेशेनापि न भूत नाभावि । नपुसके भावेक्त । अत्रशच्यादिचित्तचाञ्चल्यो-क्तेर्नलसौन्दर्य तात्पर्यानानौचित्यदोष ।

**समासविग्रहादि**—पत्यौ व्रत यस्या सा पतिव्रता तस्या । तस्या भर्ता तस्य तद्भर्तुं । समस्ताश्चते भूता ' आत्मनो भाव आत्मता, समस्तभूतानाम् आत्मता तया समस्तभूतात्मतया । तस्य आलिंगनम् तदालिंगनम्, तदालिंगनात् भवतीति तदालिंगनभू । व्रतस्यक्षति व्रतस्यक्षति । तस्या भर्ता तद्भर्तु । ईर्ष्यया कलुष तस्य अणु तेन ईर्ष्याकलुषाणुना ।

**व्याकरण**—आत्मता=आत्मन्+तल्+टाप् । भू=भू+क्विप् । ईर्ष्या=ईर्ष्य+अप् (भावे)+टाप् । भूतम्=भू+क्त (भाववाच्य)

**विशेष**—इस पद्य मे व्रतभग तथा ईर्ष्या न होने मे विष्णु का सर्व-प्राणिमयत्व कारण है, अत काव्यलिंग अलकार है।

**पूर्वाभास**—पूर्णचन्द्रमा से भी अधिक सुन्दर नल का मुख है।

**धिक् ! तं विधेः पाणिमजातलज्जं निर्माति यः पर्वणि पूर्णमिन्दुम्।**
**मन्ये स विज्ञ. स्मृततन्मुखश्रीः कृतार्धमौज्झद्भवमूर्ध्नि यस्तम्॥३२॥**

अन्वय--स्मृततन्मुखश्री [अपि] पर्वणि य पूर्णम् इन्दु निर्माति तम् अजातलज्ज विधे पाणि धिक् ! यो भवमूर्ध्नि कृतार्धम् तम् औज्झत् स विज्ञ (इति) मन्ये।

शब्दार्थ—स्मृततन्मुखश्री (अपि) नल के मुख की शोभा का स्मरण करके भी, पर्वणि=पूर्णिमा मे, य=जो, पूर्णम्=पूर्ण, इन्दु=चन्द्रमा का, निर्माति=निर्माण करता है, तम्=उस, अजातलज्ज=जिसे लज्जा उत्पन्न नही हुई है एसे, विधे=ब्रह्मा के पाणि=हाथ को, धिक्=धिक्कार हे। योभवमूर्ध्नि=जिसने शिवजी के सिर मे, कृतार्धम्=आधा बनायेगए, तम्=उस चन्द्रमा को, औज्झत्=छोड दिया, स=वह, विज्ञ=बुद्धिमान् है, इति मन्ये=मैं ऐसा मानता हूँ।

अनुवाद—नल के मुख की शोभा का स्मरण करके भी पूर्णिमा जो पूर्ण चन्द्रमा का निर्माण करता है, उस जिसे लज्जा उत्पन्न नहीं हुई है ऐसे ब्रह्मा के हाथ को धिक्कार है। जिसने के सिर मे आधा बनाए गए उस चन्द्रमा को छोड दिया, वह बुद्धिमान है, एसा मैं मानता हूँ।

भावार्थ —ब्रह्मा के उस निर्लज्ज हाथ को धिक्कार है जो नल के मुख की शोभा का स्मरण करके भी पूर्णचन्द्रमा का निर्माण करता है। ब्रह्मा का वही हाथ समझदार है जिसने शिव के सिर में आधा बनाए गए चन्द्रमा को छोड दिया मेरी ऐसी मान्यता है।

जीवातु संस्कृत टीका—धिगिति। अमजात लज्ज निस्त्रप विधे पाणि धिक् य पाणि स्मृतनन्मुखश्रीरपि पर्वणि जानावेक्षवान पर्वेस्मित्यर्थः। पूर्णमिन्दु निर्माति अनार्योति भाव। स विज्ञ धर्मिण इति मन्ये य पाणि स्मृततन्मुखश्री सन् तमिन्दु कृत अर्द्ध एकदेशो यस्य त कृतार्द्धमर्द्धनिर्मितमेव भवमूर्ध्नि हराशिरसि औज्झत्। अतिगौरवं गुणमन्यान्यमिति भाव।

समासविग्रहादि—तस्यमुख, तन्मुख तन्मुखश्री, स्मृतान्मुखश्री येन स स्मृततन्मुखश्री। न जाता अजाता, अजाता लज्जा यस्य स तम् अजातलज्जम्। भवस्यमूर्धा तस्मिन् भवमूर्ध्नि।

व्याकरण—विज्ञ=वि+ज्ञा+क (कर्तरि), औज्झत्=उज्झ्+लङ्।

विशेष—यहा प्रतीप अलकार है। प्रतीप का लक्षण है—

प्रसिद्धस्योपमानस्योपमेयत्वप्रकल्पनम्
निष्फलत्वाभिधान वा प्रतीपमिति कथ्यते ॥

अर्थात् लोकप्रसिद्ध उपमान को उपमेय बना देना अथवा उसकी निष्फलता कर देना प्रतीप अलकार है। यहा चन्द्रमा रूप उपमान मे उपमेयत्व की ना होने से प्रतीप अलकार है।

पूर्वाभास —नल के मुख से पराजय को प्राप्त हुआ चन्द्रमा गुप्त स्थानो द्रता है।

**जीवातु सस्कृत टीका**—दत्त्वेति। किं च, जीवदे प्राणदे त्वयि विषये आत्मजीव मत्प्राण दत्त्वाऽपि शुध्यामि आनृण्य गमिष्यामीत्यर्थ। किन्तु जीवादधिक प्रिय तद्दे त्वयि केन शुध्यामि ? न केनापि, तत्तुल्यदेयवस्त्वभावादित्यर्थ। सम्प्रति प्राणे समम् तु न किञ्चिदस्तीति भाव। तत्तस्मादभावादेव मा त्वदृणेषु विषये अशोद्धुमऋणग्रस्ता भवितुमेव अमुद्रे अपरिमिते दारिद्रय त्वद्देयवस्त्वभावस्य तस्मिन्नेव समुद्रे। मग्ना विधेहि नल इष्टदानेन मामृणग्रस्ता कुर्वित्यर्थ। अशोद्धु मग्नामिति मग्नत्वानुवादेन अशुद्धिर्विधीयते दरिद्राणामृण मुक्तिर्नास्तीति भाव।

**समासविग्रहादि**—आत्मनो जीव आत्मजीव तम् आत्मजीव। तव ऋणानि तेषु त्वदृणेषु। न शोद्धुम् अशोद्धुम। अविद्यमाना मुद्रा यस्य स अमुद्र, दारिद्रयम् एव समुद्र अमुद्र श्चासौ दारिद्रय समुद्र तस्मिन् मग्ना ताम् अमुद्र-दारिद्रयसमुद्रमग्नाम्।

**व्याकरण**—जीवदे=जीव+दा+क+ङि। दत्त्वा=दा+क्त्वा। शुद्ध्यामि=शुध्+लट्+मिप्। विधेहि=वि+धा+लोट्+सिप्।
**विशेष**—इस पद्य मे रूपक अलङ्कार है। अमुद्र [मुद्रा रहित] तथा समुद्र [मुद्रा सहित] मे विरोध है। समुद्र का अर्थ सागर करने पर विरोधाभास अलङ्कार है। मुद्र मुद्र मे यमक अलङ्कार है, क्योंकि दोनो मुद्र के अर्थ भिन्न २ हैं।

**पूर्वाभास**—दमयन्ती हस से कहती है कि ख्याति तथा पुण्य के लिए ही तुम मेरा उपकार करो।

**क्रीणीष्वमज्जीवितमेवपण्यमन्यन्न चेद्वस्तु तदस्तु पुण्यम्।**
**जीवेशदातर्यदि ते न दातुं यशोऽपि तावत्प्रभवामि गातुम् ॥८७॥**

अन्वय—हे जीवेशदात ! मज्जीवितम् एव पण्य क्रीणीष्व, अन्यद् वस्तु

न चेत् [तर्हि] पुण्यम् अस्तु, ते दातुं न प्रभवामि (चेत्) तावत् यशः अपि गातुं प्रभवामि।

शब्दार्थ—हे जीवेशदातः=हे प्राणेश्वर (नल) को देने वाले! मज्जीवितम्=मेरे जीवन को, एव=ही, पण्य=क्रेय वस्तु के रूप में, क्रीणीष्व=खरीद लो। अन्यत्=दूसरी, वस्तु न चेत्=वस्तु नहीं होगी (तर्हि=तो), पुण्यम् अस्तु=पुण्य ही हो, ते दातुं=तुम्हें देने में, न प्रभवामि (चेत्)=यदि मैं समर्थ नहीं हूँ, तावत्=तो, यशः अपि=यश को, गातुं प्रभवामि=गाने में समर्थ होऊँगी।

अनुवाद—हे प्राणेश्वर (नल) को देने वाले! मेरे जीवन को ही क्रेय वस्तु के रूप में खरीद लो। दूसरी वस्तु नहीं होगी तो पुण्य ही हो। तुम्हें देने में यदि मैं समर्थ नहीं हूँ तो यश को गाने में समर्थ होऊँगी।

भावार्थ—दमयन्ती हंस से कहती है कि तुम मेरे प्राणेश्वर नल को देने वाले हो अतः तुम्हें मेरा जीवन ही समर्पित है। मुझे क्रय करने में तुम्हें यदि और कुछ लाभ नहीं होगा तो पुण्य तो होगा ही। भले ही मैं तुम्हें कुछ देने में असमर्थ हूँ, किन्तु तुम्हारा यशोगान तो कर सकती हूँ।

जीवातु संस्कृत टीका—क्रीणीष्वेति। हे जीवेशदातः प्राणेश्वरद! मज्जीवितमेव पण्यं क्रेयं वस्तु क्रीणीष्व, जीवेशरूपमूल्यदानेन स्वीकुरुष्वेत्यर्थः। अस्यदेतन्मूल्यानुरूपं वस्त्वन्तरं नास्ति चेत्तर्हि पुण्यं सुकृतमस्तु, किञ्चिद्यदि ते तुभ्यं दातुं न प्रभवामि न शक्नोमि तावत्तर्हि यशोऽपि कीर्तिं गातुं प्रभवामि, ख्यातिमुत्पादयन्नेवोपकुरुष्वेत्यर्थः।

समासविग्रहादि—जीवस्य ईशः, तस्य दाता जीवेशदाता, तत्सम्बुद्धौ जीवेशदातः। मम जीवितं तत् मज्जीवितम्।

व्याकरण—जीवितम्=जीव्+क्त। पण्यम्=पण्+यत्।

विशेष—जीवन पर इस पद्य में पण्यत्व का आरोप किया गया है, अतः रूपक अलङ्कार है।

पूर्वाभास—दमयन्ती हंस से कहती है कि तुम सज्जन होने के कारण मेरा उपकार करो।

वराटिकोपक्रिययाऽपि लभ्यान्नेभ्यः कृतज्ञानयनयाऽऽद्रियन्ते।
प्राणं पणं स्वं निपुणं भणन्तः क्रीडन्ति तानेव तु हन्त! सन्तः।८८।

अन्वय—वराटिकोपक्रियया अपि लभ्यान् कृतज्ञान् इभ्या न आद्रियन्ते। हन्त ! सन्त तु स्व निपुण भणन्त तान् एव प्राणै पणै क्रीणन्ति।

शब्दार्थ—वराटिकोपक्रियया=कौडी मात्र के उपकार द्वारा, अपि=भी, लभ्यान्=प्राप्त होने वाले, कृतज्ञान्=कृतज्ञ व्यक्तियो का, इभ्या=धनी लोग, न आद्रियन्ते=आदर नही करते है। सन्त तु=सज्जन लोग तो, स्व=अपने आपको, निपुण भणन्त=निपुण कहते हुए, तान् एव=उन्हे ही, प्राणै=प्राण रूप, पणै=मूल्यो से, क्रीणन्ति=खरीद लेते है।

अनुवाद—कौडी मात्र का उपकार करके भी प्राप्त होने वाले कृतज्ञ व्यक्तियो का धनी लोग आदर नही करते है। सज्जन लोग तो अपने आपको निपुण कहते हुए उन्हे ही प्राणरूप मूल्यो से खरीद लते हैं।

भावार्थ—जिनमे कृतज्ञता गुण होना है, उनका थोडा भी उपकार किया जाय तो भी वे सुलभ हो जात है, किन्तु धनी व्यक्ति (धन को ही महत्त्व दन के कारण) उनका आदर नही करते हैं। सज्जन लोग कृतज्ञ व्यक्तियो को खरीद लेते हैं, चाहे भले ही इनके लिए उन्हे प्राणो का ही मूल्य क्यो न देना पडे। दमयन्ती हस को सज्जन स्वभाव वाला समझती है। अत उसमे उपकार की अपेक्षा करती है।

जीवातु सस्कृत टीका—अथवा साधुस्वभावेनापि परोपकार कुर्वित्याह-वराटिकेति। वराटिकोपक्रियया कपर्दिकादानेनाऽपि लभ्यान् कृतज्ञान् तावदेव बहु-मन्यमानान् उपकारज्ञान् इभ्या धनिका, 'इभ्य आढ्यो धनी स्वामी' त्यमर। नाद्रियन्ते धनलोभान्नोपकुर्वन्तीत्यर्थ। सन्तो विवेकिनस्तु स्वात्मान निपुण भणन्त, सन्त एते वय त्वदधीना इति साधु वदन्त इत्यर्थ। तानेव कृतज्ञान् प्राणैरेव पणै क्रीडन्ति आत्मसात्-कुर्वन्ति, निपुणजनैरित्यर्थ। अतस्त्वया अपि सता कृतज्ञाऽमुप-कर्तव्येति भाव। हन्त हर्षे।

समासविग्रहादि—वराटिकाया उपक्रिया तया वराटिकोपक्रियया। कृत जानन्तीति कृतज्ञा तान् कृतज्ञान्। इभम् अर्हन्तीति इभ्या।

व्याकरण—कृतज्ञान्=कृत+ज्ञा+क+शस्। आद्रियन्ते=आङ्+दृङ्+लट्+झ। सन्त=अस्+लट् (शतृ)+जस्। भणन्त=भण+लट् (शतृ)+जस्। क्रीणन्ति=क्रीञ्+लट्+झि।

विशेष—इस पद्य मे प्राण पर पण्यत्व का आरोप करने से रूपक अलङ्कार है।

पूर्वाभास—नल स्वरपालो के अश से उत्पन्न है—

स भूभृदष्टावपि लोकपालास्तैर्मे यदेकाग्रधियः प्रसेदे।
न हीतरस्माद् घटते यदेत्य स्वयं तदाप्तिप्रतिभूर्ममाभूः ॥८६॥

अन्वय—स भूभृत् अष्टौ अपि लोकपाला । तदेकाग्रधियो मे तै प्रसेदे। इतरस्मात् स्वम एत्य मम तदाप्तिप्रतिभूः अभूः यत्, तद् न घटते हि।

शब्दार्थ—सभूभृत्=वे राजा नल, अष्टौ अपि=आठो, लोकपाला=लोकपालस्वरूप है। तदेका ग्रधियो=उनमे एकाग्र बुद्धि रखने वाले, मे=मेरे ऊपर, तै प्रसेदे=वे प्रसन्न है, इतरस्मात्=नही तो स्वयम एत्य=स्वयं आकर, मम=मेरे तदाप्ति प्रतिभूः=उस नल की प्राप्ति के लिए तुम प्रतिभू (जामिन), अभूः=हो गए हो, यत् तत् न घटते हि=वह घटित नही होता।

अनुवाद—वे राजा नल आठो लोकपालस्वरूप है। उनमे एकाग्रबुद्धि रखने वाले मेरे ऊपर वे प्रसन्न है, नही तो स्वयं आकर जो तुम उस नल की प्राप्ति के लिए जामिन हो गए हो, वह घटित नही होता।

भावार्थ—प्राचीन काल में यह मान्यता थी कि राजा आठ लोकपालो के अंशो से उत्पन्न होता है। दमयन्ती की मान्यतानुसार राजा नल भी आठ लोकपालो के अंश है। नल का एकाग्रमन से ध्यान करने से वे लोकपाल प्रसन्न है। यदि यह बात न होती तो हंस स्वयं आकर उस नल की प्राप्ति के लिए प्रतिभू न बनता।

जीवातुसंस्कृतटीका—स इति। किञ्च स भूभृत् नल अष्टावपि लोकपाला तदात्मक इत्यर्थ। 'अष्टाभि लोकपालाना मात्राभिर्निर्मितो नृपः' इति स्मरणात्। अतएव तदेकाग्रधियो [illegible] तदेकाग्रबुद्धे मे मम तैर्लोकपालैः प्रसेदे=प्रसन्नभाव स्थितं। देवताध्यायी प्रसन्न [illegible] निभाव। कुत ? इतरस्मात् प्रसादादन्यथेत्यर्थः। स्वयं स्वयमेवागत्य मम तदाप्ति [illegible] तदवाप्तिलग्न को ऽभूरिति यत् तन्न घटते हि। तत्प्रसादाभावे कुतो मम दैवं [illegible] इत्यर्थ।

समासविग्रहादि—भुव बिभर्तीति भूभृत्। लोकं पालयन्तीति लोकपाला। एका.ग्रा धीर्यस्या सा एकाग्रधी, तदेकाग्रधी तस्या। प्रतिभवतीति प्रतिभू।

व्याकरण—भूभृत्=भू+भृ+क्विप्। लोकपाला=लोक+पाल+अच्। प्रसेदे—प्र+सद्+लिट्+त। प्रतिभू—प्रति+भू+क्विप्। अभू=भू+लुङ्+सिप्। घटते=घट्+लट्+त।

विशेष—इस पद्य में हंस पर प्रतिभूत्व का आरोप है, अतः रूपक अलङ्कार है हंस के स्वयं आकर प्रतिभूत्व ग्रहण करने से लोकपालों की प्रसन्नता का अनुमान लगाया गया है, अतः अनुमान अलङ्कार है।

पूर्वाभास—दमयन्ती को विश्वास है कि नल उसके हृदय पर चन्दन-लेपने का कार्य करेगा।

**अकाण्डमेवात्मभुवार्जितस्य भूत्वाऽपि मूलं मयि वीरणस्य।**
**भवान्मे किं नलदत्वमेत्य कर्ता हृदश्चन्दनलेपकृत्यम् ॥९०॥**

अन्वय—अकाण्डम् एव आत्मभुवा अर्जितस्य मयि रणस्य मूलं भूत्वा अपि किं भवान् नलदत्वम् एत्य मे हृदः चन्दनलेपकृत्यम् न कर्ता किम् ?

शब्दार्थ—अकाण्डम् एव=बिना अवसर के ही, आत्मभुवा=कामदेव के द्वारा, मयि=मेरे विषय में, अर्जितस्य=किए गए, रणस्य=युद्ध के (अथवा शब्द के) मूलं=कारण, भूत्वाऽपि=होकर भी, अकाण्ड=दण्डरहित, आत्मभुवा=ब्रह्मा के द्वारा, अर्जितस्य=रचे गए, वीरणस्य=वीर तृण के मूलं=मूल अवयव, भूत्वा=होकर, नलदत्वं=नल को देने के भाव को, [उशीरपने को=खसखस रूप को] एत्य=प्राप्त करके, हृदः=हृदय के, चन्दनलेपकृत्यं=चन्दन के लेप के कार्य को, न करिष्यसि=नहीं करोगे ? अर्थात् अवश्य करोगे।

अनुवाद—असमय में ही कामदेव के द्वारा मेरे विषय में किए गए युद्ध के मूल कारण होकर भी नल को प्रदान करने के भाव को प्राप्त करके [हे हंस तुम] हृदय के चन्दन के लेप के कार्य को नहीं करोगे ? अर्थात् अवश्य करोगे।

दण्डरहित ब्रह्मा के द्वारा रचे गये वीरतृण के मूल अवयव होकर खसखस रूप को प्राप्त करके (तुम मेरे) हृदय के चन्दन के लेप के (से) कार्य को नहीं करोगे ? अर्थात् अवश्य करोगे।

भावार्थ—दमयन्ती हंस से कहती है कि तुमने असमय में मेरे हृदय में कामदेव के द्वारा द्वन्द्व उत्पन्न करा दिया है, तथापि तुम यदि नल को प्रदान कर देते हो तो नल की प्राप्ति मेरे हृदय पर चन्दन के लेप के समान सुखदायी होगी। मुझे विश्वास है कि यह कार्य तुम अवश्य करोगे।

अथवा जिस प्रकार ब्रह्मा के द्वारा उत्पादित वीरतृण का मूल अवयव उशीरपने को प्राप्त होकर चन्दन के लेप के समान हृदय को सुखदायी होता है,

इसी प्रकार तुम भी नल को प्रदान करने रूप खस के लेपन द्वारा चन्दन के लेप का कार्य करोगे ।

जीवातु संस्कृत टीका—अकाण्डेति । हे हंस ! विपक्षी 'विकिर पतत्त्रिण' इत्यमर । रोरी' ति रेफलोपे 'ढ्लोपे पूर्वस्ये' ति दीर्घ । मम अकाण्डमनवसर एव अत्यन्त संयोगे द्वितीया' आत्मभुवा कामेन मयि विषये ईरितस्य कृतस्य रणस्य गाढप्रहारलक्षणस्य मूल हंसानामुद्दीपकत्वेन निदान इत्यर्थ अन्यत्र काण्डो दण्ड तद्वर्जितमकाण्ड यथा तथा आत्मभुवा ब्रह्मणा ईरितस्य वीरणस्य तृणविशेषस्य मूल मूलावयवो भूत्वा अत एव नलदत्वमुपगच्छन् । अन्यत्र उशीरत्व चेत्यर्थ । हृद चन्दनलेपकृत्य शैत्योत्पादन न कर्ता कथिष्यसे परोपकारशीलत्वादिति भाव । काण्डोऽस्त्री दण्डबाणार्ववर्गावसरवारिषु' इत्यमर । वीरणं वीरतरमूलस्योशीरमस्त्रियाम् । अभय नलद सेव्यमि' ति चामर । वीरणस्येति शब्दश्लेष । अन्यत्रार्थश्लेष । तथा च नलदत्वमेत्य चेति प्रकृताप्रकृतयोरभेदाध्यवसायेन हंसे आरोप्यमाणस्योशीरस्य प्रकृत्या तादात्म्येन चन्दनकृत्यलक्षणकार्योपयोगात् परिणामालङ्कार । आरोप्यमाणस्य प्रकृतोपयोगित्वे परिणाम' इति लक्षणात्, स चोक्तश्लेषप्रतिबिम्बोत्थापित इति सङ्कर ।

समासविग्रहादि—काण्डस्य अभाव तद् यथा तथा अकाण्ड । आत्मना भवतीति आत्मभू तेन आत्मभुवा । नल ददातीति नलद, नलदस्य भाव नलदत्व । चन्दनस्य लेप चन्दनलेप तस्य कृत्यम् चन्दनलेपकृत्य ।

व्याकरण—एत्य=आङ् + इण् + क्त्वा (ल्यप्), कर्ता=कृ + तृच् + तिप् । आत्मभू=आत्मन् + भू + क्विप् । कृत्यम्=कृ + क्यप् (तुक् का आगम)।

विशेष—इस पद्य मे 'अकाण्डम' 'आत्मभुवा' 'मूलम्' 'वीरणस्य' 'नलदत्वम्' मे श्लेष अलङ्कार है । हंस नलद बनकर प्रकृत मे चन्दनलेप के उपयोग मे आता है, अत परिणामालङ्कार है ।

पूर्वाभास—दमयन्ती हंस से विलम्ब न करने हेतु कहती है ।

अल विलम्ब्य त्वरितु हि वेला कार्ये किल स्थैर्यसहे विचार ।
गुरूपदेश प्रतिभेव तीक्ष्णा प्रतीक्षते जातु न कालमर्ति ॥६१॥

अन्वय—(हे हंस !) विलम्ब्य अल, हि त्वरितु वेला । स्थैर्यसहे कार्ये विचार किल । तीक्ष्णा प्रतिभा गुरूपदेशम् इव अर्ति जातु कालं न प्रतीक्षते ।

शब्दार्थ —[हे हंस!] विलम्ब्य अल=विलम्ब मत करो, हि त्वरितु = निश्चित रूप से शीघ्रता करने की, वेला=वेला है। स्थैर्यसहे=विलम्ब सहने वाले, कार्ये=कार्य मे, विचार किल=विचार किया जा सकता है। तीक्ष्णा= तीक्ष्ण, प्रतिमा =प्रतिमा, गुरूपदेशम् इव=गुरु के उपदेश के समान, अर्ति = पीडा, जातु=कभी भी, काल न प्रतीक्षते=समय की प्रतीक्षा नहीं करती है।

अनुवाद—हे हंस! विलम्ब मत करो, निश्चित रूप से शीघ्रता करने की वेला है। विलम्ब सहने वाले कार्य मे विचार किया जा सकता है। तीक्ष्ण प्रतिमा गुरु के उपदेश के समान पीडा कभी भी समय की प्रतीक्षा नहीं करती है।

भावार्थ—जिस प्रकार तीव्र प्रतिमा वाला व्यक्ति गुरु के उपदेश की प्रतीक्षा नहीं करता है, उसी प्रकार तीव्र पीडा कभी भी समय की प्रतीक्षा नहीं करती है। अत हे हंस! तुम्हें विलम्ब नहीं करना चाहिए। यह शीघ्र कार्य सम्पन्न करने का समय है। जो कार्य देर से हो सकता हो, उनके विषय से लोग विचार करते हैं। शीघ्र करने योग्य कार्य के विषय मे विचार नहीं करते हैं।

जीवातु संस्कृत टीका—अलमिति। हे हंस! विलम्ब्यालं न विलम्बितव्यमित्यर्थः। 'अलङ्खल्वो[illegible]' इति क्त्वा प्रत्यये ल्यबादेशः। त्वरितु वेला हि त्वराकाल खल्वयमित्यर्थः। '[illegible] समयवेलासु तुमुन्' [illegible] स्थैर्यसहे विलम्बसहे कार्ये विचारो विमर्शः [illegible], अन्यथा विपत्स्यत इति भावः तथाहि तीक्ष्णा शीघ्रग्राहिणी प्रतिमा गुरूपदेशमिव आर्तिराधिर्जातु कदापि कालं न प्रतीक्षते, कालक्षेपं न सहत इत्यर्थः। उपमार्थान्तरन्यासयो संसृष्टि।

समासविग्रहादि—स्थैर्यं सहत इति स्थैर्यसह तस्मिन् स्थैर्यसहे। गुरोरुपदेश तम् गुरूपदेशम्।

व्याकरण—विलम्ब्य—वि+लवि+क्त्वा (ल्यप्), त्वरितु =त्वरा +तुमुन्। प्रतीक्षते=प्रति+ई[illegible]+लट्+तिप्।

विशेष—इस पद्य मे उपमा तथा अर्थान्तरन्यास अलङ्कार की संसृष्टि है।

पूर्वाभास—हंस किस समय नल से दमयन्ती के विषय मे न कहे।

अभ्यर्थनीयः स गतेन राजा त्वया न शुद्धान्तगतो मदर्थम्।
प्रिया ऽऽस्यदाक्षिण्य बलात्कृतो हि तदोदयेदन्यवधूनिषेध ॥९२॥

अन्वय—(हे हंस!) गतेन त्वया स राजा शुद्धान्तगत (सन्) मदर्थं न अभ्यर्थनीय। हि तदा प्रिया ऽऽस्यदाक्षिण्यबलात्कृत अन्यवधूनिषेध उदयेत्।

शब्दार्थ—(हे हंस !) गतेन त्वया=गए हुए तुम्हें, स राजा=उन राजा नल से, शुद्धान्तगत (सन्)=यदि वे अन्तःपुर में गए हुए हों, तो मदर्थ=मेरे लिए, न अभ्यर्थनीय =प्रार्थना नहीं करना चाहिए। हि=निश्चित रूप से, तदा=तब प्रिया ऽऽस्यदाक्षिण्यबलात्कृत =प्रियतमाओं के मुख देखने से उत्पन्न शिष्टाचार के अनुरोध से, अन्यवधूनिषेध =अन्य स्त्री के प्रति उनका निषेध, उदयेत्=उदित हो सकता है।

अनुवाद—हे हंस ! गए हुए तुम्हें उन राजा नल से यदि वे अन्तःपुर में गए हुए हों तो मेरे लिए प्रार्थना नहीं करना चाहिए। निश्चित रूप से तब प्रियतमाओं के मुख देखने से उत्पन्न शिष्टाचार के अनुरोध से अन्य स्त्री के प्रति उनका निषेध उदित हो सकता है।

भावार्थ—दमयन्ती ने हंस को सलाह दी है कि जब तुम नल के पास मेरा सन्देश लेकर जाओ, उस समय यदि वे अपने अन्तःपुर में हों तो उनसे मेरे लिए प्रार्थना मत करना। हो सकता है [illegible] [illegible] के सम्मुख सकोचवश वे मुझे स्वीकार करने से मना कर दें।

जीवातु संस्कृत टीका—अथानन्तरकृत्यं सविशेषमुपादिशति [illegible] इत्यादि श्लोकपञ्चकेन। गतवतो यातेन त्वया स राजा नलः शुद्धान्तगतः [illegible] पुरस्थोऽमदर्थं मत्प्रयोजनं नाभ्यर्थनीयो न वाच्यः, [illegible] [illegible] 'अप्रधाने दुहादीनामि [illegible] [illegible] [illegible] ? हि यस्मात्तदा तस्मिन् काले प्रियाणां आस्यदाक्षिण्य मुखावलोकनोत्पन्नच्छन्दानुवृत्तिबुद्धिरित्यर्थः। तेन बलात् कृता बलात्प्रवर्तिता अन्यवधूनिषेध [illegible] स्यात्।

समासविग्रहादि—शुद्धान्तं गतः शुद्धान्तगतः। मह्यम् इदम् यदा तदा मदर्थम्। प्रियाणाम् आस्यानि तेषां दाक्षिण्यं तेन बलात्कृतः प्रियाऽऽस्यदाक्षिण्यबलात्कृत,। अन्या चासौ वधू, तस्याः निषेधः अन्यवधूनिषेध।

व्याकरण—उदयेत्=उद्+इ+विधिलिङ्+ति। अभ्यर्थनीय=अभि+अर्थ+णिच्+अनीयर।

विशेष—इस पद्य में अन्य स्त्रियों के सामने प्रणयनिवेदन न करने हेतु बताया गया है, और काव्यलिङ्ग अलङ्कार है।

शुद्धान्तसम्भोगनितान्ततुष्टे न नैषधे कार्यमिदं निगाद्यम्।
अपां हि तृप्ताय न वारिधारा स्वादुः सुगन्धिः स्वदते तुषारा ॥६३॥

अन्वय—(हे हंस) शुद्धान्तसम्भोगनितान्ततृप्ते नैषधे इद कार्यं न निगाद्यम् । अपा तृप्ताय स्वादु सुगन्धि तुषारा वारिधारा न स्वदते हि ।

शब्दार्थ—(हे हंस) शुद्धान्तसम्भोगनितान्ततृप्ते=अन्त पुर की स्त्री के साथ सम्भोग करने से नितान्त तृप्त हुए, नैषधे=नल से, इद कार्य=इस कार्य के विषय मे, न निगाद्यम्=मत कहना । अपा=जल से, तृप्ताय=तृप्त व्यक्ति के लिए, स्वादु=स्वादयुक्त, सुगन्धि+अच्छी गन्ध वाले, तुषारा=शीतल, वारिधारा=जल की धारा, न स्वदते हि=रुचिकर नही लगती है ।

अनुवाद—अन्त पुर की स्त्री के साथ सम्भोग करने से तृप्त हुए नल से इस कार्य के विषय मे मत कहना । जल से तृप्त व्यक्ति के लिए स्वादयुक्त, अच्छी गन्ध वाले शीतल जल की धारा रुचिकर नही लगती है ।

भावार्थ—यदि नल अन्त पुर की स्त्री के साथ सम्भोग कर तृप्त हो गए हो तो उस समय उनसे मेरे विषय मे मत कहना । जो व्यक्ति जल को पीकर तृप्त हो चुका है, उसको जिस प्रकार सुगन्धयुक्त तथा स्वादिष्ट शीतल जल की धारा अच्छी नही लगती है वैसे ही हो सकता है, उस समय नल को मेरे मिलन की बात अच्छी न लगे ।

जीवातुसंस्कृतटीका—शुद्धान्तेति । किञ्च शुद्धान्तसम्भोगेन अन्त पुर स्त्रीसम्भोगेन नितान्ततृप्ते अत्यन्तसन्तुष्टे नैषधे नलविषये इद कार्य न निगदितव्यम् 'ऋहलोर्ण्यत्' 'गदमद' इत्यादिना रोपसर्गाद्यतो निषेधात् । यथाहि अपा तृप्ताय अद्भिस्तृप्तायेत्यर्थ । पूरणगुणे इत्यादिना षष्ठीसमासनिषेधादेव ज्ञापकात् षष्ठी 'रुच्यर्थाना प्रीयमाण' इति सम्प्रदानत्वाच्चतुर्थी, स्वादुमधुरा सुगन्धि कर्पूरादिवासना शोभनगन्धा । अत्र कवीना निरङ्कुशत्वनियमानादर । तुषारा शीतला वारिधारा न स्वदते न रोचते हि । दृष्टान्तालङ्कार ।

समासविग्रहादि—शुद्धान्तस्य सम्भोग शुद्धान्तसम्भोग, नितान्त यथा तथा तृप्त नितान्ततृप्त, शुद्धान्तसम्भोगेन नितान्त तृप्त तस्मिन् इति शुद्धान्तसम्भोगनितान्ततृप्ते । शोभन गन्धो यस्या सा सुगन्धि ।

व्याकरण—निगाद्यम्=नि+गद्+ण्यत् । स्वदते=स्वद+लट्+त ।

विशेष—इस पद्य मे पूर्वार्द्ध और उत्तरार्द्ध मे परस्पर बिम्ब प्रतिबिम्ब भाव होने के कारण दृष्टान्त अलङ्कार है ।

पूर्वाभास—यदि नल क्रोध की स्थिति मे हो तो भी दमयन्ती का प्रणय निवेदन हंस को नही करना चाहिए ।

विज्ञापनीया न गिरो मदर्थाः क्रुधा कदुष्णे हृदि नैषधस्य।
पित्तेन दूने रसने सिताऽपि तिक्तायते हंसकुलावतंस ! ॥६४॥

अन्वय—हे हंसकुलावतंस ! नैषधस्य हृदि क्रुधा कदुष्णे (सति) मदर्था गिरो न विज्ञापनीया। पित्तेन दूने रसने सिता अपि तिक्तायते॥

शब्दार्थ—हे हंसकुलावतंस=हे हंस कुल के आभूषण ! नैषधस्य=नल का, हृदि=हृदय, क्रुधा=क्रोध से, कदुष्णे (सति)=कुछ उष्ण हो तो, मदर्था=मेरे लिए, गिरो=प्रार्थना वचन का, न विज्ञापनीया=निवेदन मत करना। पित्तेन=पित्त से, दूने=दूषित हुई, रसने=रसना इन्द्रिय को, सिता अपि=चीनी भी तिक्तायते=तीखी लगती है।

अनुवाद—हे हंसकुल के आभूषण ! नल का हृदय क्रोध से कुछ उष्ण हो तो मेरे लिए प्रार्थनावचन का निवेदन मत करना। पित्त से रसना इन्द्रिय के दूषित होने पर चीनी तीखी लगती है।

भावार्थ—जिस प्रकार पित्त के दोष से युक्त व्यक्ति को मीठी चीनी भी कड़ुवी लगती है, उसी प्रकार नल यदि क्रोध की स्थिति में होगा तो उसे तुम्हारी बात अच्छी नहीं लगेगी। अत तुम उस समय मेरी ओर से निवेदन मत करना।

जीवातुसंस्कृतटीका—विज्ञापनीया इति। हे हंसकुलावतंस ! नैषधस्य हृदि हृदये क्रुधा कोपेन कदुष्णे ईषदुष्णे 'कवं चोष्णे' इति चकारात् कोः कदादेशः। मदर्था इमा मदर्थाः 'अर्थेन सह नित्यसमासः सर्वलिङ्गता च वक्तव्या' गिरो वाचो न विज्ञापनीया न निवेद्या न विज्ञाप्या इत्यर्थः। तथाहि पित्तेन पित्तदोषेण दूने दूषिते रसने रसनेन्द्रिय सिता शर्कराऽपि तिक्तायते तिक्तीभवति लोहितादित्वात् क्यष्, 'वा क्यष' इति आत्मनेपदम्। दृष्टान्तालङ्कारः।

समासविग्रहादि—[illegible] नलसमुद्रो हंसकुलावतंस, [illegible] इमा मदर्था।

व्याकरण—[illegible] अ+म। [illegible]

विशेष—[illegible] है।

[illegible] हुआ हो तब भी हंस [illegible] चाहिए।

**धरातुरासाहि मदर्थ याच्ञा कार्या न कार्यान्तर चुम्बिचित्ते ।**
**तदाऽर्थितस्या ऽनवबोधनिद्रा विभर्त्यवज्ञाचरणस्य मुद्राम् ॥९५**

अन्वय—(हे हंस !) धरातुरासाहि कार्यान्तरचुम्बिचित्ते सति मदर्थ-याच्ञा न कार्या (तथा हि) तदा अर्थितस्य अनवबोधनिद्रा अवज्ञाऽऽचरणस्य मुद्रां बिभर्ति।

शब्दार्थ—(हे हंस !) धरातुरासाहि=पृथ्वी के इन्द्र (नल के), कार्यान्तरचुम्बिचित्ते सति=किसी दूसरे काम में लगे रहने पर, मदर्थयाच्ञा=मेरे लिए प्रार्थना, न कार्या=नहीं करना चाहिए, (तथाहि=क्योंकि) तदा=तब, अर्थितस्य=प्रार्थना किए गए व्यक्ति की, अनवबोधनिद्रा=नींद में जैसे होने वाली अनवधानता (लापरवाही) अवज्ञाऽऽचरणस्य=तिरस्कार भरे व्यवहार [illegible] को, [illegible] करती है।

अनुवाद— हंस ! पृथ्वी के इन्द्र (नल के) किसी दूसरे कार्य में लगे रहने पर मेरे लिए [illegible] ना नहीं करना चाहिए, क्योंकि तब प्रार्थना किए गए व्यक्ति की नींद [illegible] होने वाली लापरवाही तिरस्कार भरे व्यवहार के चिन्ह को धारण करती है।

भावार्थ— जिस प्रकार नींद लेते समय व्यक्ति में असावधानी हो जाती है तथा उसमें अहंकार या तिरस्कार भी [illegible] आता है। इसी प्रकार जिससे याचना की जाय उस व्यक्ति को किसी दूसरे कार्य में नहीं लगा होना चाहिए नहीं तो उसके द्वारा याचना करने वाले व्यक्ति के तिरस्कार की सम्भावना रहती है। नल भी यदि अन्य कार्य में लगा हुआ हो तो उस समय हंस को उससे याचना नहीं करना चाहिए।

जीवातु संस्कृत टीका —धरेति। तुर [illegible] धरातुरासाहि भूदेवेन्द्रे नले अजादिषु [illegible] कार्यान्तरचुम्बिचित्ते व्यासक्तचित्ते मदर्थयाच्ञा [illegible] न कार्या तथाहि—तदा [illegible] अर्थितस्य [illegible] निद्रा [illegible] ऽऽचरणस्य अनादरकरणस्य मुद्रामभिज्ञानं बिभर्ति, [illegible] नच्चानिष्टमिति भावः।

जीवातु संस्कृत टीका—विज्ञेनेति। तस्मात् कारणाद् विज्ञेन विवेकिना त्वया समय समीक्ष्य इद कार्यमस्मिन् नले विषये विज्ञाप्यम्। विलम्ब स्यादित्याशङ्क्याह—आत्यन्तिकेति। हे हस ! कार्यस्य आत्यन्तिकासिद्धि–विलम्बसिद्धयोर्मध्ये आर्यस्य विदुषस्ते का कतरा शुभा समीचीना विभाति ? अनवसरविज्ञापने कार्यविघातादर विलम्बेनेनापि कार्यसाधनमिति भाव ।

समासविग्रहादि —आत्यन्तिकी चासौ असिद्धि आत्यन्तिकासिद्धि विलम्बेन सिद्धि विलम्बसिद्धि आत्यन्तिकासिद्धिश्च विलम्बसिद्धिश्च आत्यन्तिकासिद्धिविलम्बसिद्धी तयो आत्यन्तिकासिद्धि विलम्बिसिद्धयो ।

व्याकरण—विज्ञेन = वि + ज्ञा + क + टा । समीक्ष्य = सम् + ईक्ष + क्त्वा + ल्यप । विज्ञाप्य = वि + ज्ञा + णिच् + क्त्वा (यत) आर्यस्य = ऋ + ण्यत् ङस् । विभाति = वि + भा + लट् + तिप् ।

विशेष—इस पद्य में कार्यस्य का उपयस्य में समक अलङ्कार है।

पूर्वाभास—दमयन्ती के लज्जा परित्याग का कारण कवि बतलाता है—

**इत्युक्तवत्या यदलोपि लज्जा सानौचिती चेतसि नश्चकास्तु ।**
**स्मरस्तु साक्षी तददोषतायामुन्माद्य यस्तत्तदवीवदत्ताम् ॥६७॥**

अन्वय—इति उक्तवत्या (तया) यत लज्जा अलोपि, सा अनौचिती न चेतसि चकास्तु तु तददोषतायां स्मर साक्षी। य ताम् उन्माद्य तत् अवीवदत्।

शब्दार्थ—इति उक्तवत्या=ऐसा कहने वाली, (तया=उसने), यत्=जो, लज्जा आलोपि=लज्जा का परित्याग किया, सा अनौचिती=वह अनौचित्य, न=हमारे, चेतसि=चित्त में, चकास्तु=प्रकाशित हो, तु=किन्तु, तददोषतया=दमयन्ती की निर्दोषता में, स्मर=कामदेव, साक्षी=साक्षी है, य=जिस कामदेव ने, ताम्=उसे, उन्माद्य=उन्मत्त कर, तत् अवीवदत्=वे बातें बतला दी।

अनुवाद—ऐसा कहने वाली उसने जो लज्जा का परित्याग किया, वह अनौचित्य मने ही हमारे चित्त में प्रकाशित हो, किन्तु दमयन्ती की निर्दोषता में कामदेव साक्षी है, जिसने उसे उन्मत्त कर वे बातें बतला दी।

भावार्थ—नल के विषय में अपनी आसक्ति को बतलाने में दमयन्ती ने लज्जा छोड़ दी, ऐसा करना हमारे मन में भले ही अनुचित लगे, क्योंकि विवाह

अनुवाद—प्रथम महादेव काम से स्पर्द्धा के कारण उन्मत्त पुष्प (धतूरे के फूल) को और दूसरा कामदेव विरह की मानसिक व्यथा से दुःखी उन्मत्त को पाकर (इस प्रकार) दोनों ही असीम आनन्द को धारण करते हैं।

भावार्थ—कामदेव दमयन्ती से क्यों उन्मादी चेष्टा कराता है, इसका कारण कवि ने यहाँ बतलाया है कि कामदेव उन्मत्त को पाकर आनन्दित होता है। महादेव भी चूँकि कामदेव से स्पर्द्धा करता है, अतः वह भी उन्मत्त पुष्प (धतूरे के फूल) को पाकर आनन्दित होता है।

जीवातुसंस्कृतटीका—कामो वा किमर्थमेव कारयतीत्याशङ्क्य तस्यायं निसर्गो यदुन्मत्तेन प्रीतिरिति समष्टान्तमाह—उन्मत्तमिति। हर स्मरश्च द्वावपि उन्मत्तमासाद्य असीमां दुःखा मुदमूहेन दधतु। वहे स्वरितत्वादात्मनेपदम्। किन्तु तत्र निर्देशक्रमात् पूर्वो हरः स्मरस्पर्द्धिनया स्मरद्वेषितया प्रसून धुत्तूरकुसुम तस्यायुधत्वेति भावः। अपरस्तु द्वितीय स्मरस्तु विरहाधिदून विरहव्यथातुरस्थ मुन्मादावस्थापन्नमित्यर्थः। अत्र दीपकालङ्कारः। 'उन्मत्त उन्मादवति धुत्तूरमुचुकुन्दयोरिति विश्व। उभयोरभेदाध्यवसायात् समानधर्मत्वविशेषणबलात् श्लेषा प्रकृताप्रकृत गोचरत्वाच्च उभयश्लेष तत हरवत् स्मरोऽपि उन्मत्तप्रिय इति उपमा गम्यते।

समासविग्रहादि—स्मर स्पर्द्धते तच्छील स्मरस्पर्द्धी स्मरस्पर्द्धिनो भाव स्मरस्पर्द्धिता तया स्मरस्पर्द्धितया। विरहेण आधि, तेन दून तम् विरहाऽऽधिदूनम्। अविद्यमाना सीमा यस्या सा असीमा ताम् असीमाम्।

व्याकरण—हर = हृ + अच्। आसाद्य— आङ् + सद् + णिच् + क्त्वा (ल्यप्), उद्वहेते = उद् + वह + लट् + आताम।

विशेष—यहाँ उन्मत्त शब्द में श्लेष है। हर के समान कामदेव भी उन्मत्त प्रिय है, इस प्रकार यहाँ उपमा गमित होती है।

पूर्वाभास—दमयन्ती को नल के प्रति आसक्त देखकर हंस बोला।

**तया ऽभिधात्रीमथ राजपुत्री निर्णीय ता नैषधबद्धरागाम्।**
**अमोचि चञ्चूपुटमौनमुद्रा विहायसा तेन विहस्य भूप ॥६६॥**

अन्वय—अथ तया अभिधात्री ता राजपुत्री नैषधबद्ध रागा निर्णीय तेन विहायसा विहस्य भूप चञ्चूपुटमौनमुद्रा अमोचि।

शब्दार्थ—अथ=अनन्तर, तथा=उस प्रकार, अभिधात्री=कहने वाली, ता राजपुत्रीम् =उस राजपुत्री को, नैषधबद्धरागा=नल के प्रति अनुराग में बद्ध, निर्णीय=निर्णय कर, तेन=उस, विहायसा=पक्षी ने, विहस्य=हँसकर, चञ्चुपुटमौनमुद्रा=चोंच की मौन मुद्रा, अमोचि=खोल दी।

अनुवाद—अनन्तर उस प्रकार कहने वाली उस राजपुत्री को नल के प्रति आसक्ति से युक्त निश्चित कर उस पक्षी ने हँसकर चोंच की मौन मुद्रा खोल दी।

भावार्थ—जब हंस ने अच्छी तरह जान लिया कि दमयन्ती नल के प्रति आसक्त है तब वह बोला।

जीवातुसंस्कृतटीका—तथेति। तथा अभिधात्री ता राजपुत्री भैमी निषधे नले बद्धरागा निर्णीय तेन विहायसा विहगेन विहस्य नृप चञ्चुपुटस्य मौन-मुद्रा निवचनत्वममोचि अवादीदित्यर्थ।

समासविग्रहादि—अभिदधातीति अभिधात्री ताम् अभिधात्रीम्। नैषधे बद्धरागा ता नैषधबद्धरागा। चञ्च्वो पुटम मौनस्य मुद्रा मौनमुद्रा, चञ्च्वो पुटस्य मौनमुद्रा चञ्चुपुटमौनमुद्रा।

व्याकरण—अभिधात्रीम् =अभि+धा=तृ+ङीप्। अमोचि=मुच्+लुङ् (कर्मवाच्य)। निर्णीय=निर्+णीञ्+क्त्वा[ल्यप्]।

विशेष—यहाँ विहायसा और विहस्य में छेकानुप्रास है।

पूर्वाभास—हंस दमयन्ती से कहता है कि कामदेव ने ही तुम दोनों के मिलन की योजना बनाई है।

**इद यदि क्ष्मापति पुत्रि! तत्त्व पश्यामि तन्न स्वविधेयमस्मिन्।**
**त्वामुच्चकैस्तापयता नल च पञ्चेषुणैवार्जनि योजनेयम् ॥१००॥**

अन्वय—हे क्ष्मापति पुत्रि! इद तत्त्व यदि, तत् अस्मिन् स्वविधेय न पश्यामि त्वा नृप च उच्चकै तापयता पञ्चेषुणा एव इयम् योजना अर्जनि।

शब्दार्थ—हे क्ष्मापति पुत्रि!=हे राजपुत्री, इद तत्त्व यदि=यदि यह वास्तविकता है, तत्=तो, अस्मिन्=इसमें, स्वविधेय=अपने करने योग्य कार्य, न पश्यामि=नहीं देखता हूँ। त्वा=तुम्हें तुम च=और राजा नल को, उच्चकै=अत्यधिक रूप से, तापयता=सन्तप्त करने वाले, पञ्चेषुणा=कामदेव ने इयम्=यह, योजना=योजना, अर्जनि=उत्पादित की।

अनुवाद—हे राजपुत्री ! यदि यह वास्तविकता है तो इसमें अपने करने योग्य [कुछ भी] कार्य नहीं देखता हूँ। तुम्हें और राजा नल को अत्यधिक रूप में सन्तप्त करने वाले कामदेव ने यह योजना बनाई।

भावार्थ—हंस दमयन्ती से कहता है कि तुमने नल के प्रति अपनी जो आसक्ति दर्शायी, यदि वह वास्तविकता है तो इसमें मेरा करने योग्य कार्य कुछ भी शेष नहीं रहता है, क्योंकि कामदेव ही आप दोनों का मिलन चाहता है। इसी कारण वह दोनों को सन्तप्त कर रहा है।

जीवातु संस्कृत टीका—इदमिति। हे क्ष्मापति पुत्रि। इदं त्वदुक्तं तत्त्वं यदि सत्यं तर्हि अस्मिन् विषये स्वविधेयं मत्कृत्यं न पश्यामि, किन्तु त्वां नृपं च उच्चकैरत्यन्तं तापयता पञ्चेषुणैव इयं योजना युवयोः सङ्घटना अजनि जाता। जनेः कर्माणि 'चिणोलुक्' ॥

समासविग्रहादि—क्ष्मायाः पतिः क्ष्मापतिः तस्य पुत्री तत्सम्बुद्धौ इति क्ष्मापतिपुत्रि ! । स्वस्य विधेयं तत् स्वविधेयं, पञ्च इषवो यस्य स पञ्चेषुः तेन पञ्चेषुणा।

व्याकरण—उच्चकैः = उच्चैस् + अकच्। तापयता = तप् + णिच् + लट् [शतृ] + टा। अजनि = जन् + लट् + च्लि [चिण्] + त।

विशेष—अरविन्द, अशोक, आम्र, नवमालिका और नीलकमल ये पाँच प्रकार के पुष्प काम के पाँच बाण हैं।

इस पद्य में 'योजना अजनि' में योजना रूप कार्य अतीत में हो रहा है और 'तापयता' वर्तमान कालिक कारण बाद में हो रहा है' अतः कार्य-कारण-पौर्वापर्य-विपर्यय रूपा अतिशयोक्ति है।

**त्वद्बद्धबुद्धेर्बहिरिन्द्रियाणां तस्योपवासव्रतिनां तपोभिः।**
**त्वामद्य लब्ध्वाऽमृततृप्तिभाजां स्वं देवभूयं चरितार्थमस्तु ॥१०१॥**

अन्वय—(हे भैमि !) त्वद्बद्धबुद्धेः तस्य उपवासव्रतिनां तपोभिः अद्य त्वां लब्ध्वा अमृततृप्तिभाजां बहिरिन्द्रियाणां स्वं देवभूयं चरितार्थम् अस्तु।

शब्दार्थ—(हे भैमि = हे दमयन्ती), त्वद्बद्धबुद्धेः = तुम पर ही बुद्धि लगाए हुए, तस्य = नल की, उपवासव्रतिनां = उपवास रूप व्रत करने वाले, तपोभिः = तप द्वारा, अद्य = आज' त्वां लब्ध्वा = तुम्हें प्राप्त कर, अमृततृप्ति-भाजां = अमृत में तृप्ति प्राप्त करने वाली, बहिरिन्द्रियाणां = बाह्य इन्द्रियों का, स्वं देवभूयं = अपना देवत्व, चरितार्थम् = चरितार्थ, अस्तु = हो जाय।

अनुवाद—तुम पर ही बुद्धि लगाए हुए नल की उपवास रूप व्रत करने वाली, तप द्वारा आज तुम्हें प्राप्त कर अमृत से तृप्ति प्राप्त करने वाली बाह्य इन्द्रियों का अपना देवत्व चरितार्थ हो जाय।

भावार्थ—यहाँ इन्द्रियों को देवस्वरूप माना गया है। जिस प्रकार देवों का देवत्व अमृत पान कर सफल होता है, उसी प्रकार नल की इन्द्रियाँ जो कि नल का मन दमयन्ती के प्रति लगने के कारण उपवास रूप व्रत को धारण कर रही थीं, तप के द्वारा दमयन्ती रूपी अमृत को प्राप्त कर आज सफल हो जाँय।

जीवातु संस्कृत टीका—त्वदिति। किन्तु त्वद्बद्धबुद्धेः त्वदायत्तचित्तस्य त्वामेव ध्यायत इत्यर्थः। अतएव तदधीनत्वान्मनसा त्वदासङ्गादिविषयान्तरव्यावृत्तानां तपोभिरुपवासव्रतरूपैस्त्वां लब्ध्वा ... निश्चित्य साक्षात्कृत्येति ... अतएव अमृतेन या तृप्तिस्तद्भाजां बहिरिन्द्रियाणां ... देवभावः ... इन्द्रियस्य सुरत्वश्च, देव सुरे ... इन्द्रियमिति विश्वः। चरितार्थं सफलमस्तु। अमृतपानैकफलत्वाद्देवत्वस्येति भावः। ... अप्रस्तुतप्रतीतेः समासोक्तिरलङ्कारः।

समासविग्रहादि—बद्धा बुद्धिर्येन स बद्धबुद्धिः, त्वयि बद्धबुद्धिः तस्य त्वद्बद्धबुद्धेः। उपवासव्रतिनां तपसा उपवासव्रतिनाम्। अमृतेन तृप्तिः, तां भजन्तीति अमृततृप्तिभाञ्जि तेषाम् अमृततृप्तिभाजाम्। बहिः स्थितानि इन्द्रियाणि तेषां बहिरिन्द्रियाणाम्। चरितः अर्थः यस्य तत् चरितार्थम्।

व्याकरण—अमृततृप्तिभाजाम्=अमृततृप्ति+भज्+ण्वि+आम्। लब्ध्वा—लभ्+क्त्वा। भूय=भू+क्यप्। अस्तु=अस्+लोट्+तिप्।

विशेष—श्रुतियों के अनुसार नेत्र सूर्य रूप है और मन चन्द्रमा का रूप ... तथा जिह्वा वरुण देवता का रूप है। इस प्रकार राजा नल भी लोकपाल कोटि ... और उनकी चक्षुरादि इन्द्रियाँ देवतास्वरूप ...

यहाँ इन्द्रियों में चेतन जैसा व्यवहार होने से समासोक्ति है।

समासोक्ति का लक्षण है—

> यत्रोक्ते गम्यतेऽन्योऽर्थस्तत्समानविशेषणः।
> सा समासोक्तिरुदिता संक्षेपार्थतया बुधैः ॥अग्निपुराण॥

अर्थात् जहाँ कथित वस्तु से, उसी के समान विशेषणों वाला अन्य अर्थ अभिव्यक्त होता है, वहाँ संक्षिप्त अर्थ वाला होने के कारण यह विद्वानों के द्वारा समासोक्ति कहा गया है।

पूर्वाभास—नल को कामज्वर हो गया है—

**तुल्यावयोर्मूर्तिरभून्मदीया दग्धा परं सास्य न ताप्यतेऽपि ।**
**इत्यभ्यसूयन्निव देहतापं तस्याऽतनुस्त्वद्विरहाद्विधत्ते ॥१०२॥**

अन्वय—आवयो मूर्ति तुल्या अभूत्, मदीया दग्धा, परम् अस्य सा ताप्यते अपि न, इति अभ्यसूयन् इव अतनु त्वद् विरहात् तस्य देह–तापम् विधत्ते ।

शब्दार्थ—आवयो=हम दोनो का, मूर्ति=शरीर, तुल्या=समान अभूत्=था, मदीया=मेरा, दग्धा=जल गया, परम्=परन्तु, अस्य सा=उसका शरीर, ताप्यते अपि न=तपाया भी नही जा रहा है, इति=इस प्रकार, अभ्यसूयन् इव=ईर्ष्या करता हुआ जैसा, अतनु=कामदेव, त्वद्विरहात्=तुम्हारे विरह के कारण, तस्य=उसके, देहतापम् विधत्ते=शरीर को तप्त कर रहा है।

अनुवाद—हम दोनों का शरीर समान था, मेरा जल गया, परन्तु उसका शरीर तपाया भी नही जा रहा है, इस प्रकार ईर्ष्या करता हुआ जैसा कामदेव तुम्हारे विरह के कारण उसके शरीर को तप्त कर रहा है।

भावार्थ—कामदेव सोचता है कि मेरा नल का शरीर एक जैसा था। मेरा शरीर तो जल गया है, परन्तु नल का शरीर तपाया भी नही जा रहा है मानो इसी ईर्ष्या के कारण वह उसके शरीर को दमयन्ती के विरह रूपी अग्नि मे तपा रहा है।

जीवातु मवक्कृत टीका—यदुक्त नृप पञ्चेषुस्तापयतीति तदाहतुल्येति। आवयोर्नलस्य मम चेत्यथ । 'त्यदादीनि सर्वै नित्यमिति सर्वग्रहणादत्यदादिना नलेन सह त्यदाद्येकशेष । मूर्तिस्तनुस्तुल्या तुल्यरूपा अभूत्। तत्र मदीया मा मूर्ति। पर निशेष दग्धा भस्मीकृता, अस्य मूर्तिस्तत्तु ताप्यते तापमपि न प्राप्यते इति हेतोरभ्यसूयन् ईर्ष्यन्निवेत्युत्प्रेक्षा । अतनुरनङ्ग स्त्वद्विरहात्त्वद्विरहमेव र गमविध्ये–त्यथ । तस्य नलस्य देहताप विधत्ते । तस्मात्मद्विपदमुपतिष्ठते ते मनोरथ इति भाव ।

समासविग्रहादि—अविद्यमाना तनु यस्य स अतनु । तव विरह त्व–द्विरह तस्मात् त्वद्विरहात्। देहस्य ताप देहताप तम् देहताप ।

व्याकरण—तुल्या=तुला+यत्+टाप्। मदीया=अस्मद (मत) ' छ (ईय)+टाप् । दग्धा+दह्+क्त+टाप् । ताप्यते=तप+णिच+लट+यक् त । अभ्यसूयन्=अभि+असूङ्+यक्+शतृ+सु । विधत्ते=वि+धा+लट् +त ।

नु त्वया वा रचित मात्मचक्षुषो रागमारुण्यमनुरागञ्च धत्ते । अत्रोभयकारणसम्भवद्भुभयस्मिन्नपि रागे जाते श्लेषमहिम्नैव नाभिधाना कारणविशेष सन्देह ।

समासविग्रहादि—भित्ते विभूषण तत् भित्तिविभूषण । आदरेण निर्निमेषम् इति आदरनिर्निमेषम् । चक्षुषोजलानि ते चक्षुर्जले । आत्मन चक्षु, तस्य राग तम् आत्मचक्षूरागम् ।

व्याकरण—दृशा=दृश्+क्विप् (करण) +तृ । पिबन्=पा+लट् (शतृ)+सु । धत्ते=धा+लट्+त ।

विशेष—'राग' शब्द द्वयर्थक होने से यहा श्लेष अलङ्कार है । मल्लिनाथ के अनुसार यहाँ सन्देह अलङ्कार है, क्योंकि कहा गया है कि नल मे जो चक्षुराग हुआ है वह दमयन्ती के चित्र को निरन्तर देखने तथा तज्जन्य आँसुओ के प्रवाह से हुआ है अथवा दमयन्ती ने स्वय किया है ।

पूर्वाभास—नयन प्रीति और निर्निमेषता के कलह का वर्णन किया गया है—

**पातुर्दृशाऽऽलेख्यमयीं नृपस्य त्वामादरादस्तनिमीलयाऽस्ति ।**
**ममेदमित्यश्रुणि नेत्रवृत्ते प्रीतेर्निमेषच्छिदया विवाद ॥१०४॥**

अन्वय—अस्तनिमीलया दृशा आलेख्यमयी त्वाम् आदरात् पातु नृपस्य नेत्रवृत्ते प्रीते निमेषच्छिदया अश्रुणि विवाद अस्ति ।

शब्दार्थ—अस्तनिमीलया=निर्निमेष, दृशा=दृष्टि से, आलेख्यमयी=चित्रमयी, त्वाम्=तुम्हे, आदरात्=आदर से, पातु=पीने वाले (अर्थात् देखने वाले), नृपस्य=राजा के, नेत्रवृत्ते=नेत्रो मे रहने वाली, प्रीते=प्रीति का, निमेषच्छिदया=निर्निमेषता के साथ, अश्रुणि=आँसुओ के विषय मे, विवाद अस्ति=विवाद है ।

अनुवाद—निर्निमेष दृष्टि से चित्रमयी तुम्हे आदर से पीने वाले (देखने वाले) राजा के नेत्रो मे रहने वाली प्रीति का निर्निमेषता के साथ आँसुओ के विषय मे विवाद है ।

भावार्थ—राजा नल निर्निमेष दृष्टि मे चित्रलिखित दमयन्ती को देखकर आँसू बहाता है । 'यह अश्रुपात मैंने कराया है,' इस प्रकार राजा की नयन-प्रीति और निर्निमेषता के बीच विवाद होता रहता है ।

जीवातुसंस्कृतटीका—इममेवार्थं भङ्ग्यन्तरेणाह–पातुरिति । अन्त-निमीलया दृशा आलेख्यमयी चित्रगता त्वामादरात्पातुर्द्रष्टुरित्यर्थ पिबतेस्तृन् प्रत्यय । अतएव 'न लोके' त्यादिना षष्ठी प्रतिषेधात्त्वमिति द्वितीया । नृपस्य नेत्र वृत्ते प्रीतेश्चक्षु प्रीतेर्निमेषस्य च्छिद्दयाच्छेदेन सह नेत्रवृत्त्येति शेष । भिदादित्वादङ् प्रत्यय । अश्रुणि विषये इदमश्रु ममेति मत्कृतमेवेति विवाद कलह अस्ति भवती त्वयं ।

समासविग्रहादि—अस्तो निमीलो यस्या सा अस्तनिमीला, तया अस्त-निमीलया। नेत्रयो वृत्ति यस्या सा नेत्रवृत्ति, तस्या नेत्रवृत्ते । निमेषस्य छिदा, तया निमेषच्छिदया। विरुद्धो वाद विवाद ।

व्याकरण—पातु = पा + तृच् + ङस् । प्रीते = प्री + क्तिन् + ङस् । छिदा = छिद् + अङ् + टाप् ।

विशेष—इस पद्य मे नयन प्रीति और निर्निमेषता मे चेतनत्व का आरोप किया गया है, अत समासोक्ति अलङ्कार है।

पूर्वाभास—यहाँ काम की दूसरी अवस्था चित्तासक्ति का वर्णन किया गया है।

त्वं हृद्गता भैमि ! बहिर्गताऽपि प्राणायिता नासिकयास्यगत्या ।
न चित्रमाक्रामति[1] तत्र चित्रमेतन्मनो यद्भवदेकवृत्ति ॥१०५॥

अन्वय—हे भैमि ! त्वं बहिर्गता अपि हृद्गता । यथा गत्या अस्य प्राणायिता न असि । (यत प्राणोऽपि नासिकया आस्यगत्या बहिर्गतोऽपि हृद्गतो भवति) भवदेकवृत्ति एतन्मन यत् चित्रम् आक्रामति, तत्र न चित्रम् ।

शब्दार्थ—हे भैमि = हे दमयन्ती त्वं = तुम, बहिर्गता अपि = बाहर रहने पर भी, हृद्गता = हृदय के भीतर स्थित हो, यया गत्या = जिस प्रकार, अस्य = इस नल की, प्राणायिता = प्राणसमा, न असि = नही हो (यत = क्योंकि), प्राणोऽपि = प्राण भी, नासिकया = नाक के द्वारा, आस्यगत्या = मुख के द्वारा उच्छ्वास निश्वास के रूप मे, बहिर्गतोऽपि = बाहर रहने पर भी, हृद्गता = हृदय के भीतर स्थित, भवति = होता है), भवदेकवृत्ति = एक मात्र केवल तुम पर ही आसक्त हुआ, एतन्मन = यह मन, यत् = जो कि, चित्रम् = चित्र पर ही, आक्रामति = आक्रमण करता, तत्र = उसमे न चित्रम् = आश्चर्य नही है ।

1. नित

**अनुवाद**——हे दमयन्ती ! तुम बाहर रहने पर भी हृदय के भीतर स्थित हो। किस प्रकार इस नल की प्राणसमा नहीं हो ? (क्योंकि प्राण भी नाक के द्वारा, मुख के द्वारा—उच्छ्वास निःश्वास के रूप में बाहर रहने पर भी हृदय के भीतर स्थित होता है। एक मात्र केवल तुम पर ही आसक्त हुआ यह मन, जो कि चित्र पर ही आचरण करता है, उसमें आश्चर्य नहीं है।

**भावार्थ**—दमयन्ती शारीरिक रूप में बाहर विद्यमान होते हुए भी नल के अनुराग के कारण उसके हृदय में स्थित है। प्राण भी नाक और मुख मार्ग द्वारा बाहर चले जाने पर भी भीतर चले आते हैं। नल केवल दमयन्ती पर ही आसक्त है, वह उसके मन में केवल दमयन्ती का चित्र रहता है, इसमें आश्चर्य की बात नहीं है।

**जीवातुसंस्कृतटीका**——अथ मनःसङ्गमाह–त्वमिति। हे भैमि ! त्वं बहिर्गतापि हृद्गता अन्तर्गता, अपि विरोधे नेन चाभासाद्विरोधाभासोऽलङ्कारः। कया गत्या केन प्रकारेण अस्य नलस्य प्राणायिता प्राणवदाचरिता प्राणसमा 'उपमानादाचारे' कर्तुं क्यङ् प्रत्ययः। नासि अन्येवेत्यर्थः। तत्र प्राणोऽपि नासिकया नासाद्वारेण आस्यगत्या मुखद्वारेण उच्छ्वासनिश्वासरूपेण बहिर्गतोऽप्यन्तर्गतो भवतीति शब्दश्लेषः। अतएव प्राणायितेति श्लिष्टविशेषणमुपमा पूर्वोक्तविरोधेन सङ्कीर्णा, किन्तु तत्र प्राणायितत्वे चित्रमाश्चर्यं तत्र नितान्तागामिति न किञ्चिच्चित्रमित्यर्थः। कुतः यस्मादेतन्मनो नलचित्तं भवती त्वमेवैकावृत्तिर्जीविका यस्य तद् भवदेकवृत्ति, भवच्छब्दस्य सर्वनामत्वाद् वृत्तिमात्रे पुंवद्भावः। जीविनभूतस्य प्राणायितत्वे किं चित्रं, जीवितस्य प्राणधारणात्मकत्वादिति भावः।

**समासविग्रहादि**—आस्यस्य गतिः आस्यगतिः, तया आस्यगत्या। भवत्याः मन एव मनः। एका वृत्तिर्यस्मिस्तत् एकवृत्ति, भवत्याम् एकवृत्ति भवदेकवृत्ति।

**व्याकरण**—भैमी=भीम+अण्+ङीप्। प्राणायिता—प्राण+क्यङ्+क्त (कर्तरि)।

**विशेष**—यहाँ दमयन्ती पर नल के प्राणों की तुलना करने से उपमालङ्कार है यह दोषानुप्राणित है। बहिर्गतापि हृद्गता' में विरोध है। 'चित्र' 'चित्र' में यमक तथा 'गता' गता' में अनुप्रास अलङ्कार है।

**पूर्वाभास**—आगे दो पद्यों में काम की तीसरी अवस्था सङ्कल्प दशा का वर्णन किया गया है—

अजस्रमारोहसि दूरदीर्घां सङ्कल्पसोपानततिं तदीयाम्।
श्वासान् स वर्षत्यधिकं पुनर्यद्ध्यानात्तव त्वन्मयतामवाप्य ॥१०६॥

अन्वय—(त्वम्) दूरदीर्घम् तदीयाम् सङ्कल्पसोपानततिम् अजस्रम् आरोहसि, यत् पुनः स अधिकं श्वासान् वर्षति, तत् तव ध्यानात् त्वन्मयताम् आप्य (एव)।

शब्दार्थ—(त्वम्=तुम), दूरदीर्घाम्=अत्यन्त लम्बी, तदीयाम्=उस नल की सङ्कल्पसोपानततिं=सङ्कल्प रूपी सीढ़ियों की पंक्ति पर, अजस्रम्=निरन्तर आरोहसि=चढ़ती हो यत्पुनः स=जो कि वह अधिकं=अधिक, श्वासान्=साँसों को वर्षति=छोड़ता है, तत्=वह तव=तुम्हारे, ध्यानात्=ध्यान के कारण त्वन्मयताम्—तुम्हारे रूप को आप्य एव=प्राप्त करके ही, (मुञ्चति—छोड़ता है)।

अनुवाद—हे दमयन्ती ! तुम अत्यन्त लम्बी उस नल की सङ्कल्प रूपी सीढ़ियों की पंक्ति पर निरन्तर चढ़ती हो जो कि वह अधिक साँसों को छोड़ता है।

भावार्थ—सोपान पर दमयन्ती चढ़ती है किन्तु नल लम्बी लम्बी साँसों को छोड़ता है इसका कारण यही है कि नल दमयन्ती के रूप को प्राप्त हो गया है।

जीवातुसंस्कृतटीका—अथ द्वाभ्यां सङ्कल्पावस्थामाह—अजस्रमिति। दूरदीर्घामत्यन्तायतां तदीयां सङ्कल्पा मनोरथा एव सोपानानि तेषाम् ततिं पङ्क्तिम् अजस्रं त्वमारोहसि, श्वासान् पुनः स नलः अधिकं वर्षति मुञ्चतीति यत् तच्छ्वासवर्षं तव ध्यानात् त्वन्मयतां त्वदात्मत्वमाप्य प्राप्य, आरोहणादिति, समाधिस्थस्यादेन, अन्यथा कथमन्यारोहणादन्यस्य श्वासमोक्ष इति भावः। अत्र श्वाससोपानारोहणयोः कार्यकारणयोर्वैयधिकरण्यादसङ्गत्यलङ्कारः 'कार्यकारणयोर्भिन्नदेशतायामसङ्गतिः' इति लक्षणात् तन्मूला चेयं ताद्रूप्योत्प्रेक्षेति सङ्करः।

सम सविग्रहादि—दूरं दीर्घा ताम् दूरदीर्घाम्। तस्येयं ताम् तदीयां। सङ्कल्पा एव सोपानानि सङ्कल्पसोपानानि, सङ्कल्पसोपानानां ततिः, ताम् सङ्कल्पसोपानततिं। त्वमेव स्वरूपं यस्य सः त्वन्मयः, त्वन्मयस्य भावस्त्वन्मयता ताम् त्वन्मयताम्।

व्याकरण—तदीय=तत्+छ (ईय)। आप्य=आ+आप्+ल्यप्।

विशेष—इस पद्य में सङ्कल्प पर सोपान का आरोप होने से रूपक अलङ्कार है। सीढ़ियों पर तो दमयन्ती चढ़ रही है और नल थककर साँस छोड़ रहा है इस प्रकार यहाँ असङ्गति अलङ्कार है। इसका रूपक से सङ्कर है।

हृत्तस्य यन्मन्त्रयते रहस्त्वां ता व्यक्तमामन्त्रयते मुखं यत् ।
तद्वैरिपुष्पायुधमित्रचन्द्रसख्योचितो सा खलु तन्मुखस्य ॥१०७॥

अन्वय—तस्य हृद् यत् त्वा रहो मन्त्रयते, ता त्वा मुख व्यक्तम् आमन्त्रयते। सा तन्मुखस्य तद्वैरिपुष्पायुधमित्रचन्द्रमख्योचिती खलु ॥

शब्दार्थ—तस्य=मन का, हृद्=हृदय, यत् त्वा=जो तुमसे, रहो मन्त्रयते=एकान्त मे मन्त्रणा करता है ता=उस, त्वा=आपका, मुख=मुख, व्यक्तम्=स्पष्ट रूप से, आमन्त्रयते=उच्चारण करता है। सा=वह रहस्य प्रकाशन की क्रिया तन्मुखस्य=नल के मुख की, तद्वैरिपुष्पायुधमित्रचन्द्रसख्योचिती खलु=उस (नल) के वैरी कामदेव के मित्र चन्द्रमा के साथ मित्रता के लिए उचित ही है।

अनुवाद—नल का हृदय जो तुम से एकान्त मे मन्त्रणा करता है, उसे आपका मुख स्पष्ट रूप से उच्चारण करता है। वह रहस्य प्रकाशन की क्रिया नल के मुख की उस (नल) के वैरी कामदेव के मित्र चन्द्रमा के साथ मित्रता के लिए उचित ही है।

भावार्थ—नल का हृदय दमयन्ती से एकान्त मे जो मन्त्रणा करता है, उसे नल का मुख सबके सामने प्रकट कर देता है। इसका कारण यह है कि कामदेव नल का वैरी है। कामदेव की चन्द्रमा के साथ मित्रता है। चन्द्रमा के साथ नल के मुख की मित्रता है। अतः नल के मुख का चन्द्रमा के साथ मैत्री का निर्वाह करना उचित ही है।

जीवातुसंस्कृतटीका—हृदिति। तस्य नलस्य हृत् हृदय कर्तृ या रह उपांशु 'रहश्चोपांशु चालिङ्गे' इत्यमर। मन्त्रयते सम्भाषते ता त्वा तन्मुख कर्तृ व्यक्त प्रकाशमामन्त्रयते। हे प्रिय! क्व यासि? मामनुयाहि पश्य इत्येवमुच्चैरुच्चरतीति यत् सा तद्रहस्य प्रकाशन, विधेयप्राधान्यात् स्त्रीलिङ्गता। तन्मुखस्य तद्वैरिणो नलद्वेषिण पुष्पायुधस्य मित्र सखा यश्चन्द्र। तेन यत् सख्य मैत्री सादृश्यञ्च, तस्य औचिती औचित्य खलु। वैरिमित्रस्याप्यरित्वादुचितमेतद्रहस्यभेदनमित्यर्थ। अत्र मुखकर्तृकरहस्योद्भेदस्य तत्सख्यनिमित्तत्वमुत्प्रेक्षते॥

समासविग्रहादि—तद्वैरिपुष्पायुधमित्रसख्योचिती=तस्य वैरी तद्वैरी, पुष्पाणि आयुधानि यस्य स पुष्पायुध, तद्वैरी चाऽसौ पुष्पायुध, तस्य मित्र, तेन सख्यम्, तस्य औचिती इति तद्वैरिपुष्पायुधमित्रसख्योचिती।

व्याकरण—मन्नयते=मनि+लट् । औचिती=उचित+ष्यञ्+ङीप्, यकारलोप ।

विशेष—इस पद्य मे उत्प्रेक्षा अलङ्कार है ।

पूर्वाभास—यहा निद्राच्छेद और विषय निवृत्ति नामक दो कामदशाओं को बतलाया गया है—

**स्थितस्य रात्रावधिशय्य शय्यां मोहे मनस्तस्य निमज्जयन्ती ।**
**आलिङ्ग्य या चुम्बति लोचने सा निद्राऽधुना न त्वदृतेऽङ्गना वा**
**॥१०८॥**

अन्वय—रात्रौ शय्याम् अधिशय्य स्थितस्य तस्य मन मोहे निमज्जयन्ती या आलिङ्ग्य लोचने चुम्बति, सा निद्रा त्वद् ऋते अङ्गना वा अधुना न (अस्ति) ।

शब्दार्थ—रात्रौ=रात्रि मे, शय्याम्=शय्या पर, अधिशय्य स्थितस्य=लेटे हुए, तस्य=उस नल के, मन=मन को, मोहे=मोह मे, निमज्जयन्ती=निमग्न करती हुई, या=जो, आलिङ्ग्य=आलिङ्गन कर, लोचने=नेत्रों को, चुम्बति=चूमती है, सा=वह, निद्रा=नींद, त्वदृते=आपके सिवाय, अङ्गना वा=अथवा स्त्री, अधुना=इस समय, न अस्ति=नहीं है ।

अनुवाद—रात्रि में शय्या पर लेटे हुए उस नल के मन को मोह मे निमग्न करती हुई जो आलिङ्गन कर नेत्रों को चूमती है, वह नींद अथवा आपके सिवाय स्त्री इस समय नहीं है ।

भावार्थ—नल को दमयन्ती के वियोग मे नींद नहीं आती है, न वे अन्य स्त्री के साथ शयनादि करते है ।

जीवातु संस्कृत टीका—अथ एतेन जागरदशाविरुद्धमाह—स्थितस्येति । रात्रौ शय्यामधिशय्य शय्यायां शयित्वा 'अधिशीङ्स्थासां कर्म' इति अधिकरणस्य कर्मत्वम् । स्थितस्य तस्य मनो मोहे सुषुप्त्यवस्थायां निमज्जयन्ती या आलिङ्ग्य लोचने चुम्बति, सा निद्रा त्वदृते त्वत्तो विना 'अन्यारादितरर्ते' इत्यादिना पञ्चमी । त्वद्विरहादेतोस्तत्पदस्य योग [illegible] अङ्गना वा अधुना नास्ति, [illegible] अङ्गनान्तरविषय [illegible] निद्राङ्गनयो प्रस्तुत- योरेवालिङ्गनादि [illegible] चुम्बनादिसम [illegible] अलङ्कार । 'प्रस्तुतानामेव केवल तुल्यधर्मत । औपम्य गम्यते यत्र सा मता तुल्य- योगिता ।' इति लक्षणात् ।

व्याकरण—अधिशय्य=अधि+शीङ्+ क्त्वा (ल्यप्), निमज्ज-यन्ती=नि+मस्ज+णिच्+लट् (शतृ) +ङीप+सु। चुम्बति=चुबि+लट्+तिप्।

विशेष—इस पद्य मे प्रस्तुत निद्रा और अङ्गना का चुम्बन आदि धर्म के साथ सम्बन्ध होने से तुल्ययोगिता अलङ्कार है।

पूर्वाभास—नल की पाँचवी दशा-शारीरिक दुर्बलता का वर्णन किया गया है—

**स्मरेण निस्तक्ष्य वृथैव बाणैर्लावण्यशेषा कृशतामनायि।**
**अनङ्गतामप्ययमाप्यमान स्पर्धां न सार्धं विजहाति तेन ॥१०६॥**[1]

अन्वय—अयम् स्मरेण बाणैः निस्तक्ष्य वृथा एव लावण्य-शेषाम् कृशताम् अनायि, अनङ्गताम् आप्यमान अपि (अयम्) तेन सार्धं स्पर्धाम् न जहाति।

शब्दार्थ—अयम्=यह नल, स्मरेण=कामदेव के द्वारा, बाणैः=बाणों से निस्तक्ष्य=छीलकर, वृथा एव=व्यर्थ ही लावण्यशेषाम्=सौंदर्य जिसमे शेष रह गया है ऐसी कृशताम्=कृशता (दुर्बलता) को, अनायि=प्राप्त कराया गया है अनङ्गताम्=दुर्बल अङ्गों वाला आप्यमान अपि=बनाए जाने पर भी, अयम्=यह (नल), तेन सार्धं=कामदेव के साथ, स्पर्धाम्=स्पर्द्धा को, न विज- हाति=नही छोड रहा है।

अनुवाद—यह नल कामदेव के द्वारा बाणों से छीलकर व्यर्थ ही सौन्दर्य जिसमे शेष रह गया है ऐसी कृशता को प्राप्त कराया गया है। दुर्बल अङ्गों वाला बनाए जाने पर भी यह कामदेव के साथ स्पर्द्धा को नही छोड रहा है।

भावार्थ—कामदेव अपने बाणों का प्रहार कर निरन्तर नल के शरीर को दुर्बल बना रहा है। केवल उसके शरीर मे लावण्य शेष रह गया है। ऐसी स्थिति होने पर भी वह कामदेव के साथ स्पर्द्धा का नही छोड रहा है।

जीवातुसंस्कृतटीका—अथ कार्श्यदशामाह—स्मरेणेति। अय नल स्मरेण बाणैर्निस्तक्ष्य निशाय वृथैव लावण्य कान्तिविशेष, 'मुक्ताफलेषुच्छायायास्तरलत्वमिवान्तरा, प्रतिभाति यदङ्गेषु तल्लावण्यमिहोच्यते ॥' इति भूपाल। तदेव शेषो यस्या ता कृशता कार्श्यमनायि नीत। सद्यः द्विकर्मकत्वात्प्रधाने कर्मणि लुङ्

प्रधानकमप्याश्रपेये लाडीनात् द्विषमपामि' ति वचनात् । दृशान्व व्यनक्ति—अनङ्गता कृशाङ्गताम् अनुदरे' तिवदीषदर्थे नञ् समास, आप्यमानो आनीयमानो ऽपि अत्र पूर्ववत्प्रधाने शानच् तेन स्मरेण साद्धं स्पर्द्धा न विजहाति, तथापि त जिगीषत्येवेत्यर्थः । अङ्गाकार्श्येऽपि स्पर्द्धाबीजलावण्यस्याव्ययदिङ्गकरनि वृद्धेति भाव । अतएव विशेषोक्तिरलङ्कार, तत्सामग्रयामनुत्पत्तिर्विशेषोक्तिरलङ्कृति । इति लक्षणात् ।

समासविग्रहादि—लावण्यम् एव शेषो यस्या सा ताम्, लावण्यशेषा । अविद्यमान अङ्ग यस्य स अनङ्ग तस्य भाव तत्ता, ताम्, अनङ्गताम् ।

व्याकरण—निस्तक्ष्य=निस् + तक्ष + क्त्वा (ल्यप्) । कृशता=कृश + तल् + टाप् + अम् । आनीयि=नी + लुट्(कम मे) + त । अनङ्गताम्=अनङ्ग + तल् + टाप् + अम् । आप्यमान =आप् + लट् (कर्म मे) (शानच्) यक् + सु । विजहाति=वि + हा + लट् + तिप् ।

विशेष—शरीर दुबल होने रूप कारण से स्पर्द्धा छोडना रूप कार्य होना चाहिए किन्तु इस प्रकार के काय का यहाँ अभाव है, अत विशेषोक्ति अलङ्कार है।

पूर्वाभास —कवि काम की सातवीं दशा—लज्जा के नाश का वणन कर रहा है—

**त्वत्प्रापकात् त्रस्यति नैनसोऽपि त्वय्येव दास्येऽपिन लज्जते यत् ।**
**स्मरेण बाणैरतितक्ष्य तीक्ष्णैर्लूनः स्वभावो ऽपि कियान् किमस्य ॥**
**११० ॥**

अन्वय—एष त्वत्प्रापकात् एनस अपि यत् न त्रस्यति, त्वयि दास्ये अपि यत् न लज्जते । स्मरेण तीक्ष्णै बाणै अतितक्ष्य अस्य कियान् स्वभाव अपि लून किम् ?

शब्दार्थ —एष=यह (नल), त्वत्प्रापकात्=तुम्हें प्राप्त करने वाले, एनस अपि=पाप से भी, यत् न=जो नहीं, त्रस्यति=डरता है, त्वयि=तुम्हारे प्रति, दास्ये अपि=दास भाव धारण करने पर भी, यत्=जो, न लज्जते=लज्जित नहीं होता है, स्मरेण=कामदेव ने, तीक्ष्णै बाणै =तीक्ष्ण बाणों से, अतितक्ष्य=छीलकर, अस्य=इसका, कियान् स्वभाव =स्वरूप स्वभाव को, अपि=भी लून किम्=काट डाला है ?

अनुवाद—यह नल तुम्हें प्राप्त करने वाले पाप से भी जो नहीं डरता है तुम्हारे प्रति दास्यमात्र धारण करने पर भी जो लज्जित नहीं होता है, कामदेव ने तीक्ष्ण वाणों से छीलकर इसके स्वभाव को भी क्या स्वल्प छीला है ?

भावार्थ—नल की दमयन्ती के प्रति आसक्ति इतनी बढ़ गयी है कि वह बलात् उसका अपहरण करना चाहता है। दमयन्ती को पाने के लिए वह उसकी दासता भी करने को तैयार है। कवि कहता है कि जिस प्रकार कामदेव ने नल के शरीर को दुबल बना दिया, क्या उसी प्रकार स्वभाव भी दुर्बल बना दिया है ?

जीवातु सस्कृत टीका—अथ द्राभ्या लज्जात्यागमाह—त्वदित्यादि । स्मरेण तीक्ष्णैर्बाणैरनिलस्य शरीरमिति शेष । अस्य नलस्य स्वभावोऽपि पापभी—रुत्वनीचत्वरूपत्वतच्छैत्यमपि क्रियानल्पोऽपि लून किम्, इत्युत्प्रेक्षा, यद्यस्मात्त्व—त्प्रापकात् त्वत्प्राप्तिसाधनादेन स पापादपि न बिभेति, 'भीत्रार्थाना भयहेतुरि' ति अपादानत्वात् पञ्चमी त्वय्येव दास्ये ऽपि त्वदधिगतदास्यविषये न लज्जते ।

समासविग्रहादि—त्व प्रापक तस्मात्, त्वत्प्रापकात् ।

व्याकरण—प्रापक = प्र + आप् + वु(अक) । दास्यम् = दास + ष्यञ् ।

विशेष—किम् शब्द उत्प्रेक्षा का वाचक होने से इस पद्य मे उत्प्रेक्षा अलङ्कार है ।

पूर्वाभास—वैद्य भी नल के राग कारण रहने से लज्जा का अनुभव कर रहे थे ।

**स्मार ज्वरं घोरमपत्रपिष्णो सिद्धा ऽ गदङ्कारचये चिकित्सौ ।**
**निदानमौनादविशद्विशाला साङ्क्रामिकी तस्य रुजेव लज्जा ॥१११॥**

अन्वय—अपत्रपिष्णो तस्य विशाला लज्जा साङ्क्रामिकी रुजा इव घोरम् स्मारम् ज्वरम् चिकित्सौ सिद्धागदङ्कारचये निदानमौनात् अविशत् ।

शब्दार्थ—अपत्रपिष्णो = लज्जा शील, तस्य = उस नल की, विशाला लज्जा = विशाल लज्जा, साङ्क्रामिकी रुजा इव = सङ्क्रामक रोग के समान, घोरम् = घोर, स्मार ज्वरम् = काम ज्वर को, चिकित्सौ = चिकित्सा करने वाले, सिद्धागदङ्कारचये = समर्थ वैद्यसमूह मे, निदानमौनात् = रोग का कारण न कहने से, अविशत् = प्रविष्ट हुई ।

**अनुवाद**—लज्जा शील उस नल की विशाल लज्जा संक्रामक रोग के समान घोर कामज्वर की चिकित्सा करने वाले समर्थ वैद्य समूह में रोग का कारण न कहने से प्रविष्ट हुई।

**भावार्थ**—जिस प्रकार संक्रामक रोग एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में प्रविष्ट हो जाता है, उसी प्रकार नल की लज्जा भी उसके कामज्वर की चिकित्सा करने वाले वैद्यसमूह में प्रविष्ट हुई, क्योंकि वे नल के रोग का लज्जा के कारण कथन नहीं कर पा रहे थे।

**जीवातुसंस्कृतटीका**—स्मारमिति। घोर दारुण स्मार ज्वर काम-सन्ताप चिकित्सो प्रतिकर्त रि कितनिवाम इति धातो गुप्तिज्किद्भ्य सन्निति निन्दाक्षमाव्याधिप्रतीकारेषु इष्यत' इति रोगप्रतीकार सन प्रत्यय, सनाद्यन्ताधिश उ,' 'नलोकेत्यादिना षष्ठीप्रतिषेध। सिद्धागदङ्कारचय सिद्धवैद्यसंघे कमण्यपि 'कारे सत्यागदस्ये' ति मुमागम। निदानमौनाद्रोगनिदानानभिधानाद्धेतो संक्रमविष्णो लज्जाशीलस्य 'अलङ्कृञ्जि' त्या दिना इष्णु च। तस्य नलस्य विशाला महती लज्जा संक्रमादागता सांक्रामिकी रुजेव 'अतिरोगो ह्यपस्मार क्षय कुष्ठो मसूरिका। दर्शनात् स्पर्शनाद्दानात् संक्रमति नरान्नरम्॥ इति उक्ताश्च्यादिरोगा इवेत्यर्थ, मिशादित्वादटूप्रत्यय अविशत्।

**समासविग्रहादि**—अगद कुर्वन्तीति अगदङ्कारा सिद्धाश्च ते अगद-ङ्कारा, तेषां चय, तस्मिन्, सिद्धागदङ्कारचये। अपत्रपते तच्छील अपत्रपिष्णु तस्य अपत्रपिष्णो।

**व्याकरण**—स्मार = स्मर + अण = अम्। अपत्रपिष्णु = अप + त्रप + इष्णुच्। रुजा = रुज् + क्विप् = टाप्। चिकित्सो – कित + सन + उ सप्तमी। अगदङ्कार = अगद + कृ + अण् (मुम् का आगम)।

**विशेष**—इस पद्य में उपमा अलङ्कार है, क्योंकि नल व वैद्यों में संक्रमित हुई लज्जा की उपमा संक्रामक रोग से दी गई है।

**पूर्वाभास**—अब कवि नल की आठवीं कामदशा उन्मादावस्था का वर्णन करता है—

**बिभेति रुष्टाऽसि किलेत्यकस्मात्स त्वां किलोपेत्य हसत्यशङ्के।**
**यान्तीमिव त्वामनुयात्यहेतोरुक्तस्त्वयेव प्रतिवक्ति मोघम्॥११२॥**

अन्वय—स (हे भैमि) त्व रुष्टा असि किल इति अकस्मात् बिभेति। त्वाम् आप किल इति अकाण्डे हसति, यान्तीम् इव त्वाम् अनु अहेतो याति, त्वया उक्त इव मोघम् प्रतिवक्ति।

शब्दार्थ—स=वह नल, (हे भैमि=हे दमयन्ती!), त्व=तुम, रुष्टा असि किल=रुष्ट हो, इति=ऐसा मानकर अकस्मात्=यकायक, बिभेति=डर जाता है, त्वाम्=तुम्हें, आप किल=प्राप्त कर लिया है, इति=ऐसा मानकर, अकाण्डे=असमय में ही, हसति=हसता है, यान्तीम इव=तुम जा रही हो, इस तरह, त्वाम् अनु=तुम्हारे पीछे। अहेतो =बिना कारण, याति=जाता है, त्वया=तुमने, उक्त इव=कहा हो इस प्रकार, मोघम्=वृथा ही, प्रतिवक्ति= प्रत्युत्तर देता है।

अनुवाद—हे दमयन्ती! वह नल तुम रुष्ट हो, ऐसा मानकर यकायक डर जाता है, तुम्हे प्राप्त कर लिया है, ऐसा मानकर असमय मे ही हसता है, तुम जा रही हो, इस तरह तुम्हारे पीछे पीछे बिना कारण जाता है। तुमने कहा हो, इस प्रकार वृथा ही प्रत्युत्तर देता है।

भावार्थ—दमयन्ती के प्रति आसक्ति के कारण नल की उन्मत्त जैसी स्थिति हो रही है। दमयन्ती रुष्ट हो गयी है, ऐसा मानकर वह अकस्मात् डर जाता है। दमयन्ती उसे प्राप्त हो गयी है, ऐसा मानकर असमय में ही हँसता है। दमयन्ती जा रही है, इस प्रकार उसके पीछे पीछे जाता है। दमयन्ती ने कुछ बोला हो, ऐसा मानकर व्यर्थ ही उत्तर देता है।

जीवातु संस्कृत टीका—अथ उन्मादावस्थामाह-बिभेतीति। स नल अकस्मादकाण्डे रुष्टा कुपितासीति बिभेति अकाण्डे अनवसरे उपेत्य किल प्राप्येय हसति, अहेतोरकस्माद्यान्ती गच्छन्ती किल त्वामनुयाति, त्वया उक्त इव मोघ निर्विषय प्रतिवक्ति। सर्वो ऽप्यय मुन्मादानुभाव। उन्मादश्चित्तविभ्रम॥

समासविग्रहादि—न काण्ड अकाण्ड, तस्मिन्, अकाण्डे। न हेतु अहेतु तस्मात् अहेतो।

व्याकरण—रुष्टा=रुष्+क्त+टाप्+सु। बिभेति=भी+लट्+तिप्। उपेत्य=उप+आङ्+इण्+क्त्वा (ल्यप्)। हसति=हस्+लट्+तिप्। यान्ती=या+लट् (शतृ)+ङीप्+अम्। प्रतिवक्ति=प्रति+वच्+तिप्।

विशेष—इस पद्य मे उत्प्रेक्षा अलङ्कार है।

पूर्वाभास—यहाँ काम की नवमी अवस्था का वर्णन किया गया है—

भवद्वियोगाद् भिदुरार्तिधारायमस्वसुर्मज्जति निःशरण्यः ।
मूर्च्छामयद्वीपमहाऽऽन्ध्यपङ्के हा! हा! महीभृद्भटकुञ्जरोऽयम्
॥११३॥

अन्वय—भवद्वियोगात् भिदुरार्तिधारायमस्वसु मूर्च्छामय द्वीपमहाऽऽन्ध्यपङ्के अय महीभृद्भटकुञ्जर निःशरण्य (सन्) मज्जति। हा! हा!

शब्दार्थ—भवद्वियोगात्=आपके वियोग से, भिदुरार्तिधारायमस्वसु=अविच्छिन्न दुःखधारा रूप यमुना के, मूर्च्छामयद्वीपमहाऽऽन्ध्यपङ्के=मूर्च्छा रूप द्वीप के महामोह रूप कीचड मे, अय=यह, महीभृद्भटकुञ्जर=राजवीर रूपी हाथी, निःशरण्यः सन्=निःसहाय होकर, मज्जति=डूब रहा है, हा! हा!=बड़े खेद की बात है।

अनुवाद—आपके वियोग के कारण अविच्छिन्न दुःखधारा रूप यमुना के मूर्च्छा रूप द्वीप मे महामोह रूप कीचड मे यह राजवीर रूपी हाथी निःसहाय होकर डूब रहा है, बड़े खेद की बात है।

भावार्थ—जिस प्रकार यमुना के कीचड मे फंसा हुआ, बिना महावत का हाथी दुःखी होता है, उसी तरह राजा नल दमयन्ती के विरह मे होने वाली दुःखधारा के कारण मूर्च्छाजनित महामोह मे डूब रहे हैं, यह बड़े खेद की बात है।

जीवातु संस्कृत टीका—अथ मूर्च्छावस्थामाह—भवदिति । भवत्या वियोगो भवद्वियोग 'सर्वनाम्नो वृत्तिमात्रे पुंवद्भाव'। तस्मिन्नच्छिदुरा अविच्छिन्ना विदिभिदिच्छिदे, कुरच्' । आर्तिधारा दुःखपरम्परा तस्या एव यमस्वसुर्यमुनाया मूर्च्छामय मूर्च्छावस्था रूप यद् द्वीप तत्र यन्महाऽऽन्ध्य महामोहस्तस्मिन्नेव पङ्के मही मृद्भटो राजवीर स एव कुञ्जर निःशरण्यो निरालम्ब सन् मज्जति हा हेति खेदे। रूपकालङ्कार । आर्तिधारायास्तमोविकारत्वेन रूपसाम्याद्यमुना रूपणम्।

समासविग्रहादि—भवत्या वियोग, तस्मात् भवद्वियोग। भिदुरार्तिधारा एव यमस्वसा, तस्या, भिदुरार्तिधारायमस्वसु। मूर्च्छामयद्वीपे महाऽऽन्ध्य, तदेव पङ्क तस्मिन्, मूर्च्छामय द्वीपमहाऽऽन्ध्यपङ्के। महीं बिभर्तीति महीभृत्, तस्या भटो भट स एव कुञ्जर इति महीभृद्भटकुञ्जर। निर्गत शरण्यो यस्मात् स निःशरण्य।

व्याकरण—शरण्य—शरण—यत्।

विशेष ---इस पद्य मे रूपक अलङ्कार है।

पूर्वाभास---नल की कामजन्य दसवी दशा का निषेध किया गया है।

**सव्यापसव्यव्यसनाद् द्विरुक्तै पञ्चेषुबाणै. पृथगर्जितासु ।**
**दशासु शेषा खलु तद्दशा या तया नभ पुष्यतु कोरकेण ॥११४॥**

अन्वय—सव्यापसव्यव्यसनात् द्विरुक्तै पञ्चेषुबाणै पृथक् अर्जितासु दशासु शेषा या तद्दशा तया कोरकेण नभ खलु पुष्यतु।

शब्दार्थ—सव्यापसव्यव्यसनात्=बायें और दायें-दोनो हाथो द्वारा छोडने से द्विरुक्तै पञ्चेषु बाणै=काम के दुगने अर्थात् दस बाणो की, पृथक् अर्जितासु=पृथक पृथक उत्पन्न की हुई, दशासु=दशाओ मे, शेषा=शेष बची, या=जो तद्दशा=उसकी दशा (मरण अवस्था), तया=उसके रूप वाली, कोरकेण=कली से नभ खलु=आकाश पुष्यतु=खिल जाय।

